लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 70, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

हल्द्वानी, रविवार, 28 अप्रैल 2024



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मौलिक चिंतन का ह्रास करती छाया शिक्षा प्रणाली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम**

41.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 33 | सूर्यास्त 18 : 39



अक्षय की फिल्म खेल खेल में 6 सितंबर को होगी रिलीज...14

पढ़ते रहिये... अमृत विचार फेस्टिवल ऑफर ₹5/- प्रतिदिन

## एक नजर

### सलमान के घर के बाहर गोलीबारी मामले में मकोका के तहत मुकदमा दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 14 अप्रैल को बांद्रा स्थित अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना को लेकर शनिवार को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। शूटर विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) के अलावा सोनू कुमार चंदर बिश्नोई (37) और अनुज थापन (32) के साथ-साथ गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल बिश्नोई पर भी मकोका लगाया गया है।

### मुंबई में अस्पताल में लगी आग, चार झुलसे

**मुंबई।** कांदिवली पश्चिम में स्थित विन्स अस्पताल में शनिवार दोपहर आग लग गई जिसमें चार लोग झुलस गये। अग्निशमन अधिकारी अधिकारी ने बताया कि आग हॉस्पिटल के पिछले हिस्से में दोपहर 1:50 बजे लगी और दोपहर 2:05 बजे तक इस पर काबू पा लिया गया। आग सेंट्रलाइज एसी के तारों, कंप्रेसर और अन्य हिस्सों तक सीमित रही। हताहतों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत

**बिजनौर।** क्षेत्र के गांव सत्तार वाला के पास शनिवार सुबह वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। इससे गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझा कर जाम खुलवाया। बढ़ापुर के मोहल्ला नौमीवाला निवासी गौरव (19) पुत्र अमर सिंह, प्रिंस (18) पुत्र महेन्द्र सिंह और वंश (19) पुत्र नरपाल सिंह गांव नेकपुर में शादी में शामिल होकर लौट रहे थे। शनिवार सुबह 4:30 बजे जब बाइक पर सवार होकर तीनों नगीना क्षेत्र के गांव सत्तार वाला के पास पहुंचे तो यहां वाहन (छोटा हाथी) से टक्कर हो गई। इस कारण गौरव और प्रिंस की मौके पर मौत हो गई।

## सैफनी के इमाम की अजमेर की मस्जिद में पीटकर हत्या

संवाददाता, सैफनी (रामपुर)



- सात वर्ष से मोहम्मदी मस्जिद में इमामत कर रहा था

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी कारी मोहम्मद माहिर की अजमेर की एक मस्जिद में अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। पिता ने बताया कि माहिर दो दिन पहले ही अजमेर गया था।

सैफनी थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी 25 वर्षीय कारी मोहम्मद माहिर पुत्र असलम करीब सात वर्ष से अजमेर के कंचन नगर की मोहम्मदी मस्जिद में रहकर इमामत करते थे। इसके साथ ही वह बच्चों को भी पढ़ाते थे। पिता असलम ने बताया कि शनिवार तड़के तीन बजे अजमेर से फोन आया कि उनके पुत्र माहिर की अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी है। बताया कि इमाम छात्रों के साथ अपने कमरे में सोए थे। रात को बदमाश लाठी-डंडे लेकर अंदर घुस गए और साथ में सो रहे बच्चों को डरा-धमका कर कमरे से बाहर निकाल दिया और उनपर हमला कर दिया।

## लैंडिंग गियर में खराबी, दिल्ली वापस लौटा विमान

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद जा रहा इंडिगो का एक विमान शनिवार दोपहर को लैंडिंग गियर में खराबी पाए जाने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर लौट आया। उड़ान संख्या 6ई 129 का विमान में लगभग 170 लोग सवार थे।

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि विमान का जरूरी निरीक्षण किया जा रहा है, और यात्रियों को एक वैकल्पिक विमान उपलब्ध कराया जा रहा है। उड़ान भरने के बाद अचानक गियर में खराबी आने से विमान को लौटना पड़ा और उड़ान के लिए आपातकाल घोषित कर दिया गया था।

## ईडी ने तस्कर बनमीत के भाई को किया गिरफ्तार

### मनी ट्रेल मामले में टीम ने परविंदर से 24 घंटे तक की पूछताछ और दस्तावेज खंगाले

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- ड्रग्स की काली कमाई के मामले में अमेरिकी जेल में बंद है वनमीत

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने 24 घंटे चली पूछताछ और दस्तावेजों की जांच के बाद अमेरिकी जेल में बंद तस्कर बनमीत सिंह नरूला के भाई परविंदर सिंह नरूला को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी की टीम ने बीते शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे बनमीत के हल्द्वानी स्थित आवास में अचानक छापा मारा था।

ईडी की टीम हल्द्वानी में अमेरिका और भारत के बीच मनी ट्रेल का लिंक खंगालने आई थी। माना जा रहा है कि बनमीत ने अमेरिका में ड्रग्स की काली कमाई को भारत में अपने भाई के जरिये खपाया है।

पुलिस के अनुसार, बनमीत के गुरुतेग बहादुर गली तिकोनिया हल्द्वानी स्थित आवास में बनमीत के पिता, उसकी पत्नी, बच्चे और भाई परविंदर रहता है। बनमीत और परविंदर ने मिलकर रुद्रपुर में एक फार्मा फैक्ट्री खोली। फैक्ट्री बंद हुई तो बनमीत अमेरिका चला गया। वर्ष 2012 से 2017 के बीच उसने नशीली दवाओं की तस्करी की। अप्रैल 2019 में बनमीत को लंदन में गिरफ्तार किया गया। वर्ष 2023 में लंदन ने उसे अमेरिका के सुपुर्द कर दिया। अमेरिकी अदालत से उसे 5 साल की सजा हुई और वह मनी लॉड्रिंग में लिप्त पाया। इस जुर्म को बनमीत ने भी स्वीकार किया जिसके बाद इंटरपोल भी मामले की गोपनीय जांच में जुट गई। भारत में मनी लॉड्रिंग के लिंक मिले तो प्रवर्तन निदेशालय को खोजबीन में लगा दिया गया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की देहरादून से आई टीम ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्कर बनमीत सिंह के हल्द्वानी स्थित आवास और रुद्रपुर स्थित फार्मा फैक्ट्री पर एक साथ छापेमारी की थी। टीम सुबह करीब 6 बजे बनमीत के तिकोनिया स्थित घर पहुंची तो परिवार सो रहा था। शनिवार सुबह तक टीम परिवार के एक-एक व्यक्ति से पूछताछ करती रही और दस्तावेज खंगालती रही। इस दौरान न तो किसी को घर से बाहर जाने दिया गया और न ही अंदर आने दिया गया। सूत्रों का कहना है कि बनमीत ने अमेरिका में ड्रग्स के धंधे से जो कमाई की, उसे भारत में अपने भाई परविंदर के पास भेजा। जिसके बाद टीम ने परविंदर की गिरफ्तारी की। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र का कहना है कि ईडी की टीम ने कोतवाली में गिरफ्तारी की सूचना दी है।

# पिछड़ी जाति के आरक्षण पर डकैती डालने जा रही है कांग्रेस : योगी

### अल्पसंख्यकों को रुचि भोजन के नाम पर गोकशी की छूट की बात कर रहा विपक्ष

संवाददाता, फिरोजाबाद



- आरक्षण में से अल्पसंख्यकों के नाम पर 6 प्रतिशत हिस्सेदारी दे देगी कांगेस

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस हर व्यक्ति की संपत्ति का सर्वे कराकर संपत्ति का विभाजन करने की तैयारी कर रही है। सरकार बनने पर कांग्रेस पिछडी जाति के आरक्षण पर डकैती डालने का भी काम करने जा रही है उसमें से 6 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के नाम पर आरक्षण मे हिस्सेदारी करने की तैयारी है।

वह शनिवार को फिरोजाबाद में तिलक इंटर कॉलेज में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को रुचि भोजन के नाम पर गोकशी करने की भी छूट देने की तैयारी कर रही है। विपक्षियों के मंसूबे अप संस्कृति को हमारी संस्कृति पर जबरदस्ती थोपने का प्रयास करने की तैयारी है। हमे उनके मंसूबे पूरे नहीं होने देने हैं। एक देश दो विधान नही चलेगे।

योगी ने कहा कि हम राम मंदिर ही नहीं बनाते हम आतंकवादियों और माफिया का राम नाम सत्य भी करना जानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के भविष्य को सुरक्षित करने और विकसित करने के लिए तीसरी बार भी मोदी सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा की बारी है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि इनकी यूपीए सरकार के समय में आतंकवादियों माफियाओं को संरक्षण मिलता था। इनके मंसूबे सही नहीं है, इन्हें गरीब किसानों से कोई सहानुभूति नहीं यह माफियाओं के साथ हैं। समाजवादी पार्टी के शासन में आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेने की पैरवी सरकार द्वारा की गई थी।

### क्या तीन तलाक की कुप्रथा को दोबारा लागू करेगी कांग्रेस

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को उनके व्यक्तिगत कानून का अधिकार देने की बात करती है। तो क्या तीन तलाक की कुप्रथा, जिसे मोदी सरकार ने समाप्त किया है उसे दोबारा लागू किया जाएगा? क्या कांग्रेस शरिया कानून लागू करके देश का तालिबानीकरण करना चाहती है? कांग्रेस का घोषणा पत्र देश के साथ धोखा है। देश की जनता को अगले पांच चरणों के चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखते हुए अपना निर्णय करना चाहिए।

### गोमांस पर क्यों चुप हैं इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए गोमांस मुद्दे पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन को घेरा। उन्होंने पूछा गोमांस पर इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगी चुप क्यों हैं। क्या उनकी भी सहमति है। वह अपने घोषणा पत्र में लिख रहे हैं कि अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खान-पान का अधिकार दिया जाएगा। आखिर अल्पसंख्यकों का ऐसा कौन सा खान-पान है, जो शेष समुदाय से अलग है। उन्होंने कहा कि ईवीएम पर सवाल उठाने वाले वही लोग हैं, जो कभी बैलेट लूटा करते थे। लोकसभा चुनाव में पुख्ता हार को देख कांग्रेस के लोग ईवीएम पर दोषारोपण कर रहे हैं। योगी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से पूछा कि बीते वर्ष हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में क्या बैलेट पेपर से सरकार बनी थी? 2004 में यूपीए की सरकार और 2018 में राजस्थान की सरकार क्या बैलेट पेपर से बनी थी?

## जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को मिली जमानत



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत याचिका स्वीकार कर ली है। गत 25 अप्रैल को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने मामले पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। गौरतलब है कि नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मामले में पूर्व सांसद के खिलाफ जौनपुर के लाइन बाजार थाने में 10 मई 2020 को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद एमपी/एमएलए कोर्ट ने उन्हें 6 मार्च 2024 को 7 साल की सजा सुनाई थी, जिसे रद करने और जमानत की मांग करते हुए सांसद ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी।

बहस के दौरान पूर्व सांसद के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया है। शनिवार को अचानक जब धनंजय सिंह को जौनपुर से हाई सिक्योरिटी बरेली जेल शिफ्ट किया जा रहा था, तभी दोपहर 12 बजे उन्हें जमानत मिलने की सूचना आई।

## सांड का सींग स्कूटी सवार युवक के सीने में आरपार, मौत

संवाददाता, हल्दूचौड़

- हल्दूचौड़ में शुक्रवार की देर रात हुई घटना



- सांड की टक्कर से स्कूटी बेकाबू होकर रपटी दूसरा सवार युवक भी हुआ घायल

**अमृत विचारः** दोस्त के साथ लालकुआं से हल्द्वानी की ओर जा रहे धारचूला निवासी स्कूटी सवार युवक को हल्दूचौड़ में सांड ने टक्कर मारी जिसमें उसका सींग युवक के सीने के आरपार हो गया। राहगीरों ने घायल को निजी वाहन से तुरंत ही डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी पहुंचाया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना में स्कूटी पर बैठा उसका साथी भी गंभीर रूप से घायल है और सरकारी अस्पताल में भर्ती है।

पुलिस के अनुसार योगेश सिंह (25 वर्ष) पुत्र जगत सिंह निवासी धारचूला अपनी बहन के घर इंद्रानगर प्रथम बिंदुखता आया था। उसके साथ में बैठा युवक पुष्कर सिंह पुत्र जमन सिंह भी योगेश की बहन के पड़ोस में ही रहता है। शुक्रवार देर सायं लगभग साढ़े नौ बजे दोनों युवक स्कूटी से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह हल्दूचौड़ में भारतीय स्टेट बैंक के सामने पहुंचे तभी सड़क के बीचों-बीच खड़े सांड ने स्कूटी पर बैठे योगेश को टक्कर मारी जिसमें सांड का सींग योगेश के सीने में घुस गया जबकि स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई। प्रत्यक्षदर्शी पूर्व विधायक के पुत्र मुकेश दुम्का ने आनन-फानन में घायल योगेश को निजी वाहन से हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। योगेश की मौत से उसकी बहन के घर और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी गौरव जोशी ने बताया कि स्कूटी सवार सांड की चपेट में आ गए थे। स्कूटी चला रहे युवक की सीने में सांड का सींग घुस गया।

## उग्रवादी हमले में सीआरपीएफ के दो जवानों की मौत, 2 घायल

इंफाल, एजेंसी

- मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के शिविर पर किया हमला

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवानों की मौत हो गई और दो अन्य कर्मी घायल हो गए। उग्रवादियों ने मोइरांग पुलिस थाना क्षेत्र के नारानसेना में आईआरबीएन (भारतीय आरक्षित वाहिनी) शिविर पर हमला किया। उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटियों से शिविर को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलीबारी रात करीब साढ़े 12 बजे शुरू हुई और देर रात लगभग सवा दो बजे तक जारी रही।

इस दौरान उग्रवादियों ने बम भी फेंके, जिनमें से एक बम सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी में फटा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान सीआरपीएफ के उप-निरीक्षक एन. सरकार और हेड कांस्टेबल अरूप सैनी के रूप में हुई है। हमले में निरीक्षक जादव दास और कांस्टेबल आफताब दास छर्रे लगने से घायल हो गए। अधिकारी ने कहा दोनों घायल जवानों को इंफाल के क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है। वे खतरे से बाहर हैं। पुलिस ने कहा कि हमले में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाश जारी है।

## 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' वाले गुरुचरण सिंह का अपहरण

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा में अभिनय कर चुके गुरुचरण सिंह के लापता होने पर दिल्ली पुलिस ने शनिवार को अपहरण का मामला दर्ज किया है। सिंह धारावाहिक में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाते थे।



अधिकारियों ने कहा कि यहां पालम क्षेत्र के निवासी 50 वर्षीय अभिनेता की तलाश के लिए कई टीम का गठन किया गया है। वह पांच दिन से लापता है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए कहा कि सिंह को आखिरी बार 22 अप्रैल को दिल्ली हवाई अड्डे के निकट देखा गया था और वह सामान लिए हुए थे।

उनके घर से दिल्ली हवाई अड्डे तक के मार्ग के बारे में और जानकारी एकत्र करने के लिए उनके आवास के नजदीक के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने कहा कि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

## मोदी सुपरमैन नहीं, महंगाई मैन बन गये हैं : प्रियंका

नई दिल्ली/लातूर, एजेंसी



- बोलीं- केंद्र सरकार के विभागों में 30 लाख पद खाली पड़े

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि हर चुनावी सभा मे भारतीय जनता पार्टी भले ही उन्हें सुपरमैनकी तरह पेश करती हो लेकिन देश की जनता समझती है कि वह सुपरमैन नहीं बल्कि महंगाई मैन है।

प्रियंका ने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं कि मोदी जी बहुत ताकतवर हैं, चाहें तो चुटकी भर में युद्ध रुकवा सकते हैं। तो मोदी ने बेरोजगारी और महंगाई क्यों नहीं कम की। दरअसल, इन्हें पता ही नहीं कि जनता के क्या संघर्ष हैं। आप इस महान देश की जनता हैं। आपने खून-पसीने से इस देश की धरती को सींचा है। वहीं, लातूर जिले के उदगीर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका नेता ने कहा कि केंद्र (सरकार के विभागों) में 30 लाख पद खाली पड़े हैं, जो पिछले 10 साल में नहीं भरे गए। 70 करोड़ लोग, विशेष रूप से नौजवान बेरोजगार हैं। जीएसटी (माल एवं सेवा कर) प्रत्येक कृषि उपकरण पर लगा दिया गया है।

## कसाब को सजा दिलाने वाले वकील उज्जवल निकम को भाजपा से टिकट

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से जाने माने वकील उज्ज्वल निकम को उम्मीदवार घोषित किया है। शनिवार को भाजपा की ओर से लोकसभा उम्मीदवारों की 15वीं सूची घोषित की गई जिसमें मुंबई उत्तर मध्य सीट से मौजूदा सांसद पूनम महाजन को इस बार टिकट नहीं दी। निकम ने वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में पकड़े गये पाकिस्तानी आतंकी अजमल कसाब को फांसी दिलवाने में बतौर सरकारी वकील अहम भूमिका निभायी थी। इसके अलावा उन्होंने 1993 के बम धमाकों, गुलशन कुमार हत्याकांड और प्रमोद महाजन हत्याकांड जैसे हाई प्रोफाइल मामलों में भी सरकारी पक्ष की सफलता पूर्वक पैरवी की थी। भाजपा ने इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए आठ उम्मीदवारों की पांचवी सूची जारी की।



## अवैध इकाइयों में बन रहा था मादक पदार्थ, सात गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) और गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने शनिवार को राजस्थान और गुजरात में मादक पदार्थ बनाने की तीन अवैध इकाइयों का भंडाफोड़ कर 300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त कर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। स्वापक नियंत्रण ब्यरो (एनसीबी) के उप महानिदेशक (संचालन) ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि मादक पदार्थ बनाने वाली इन अवैध इकाइयों में शामिल लोगों की पहचान करने के लिए दोनों एजेंसियों द्वारा लगभग तीन महीने की गहन तकनीकी और जमीनी निगरानी के बाद प्रयोगशालाओं का पता लगाया गया।

## सीडीएस के जरिये महिलाओं को सशस्त्र बलों में शामिल करने पर फैसला करे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रवेश की मांग करने वाले एक प्रतिवेदन पर आठ सप्ताह में निर्णय लेने को कहा

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र से संयुक्त रक्षा सेवाओं (सीडीएस) परीक्षा के माध्यम से भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) और भारतीय सशस्त्र बलों की वायु सेना अकादमी में महिलाओं के प्रवेश की मांग करने वाले एक प्रतिवेदन पर आठ सप्ताह में निर्णय लेने को कहा है।

अदालत ने कुश कालरा की याचिका पर यह आदेश पारित किया। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आईएमए, आईएनए और वायु सेना अकादमी और अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाली दिसंबर 2023 की अधिसूचना को चुनौती दी थी। इस मुद्दे पर याचिकाकर्ता का प्रतिवेदन अब भी अधिकारियों के पास लंबित होने के मद्देनजर, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की पीठ ने शुक्रवार को कहा कि प्रतिवादी को आठ सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार प्रतिवेदन पर निर्णय लेने के निर्देश के साथ रिट याचिका का निस्तारण किया जाता है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि अधिसूचना ने अनुचित रूप से महिलाओं को लैंगिक आधार पर आईएमए, आईएनए और आईएफए के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल होने से बाहर कर दिया क्योंकि यह केवल उन्हें ओटीए में शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए विचार करने की अनुमति देता है।

## बच्चों को छोटे कमरों में भेड़-बकरियों की तरह ठूंसते थे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### खुलासा : यतीम बता लोगों से जकात की मोटी रकम हड़प रहे थे मदरसा संचालक



लखनऊ में मोहन रोड स्थित बाल सुधार गृह के अधीक्षक से बच्चों के संबंध में बात करतीं डॉक्टर शुचिता चतुर्वेदी।



- डबल डेकर बस से बरामद किए थे 97 बच्चे

**अमृत विचारः** बिहार अररिया जिले से यूपी के सहारनपुर के मदरसों में ले जाए जा रहे बच्चों को यतीम बताकर मदरसा संचालक जकात की मोटी रकम हजम कर रह रहे थे। बच्चों को खाने के नाम पर गुणवत्ता विहीन दाल-चावल परोसा जा रहा था।

छोटे-छोटे कमरों में बच्चों को भेड़ बकारियों की तरह ठूंसा जाता था। इन बातों का खुलासा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी व पूर्व सदस्य संगीता शर्मा के सामने बच्चों ने रो-रोकर कर किया। शनिवार को डॉ. शुचिता व संगीता शर्मा ने मोहन रोड स्थित राजकीय बाल गृह में रखे गये बच्चों से मुलाकात कर उनकी आपबीती जानी।

डॉ. शुचिता शर्मा के मुताबिक अयोध्या से बालगृह भेजे गये कुल 95 बच्चे हैं। सभी बच्चे बिहार के अररिया जिले के कई गांवों के हैं। सहारनपुर में तौसीख नामक युवक ने मदारूल उलूम रफीकिया और रिजवान ने मदरसा दारे अरकम नाम से नये मदरसे खोले हैं। यह बच्चे इन्हीं दोनों मदरसों में ले जाए जा रहे थे। सभी के परिवार में 8 से दस भाई हैं। इन सभी के अपने-अपने गांवों के सरकारी स्कूलों में भी नाम लिखा है। इस बीच नये खुले मदरसों को चलाने के लिए इनके संचालक वहां पहुंचे। बच्चों के परिजन को झांसे में लेकर धार्मिक पढ़ाई कराने के नाम पर ले आए हैं। बच्चों ने बताया कि मदरसा संचालक उन्हें यतीम बताकर लोगों को जकात के नाम पर रकम हड़पते हैं। बच्चों ने बताया कि उनसे तीन मंजिला मकान पर ईंटें चढ़वाई जातीं थी। छोटे-छोटे कमरों में 15-15 बच्चों को रखा जाता है। गर्मी के दिनों में इन कमरों में पंखे नहीं लगे होते हैं। डा. शुचिता से बच्चों ने कहा कि वह लोग मदरसा में नहीं पढ़ना चाहते हैं, अपने घर जाना चाहते हैं। अयोध्या पुलिस मामले में जांच कर रही है। वह यह भी पता कर रही कि जिन मदरसों में बच्चों को ले जाया जा रहा था, वह मान्यता प्राप्त हैं या नहीं। संचालक भी असली हैं या नकली। डा. शुचिता ने बताया कि आयोग की तरफ से जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला सामान्य तो बिल्कुल भी नहीं लग रहा है।

# कुमाऊं में जंगलों की आग होती जा रही बेकाबू, वायुसेना ने संभाला मोर्चा

## एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी लेकर पाइंस क्षेत्र में लगी भीषण आग पर काबू पाया

संवाददाता, भीमताल

**5:45** बजे शनिवार सुबह वायु सेना का एमआई-17 हेलीकॉप्टर भीमताल झील पहुंचा और पानी भरा

**01** घंटे के भीतर भीमताल में वायु सेना ने एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने आठ बार उड़ान भरकर पाइंस क्षेत्र में लगी आग बुझाई

**अमृत विचार:** नैनीताल जिले के जंगल इन दिनों भीषण आग की चपेट में हैं। कई दिनों से धधक रहे जंगलों की आग से अभी तक अरबों रुपये की वन संपदा जलकर नष्ट हो चुकी है। जंगल में प्रवास करने वाले कई जीव-जंतु प्रभावित हो चुके हैं।

आपदा प्रबंधन और वन विभाग के कर्मचारियों ने आग बुझाने में काफी मशक्कत की लेकिन पूरी सफलता नहीं मिलने पर आखिरकार वायु सेना को मोर्चा संभालना पड़ा। आग बुझाने के लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को नैनीताल झील, भीमताल झील और सातताल से पानी लेने के लिए हवाई निरीक्षण किया था। शनिवार को वायु सेना ने आग को बुझाने के लिए पूरी तरह मोर्चा संभालते हुए भीमताल झील से पानी लेकर पाइंस क्षेत्र में भड़की आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

वायु सेना ने एमआई-17 हेलीकाप्टर से भीमताल झील से पानी उठाकर जंगलों में डालना प्रारंभ कर दिया है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत शनिवार सुबह पौने छह बजे वायु सेना का एमआई-17 हेलीकाप्टर भीमताल झील पहुंचा और पानी लेकर आग बुझाने के कार्य में जुट गया।

हेलीकाप्टर ने सवेरे एक घंटे के भीतर ही लगभग आठ बार उड़ान भरकर पाइंस क्षेत्र में आग बुझाई। इधर जहां जंगलों में आग लगने से वातावरण में जो धुआं था उस पर भी कुछ गिरावट आई है। वन विभाग की जानकारी के मुताबिक आग बुझाने का कार्य वायु सेना की ओर से किया जा रहा है। वहीं बताते हैं कि वर्तमान में वन विभाग की ओर से हेलीकाप्टर की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।



भीमताल झील से पानी लेता वायु सेना का हेलीकॉप्टर। ● अमृत विचार



जंगल में लगी आग पर पानी डालता हेलीकॉप्टर।

### लोग बोले



वन विभाग के द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय है। वन विभाग को भी वायु सेना से आग बुझाने के लिए मदउ लेनी चाहिए। **-विपिन चंद्रा**, भीमताल निवासी



प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जिनके प्रयासों से वायु सेना ने युद्ध स्तर पर आग पर काबू पाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। **-मनोज भट्ट**, पूर्व मंडल अध्यक्ष



देर से ही सही पर अब सरकार आग पर काबू पाने को लेकर एक्शन में दिखाई दे रही है। वायु सेना और सरकार का आभार। **-हितेश बिष्ट**, सामाजिक कार्यकर्ता



जिस तरह से पूरा क्षेत्र आग से प्रभावित है ऐसे में विभाग को एक दो हेलीकाप्टर हर समय क्षेत्र में रखने चाहिए ताकि वन संपदा की हानि ना हो सके। **-अनिल चनौतिया**, जिला पंचायत सदस्य

वर्तमान में आग बुझाने का प्रयास वायु सेना के द्वारा किया जा रहा है। वन विभाग के द्वारा हेलीकाप्टर की व्यवस्था नहीं की गई है। भवाली क्षेत्र में आज जंगलों में कोई आग लगे होने की जानकारी नहीं है। **-विजय मेलकानी**, वनक्षेत्राधिकारी भवाली भीमताल



कई हेक्टेयर जंगल आग से प्रभावित हैं। वन विभाग, पुलिस महकमा, लोकल सतर्कता विभाग अब तक क्या करता रहा। मैं यह पूछना चाहता हूं कि विभागों के द्वारा अब कुमाऊं क्षेत्र में कितने आग लगाते हुए गिरफ्तार किये गए और उन पर क्या कार्रवाई की गई। -पीटर स्मैटाचैक, निदेशक, बटर फ्लाई शोध संस्थान भीमताल

### 1990 के दशक में वन विभाग ने हेलीपैड बनाकर आग बुझाई थी

वन विभाग ने 1990 के दशक में एक प्रोजेक्ट के तहत दो हेलीकाप्टर के माध्यम से कुमाऊं में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास किया था। इसके लिए बकायदा वन विभाग ने नौकुचियाताल में एक हेलीपैड भी बनाया था। इस स्थान पर वर्तमान में लोक निर्माण विभाग के द्वारा लगभग सत्तर लाख रुपये की योजना के तहत एक नया हेलीपैड बनाने का कार्य जारी है। स्थानीय जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया और भाजपा नेता रविंद्र कनार्टक बताते हैं कि उस समय की जानकारी के मुताबिक योजना के तहत गर्मी के समय यह दो हेलीकाप्टर नियमित तौर पर उड़ान भरते थे और पूरे पर्वतीय क्षेत्र में आग बुझाते थे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने सरकार व विभाग से इस प्रकार की योजना और बनाने और नियमित तौर पर क्षेत्र पर आग सीजन में हेलीकाप्टर तैनाती की मांग की है।



सल्ट में जंगल की चपेट में आया सीएचसी का ऑक्सीजन प्लांट परिसर। ● अमृत विचार

# सीएचसी देवायल का ऑक्सीजन प्लांट खाक

संवाददाता, अल्मोड़ा

**दावाग्नि**
- रिकार्ड रूम में रखे अस्पताल के सभी दस्तावेज भी राख
- लाखों रुपये का नुकसान, उच्च अधिकारियों को दी गई जानकारी

**अमृत विचार :** शुक्रवार शाम सल्ट ब्लॉक अंतर्गत देवायल के जंगलों में भीषण आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवायल के परिसर तक पहुंच गई। आग की पलटें इतनी भयंकर थी कि उसने अस्पताल में लगे ऑक्सीजन प्लांट को भी अपने आगोश में ले लिया और प्लांट राख हो गया। आग कुछ ही देर में आग अस्पताल के रिकार्ड रूम तक पहुंच गई। लेकिन जब तक आग बुझाने का प्रयास किया जाता, रिकार्ड रूम में रखे सभी दस्तावेज भी आग की चपेट में आ चुके थे।

अस्पताल परिसर के आग की लपटों में घिरने के बाद कर्मचारियों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की। लेकिन वह नाकाम साबित हुए। वनाग्नि की इस घटना में अस्पताल में लगे ऑक्सीजन प्लांट के अधिकांश संयंत्र पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। अस्पताल के प्रभारी डॉ. अक्षय ने बताया कि इस घटना में अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट समेत रिकार्ड रूम को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दी गई है।

अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि अस्पताल के जिस हिस्से में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किया गया था। उसके ठीक पास वाले भवन में एक दो रोगी भी भर्ती थे। संयोग से आग वहां तक नहीं पहुंची। वनाग्नि की इस घटना के दौरान पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। डॉ. अक्षय ने बताया कि वनाग्नि से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि इस घटना से अस्पताल को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

## पानी के लिए आबादी में पहुंच रहे हिंसक पशु

**भीमताल, अमृतविचार:** जंगलों में आग लगी होने के कारण और जंगल के स्रोत आग और बारिश नहीं होने के कारण सूख गए हैं। ऐसे में जंगलों में निवास करने वाले तेंदुआ, सूअर, नाग आदि जानवरों ने अब पानी की तलाश में आबादी का रुख कर लिया है।

वहीं बंदरों की संख्या भी काफी बढ़ गई है। जंगलों के समीप निवास करने वाले निवासियों ने बताया कि इन दिनों जंगली जानवरों का आबादी की ओर दिखाई देना आम हो गया है। इधर भीमताल के जौंस स्टेट, सातताल के जंगल और उससे लगे क्षेत्र से पक्षी प्रेमियों और जानकारों के मुताबिक बड़ी संख्या में पक्षियों ने भी पलायन कर दिया है। इधर जंगलों में आग लगने से काफी पशु पक्षियों के भी जल जाने का अनुमान है। इधर पशु पक्षी प्रेमियों ने वन विभाग से विभिन्न माध्यमों से जंगल के जल स्रोत, पानी के भंडारण को सक्रीय करने की मांग की है। मांग करने वालों में नीरज रैकुनी, विक्रम कंडरी, समेत कई अन्य लोग हैं।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# आईटीआई का पुराना भवन भी जला

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** वन विभाग के लिए मुसीबत बनी जंगलों में आग लगने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार दे रात एरीज, पाइंस, बल्दियाखान, भवाली, मंगोली समेत मनोरा रेंज के दर्जन भर स्थान पर भीषण आग लग गई।

दमकल कर्मी और वन विभाग की टीम ने जंगलों में लगी आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों को बेहद संवेदनशील क्षेत्र एयर फोर्स स्टेशन लड़ियाकाटा से लगे जंगलों में आग बुझाने में सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ा, 24 घंटे तक अलग-अलग टीम लगातार क्षेत्र के जंगलों में फायर टेंडर के माध्यम से आग बुझाने में जुटी रही।

वहीं पाइंस में आग की चपेट में आने से आईटीआई का पुराना भवन जलकर खाक हो गया। नैनीताल के जंगलों में लगी आग ने शहर को चारों तरफ से घेर लिया है ऐसे में जंगलों से निकल रहे दोहे के चलते लोगों को सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जंगलों की आग के चलते नैनीताल समेत आसपास के क्षेत्र में दिनभर धुआं छाया रहा जिससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई। शनिवार को दिनभर दर्जन भर से अधिक स्थानों पर लगी आग को बुझाने में दमकल कर्मी जुटे रहे।

जानकारी देते हुए अग्निशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया कि शनिवार को नैनीताल समेत आसपास के 10 से अधिक स्थानों पर दिनभर आग लगी रही जिन पर दमकल कर्मियों और वन विभाग की टीम ने अधिकांश रूप से नियंत्रण पा लिया है। कुछ स्थानों पर आग लगी भी है जिन पर जल्द नियंत्रण पा लिया जाएगा।



एरीज के जंगलों में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### नैनीताल में नौकायन पर रहा आधे दिन का प्रतिबन्ध

जंगलों में लगी आग को बचाने के लिए सेना के एमआई -17 हेलीकॉप्टर द्वारा नैनी झील से पानी एयरलिफ्ट की सूचना के बाद नगर पालिका ने नैनी झील में नौकायन पर प्रतिबंध लगा दिया। दोपहर तक जब हेलीकॉप्टर ने नैनी झील से पानी नहीं भरा तो उसके बाद नैनी झील में नौकायन को सुचारू कर दिया गया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि सुरक्षा को देखते हुए नैनी झील में नौकायन को रोका गया था। नैनीताल से पानी उठाने के कार्यक्रम में हुए बदलाव के बाद झील में नौकायन को शुरू कर दिया गया।

## सड़क किनारे आग की घटनाओं की मॉनिटरिंग डीएम व एसएसपी करेंगे : मंडलायुक्त

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने सड़क से सटे जंगलों में आग की घटनाओं की रोकथाम के लिए दमकल की निगरानी के लिए जिलाधिकारियों व एसएसपी को नामित किया है। वहीं, जहां-जहां आग लगती है, उन गांवों के ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया है।



मंडलायुक्त रावत ने कहा कि जिन क्षेत्रों में वनाग्नि की घटनाएं होती हैं संबंधित क्षेत्रों के डीएफओ, रेंजर, जिला प्रशासन, पुलिस आपस में समन्वय बनाकर युद्ध स्तर पर काम करें ताकि इन घटनाओं को रोका जा सके। कुमाऊं में शनिवार को शाम 4 बजे तक पिथौरागढ़, बागेश्वर, चम्पावत व ऊधमसिंह नगर में आग की कोई घटना नहीं हुई। वहीं जनपद नैनीताल के हल्द्वानी, नैनीताल व रामनगर वन डिवीजन के संवेदनशील क्षेत्रों में आग की घटनाएं हुई है। ये टीमें रात-दिन लगातार इन क्षेत्रों आग बुझाने में जुटी हुई हैं। उन्होने कहा कि वनाग्नि की रोकथाम के लिए पीआरडी एवं होमगार्ड की अतिरिक्त फोर्स की तैनाती करा दी गई है। वन विभाग ने अतिरिक्त वाहनों की डिमांड की थी, अतिरिक्त वाहन भी उपलब्ध करा दिये हैं। मंडलायुक्त ने कहा कि आग बुझाने में ग्रामीणों का भी सहयोग लें।



भवाली के जंगलों में लगी आग को बुझाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### बर्मा टॉप के जंगल में आग बुझाने में जुटे युवा

**भवाली :** भवाली के पास सबसे ऊंची चोटी बर्मा टॉप के जंगल में शनिवार की सुबह साढ़े पांच बजे भीषण आग लग गई, जिसे देखकर दुगई स्टेट निवासी पीयूष नेगी चप्पल पहन कर ही अपने साथियों के साथ आग बुझाने निकल पड़े। चप्पल टूटने पर भी वह आग बुझाने में जुटे रहे। युवा घर से बाल्टी में पानी, बोरा व डंडे ले गये थे। बोरा भिगाकर आग बुझाई। आग बीएसएनएल का टावर तक पहुंच गई थी। बर्मा टॉप के मन्दिर में भी आग पहुंच गई थी जिसका एक कमरा भी आग की भेंट चढ़ गया।

# चम्पावत के तल्ली लड़ी में वनाग्नि से मकान राख

संवाददाता,टनकपुर/ चम्पावत

**अमृत विचार:** जनपद चम्पावत के जंगलों में आग लगने का सिलसिला नहीं थम पा रहा है। पाटी क्षेत्र में जंगल की लपटें अब जंगल से बाहर निकल वनों के पास के इलाकों को अपने आगोश में ले रही हैं। दावाग्नि ने तल्ली लड़ी में जंगल के पास के एक मकान राख हो गया। आग से घर का सामान खाक हो गया। साथ ही घास के लुट्टे भी जल गए।

ग्रामीणों का कहना है कि जंगल में लगी आग पर काबू पाने में हुई देरी का नुकसान आसपास के क्षेत्रों को हुआ। तल्ली लड़ी गांव में गोविंद सिंह का मकान इस आग की चपेट में आ गया। घर के बाहर के घास के दस लुट्टे जले और उसके बाद आग मकान तक पहुंची। इससे मकान का बड़ा हिस्सा जल गया। घर केभीतर का अधिकांश सामान जल कर बर्बाद हो गया। आग के वक्त गोविंद सिंह के परिवार के सभी लोग खेतीखान के घर में गए थे। इससे जनहानि नहीं हुई।



पाटी क्षेत्र में आग से जला मकान।

वहीं दूसरी ओर टनकपुर के ककरालीगेट के जंगल में एक भारी भरकम पेड़ में आग लग गई। पूर्णागिरि मार्ग के पास वन विभाग की चौकी के पास के जंगल में लगी आग की जानकारी लगने पर वन विभाग के अलावा पुलिस और अग्निशमन दस्ते ने मौके पर पहुंच आग बुझाई। अग्निशमन टीम में अर्जुन सिंह, कृष्ण सिंह, त्रिभुवन प्रसाद, किरन जोशी, प्रिया दताल, तनुजा कोहली आदि मौजूद रहे।

### आवासीय भवन और विद्यालय परिसर के नजदीक पहुंची आग

**गरमपानी :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे से सटे पाडली गांव में जंगल से उठी आग की लपटें मकान तक पहुंचने से अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों व भवन स्वामी ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। रानीखेत खैरना स्टेट हाईवे पर भी खुशालकोट क्षेत्र से सटा जंगल आग से राख हो गया। जीआईसी धनियाकोट के परिसर तक आग पहुंचने से हड़कंप मच गया। देर रात तक जंगल धू-धू कर जलता रहा। हाईवे से सटा पाडली क्षेत्र का जंगल भीषण आग की चपेट में आ गया। कुछ ही देर में आग की लपटों ने पाडली गांव की ओर रुख कर लिया। आग स्थानीय अशोक कुमार के मकान की नजदीक तक पहुंच गई। स्थानीय ग्रामीणों व भवन स्वामी ने बमुश्किल आग बुझाई। गांव के अन्य आवासीय भवनों को भी खतरा बढ़ गया है। बेतालघाट ब्लॉक के धनियाकोट गांव में स्थित जीआईसी परिसर के नजदीक तक भी आग पहुंच गई। आग ने विद्यालय परिसर में फलदार पेड़ों को भी नुकसान पहुंचा दिया।

# 35 हजार हेक्टेयर से अधिक जंगलों में की कंट्रोल बर्निंग


संवाददाता, नैनीताल

एक तय लक्ष्य के अनुसार ही वन डिवीजन में वार्षिक फुकान किया जाता है। जिसका क्लॉज मॉनिटरिंग होती है। कंट्रोल बर्निंग जंगलों में गिरी सूखी पत्तियों खासकर पीरुल को जलाने का लक्ष्य रखा जाता है, ताकि जंगल में आग लगने पर उसे ईंधन ना मिले और आग ना बढ़ने पाए। **-चंद्र शेखर जोशी**, डीएफओ

**अमृत विचार:** वन विभाग जंगलों को बचाने के लिए हर साल हजारों हेक्टेयर जंगल जला रहा है। कंट्रोल बर्निंग के तहत इस साल कुमाऊं में करीब 35 हजार हेक्टेयर से अधिक जंगलों को वन विभाग खुद जला चुका है। फायर सीजन में जंगलों की आग को बेकाबू होने से बचाने के लिए विभाग ऐसा करता है।

सर्वाधिक कंट्रोल बर्निंग नैनीताल वन प्रभाग में करीब 20 हजार हेक्टेयर में की गई है। अन्य जिलों में भी फायर सीजन से पहले बड़े पैमाने पर कंट्रोल बर्निंग का काम किया जाता है। हर साल वार्षिक फुकान के नाम पर 4317.17 हेक्टेयर वन, एकांतरण फुकान के नाम पर 11 हजार हेक्टेयर, कठोर अग्नि सुरक्षा के नाम पर चार हजार हेक्टेयर जंगल जलाया गया है। करीब 20 हजार हेक्टेयर जंगल विभाग खुद ही जला देता है। वन विभाग के अनुसार इस तरह के नियंत्रण फुकान में केवल सूखी पट्टी व घास ही जलती है।

**YTDO Tour & Travels आगामी भारत-दर्शन यात्रायें**



**कश्मीर की हसीन वादियों का सफर**
**7 दिवसीय अत्यंत रोचक पल**
28 मई से 3 जून 2024 के मध्य
मुख्य आकर्षण : श्रीनगर, पहलगाम, सोनमर्ग, गुलमर्ग, डलझील की हाउस बोट में रात्रि विश्राम, श्रीनगर से नई दिल्ली हवाई यात्रा एवं कई अन्य आकर्षण

**11 दिवसीय चार धाम यात्रा**
6 जून से 16 जून 2024 के मध्य
मुख्य आकर्षण : गंगोत्री, जमनोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ





**9 दिवसीय मुक्तिनाथ (मुस्तांग नेपाल यात्रा)**
3 हवाई यात्राओं का रोचक अनुभव
7 जून से 15 जून 2024 के मध्य
मुख्य आकर्षण - धनगड़ी से काठमांडू, काठमांडू से पोखरा एवं पोखरा से नेपालगंज के मध्य हवाई यात्रा, काठमांडू एवं पोखरा में सुविधाजनक बसों द्वारा दृश्यावलोकन, रात्री विश्राम अत्यन्त आधुनिक (एसी कमरों) में रहने की व्यवस्था, मुक्तिनाथ यात्रा स्कार्पियों में, ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर का प्रबंध दो दिवसीय मुक्तिनाथ यात्रा के दौरान

**YTDO Tour & Travels** The Mall, Nainital. Ph. 05942-235557
VMS Khati - M. 9412085088, 6398267749
Umesh Rautela - M. 9411197147, Ramesh Tiwari - M. 9411197085
Dayal Singh - M. 9411589410, BS Padiyar M. 8006399064
श्री नरेन्द्र सिंह नेगी, नेगी मेडिकल स्टोर, टनकपुर, मो. 9897148949
श्री दीप वर्मा, दीप मेडिकल स्टोर, जौहरी बाजार, अल्मोड़ा, मो. 9412966862
श्री नवीन वर्मा, ऊँकार ज्वैलर्स, शारदा मार्केट, हल्द्वानी। मो. 9897030180
श्री विनय बिष्ट, शांति टावर, दुकान नंबर -2, दुर्गा सिटी सेंटर, हल्द्वानी। 9412086566, 9759237565

## एक नजर

### 700 निराश्रित पशु पकड़े मौतें अब भी नहीं रुकीं

हल्द्वानी : नगर निगम ने करीब 700 निराश्रित पशुओं को पकड़कर गौशाला भेज दिया। फिर भी आवारा पशुओं के लोगों पर हमला करने की घटनाओं पर रोक नहीं लग पाई है। नगर निगम के अधिकारियों का दावा है कि बीते साल सितंबर से अब तक करीब 700 पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजा है। नगर निगम के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि सबसे पहले हमलावर किस्म के सांड़ों को हटाया गया। पकड़े गए आवारा पशु में से 560 पशु बाजपुर, बैलपड़ाव और हल्दूचौड़ की निजी गौशालाओं में भेजे गए। नगर निगम की शीशमहल और राजपुरा में बनी गोशालाओं में 240 पशु हैं। गंगापुर कबडवाल में करीब 4.26 हेक्टेयर भूमि में एक गोशाला निर्माणाधनी है। दो गाड़ियों और 7 लोगों की टीम पशुओं को पकड़ रही है। शनिवार को भी 6 निराश्रित पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजा गया है।

आवारा जानवरों के हमले से जिले का कोई हिस्सा अछूता नहीं बचा, इसी साल सांड ने ली चार जानें, हाईकोर्ट की फटकार का भी नगर निगम पर नहीं पड़ा असर

# सड़क पर सांड, बैठकों में निर्देश और साहब के कोरे आदेश

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : जनपद का कोई हिस्सा आवारा जानवरों और सांड के हमलों से अछूता नहीं है। इसी साल सांड चार लोगों की मौत का सबब बन गए। किसी का पिता नहीं रहा तो किसी का पति, किसी के बच्चे अनाथ हो गए। चलने को सहारा तलाशने वाली उम्र दराज पुष्पा की रीढ़ की हड्डी एक साड़ ने ही तोड़ी। थोड़ा बहुत चल-फिर लेने वाली पुष्पा अब सहारे से भी बमुश्किल चल पाती हैं। हादसे होते ही प्रशासन चौकन्ना हो जाता है। डीएम आनन-फानन में तमाम अधिकारियों को तलब कर लेते हैं। बैठकें की जाती हैं, निर्देश दिए जाते हैं। तमाम अधिकारी भी जी साहेब, जी साहेब कहकर साहब को सैल्यूट कर देते हैं और बैठक खत्म हो जाती है। अब फिर एक मौत हुई, अब फिर बैठक होगी और अधिकारी जी हुजूरी कर चलते बनेंगे। बेशर्मी वाली बात तो यह है कि हाईकोर्ट की फटकार का भी असर नहीं होता। जो असर हुआ, उसकी बानगी यह है कि हाल में नगर निगम ने कुछ जमीन खाली कराई और गोशाला बना दी। कुछ दिन जानवरों को पकड़ने का अभियान चलाया और फिर भूल गए।

**इन्होंने भी गंवाई जान :-** पश्चिमी घोड़ानाला निवासी रामस्वरूप (75 वर्ष), नगला उदयी भमौरा निवासी राजमिस्त्री मोतीराम (27 वर्ष), स्यूड़ा हैड़ाखान निवासी चंदन संबल भी सांड के हमले में बेमौत मारे गए। वहीं, पूर्वी राजीव नगर घोड़ानाला में 67 साल की पुष्पा जोशी की सांड ने हमले में रीढ़ की हड्डी टूट गई थी।

### गली से गुजर रही दीपा को पटक कर मार डाला था



हल्द्वानी : यह घटना वर्ष 2022 जुलाई में कालाढूंगी थाना क्षेत्र के कोमला भूरी गांव की है। 35 वर्षीय दीपा देवी घर के पास गली से गुजर रही थी और सांड ने उन्हें पटक कर मार डाला था। इलाज के दौरान मौत हो गई। दीपा के 4 बच्चे हैं। इस मामले में परिजनों ने जानवरों के आतंक से निजात दिलाने और आर्थिक मुआवजा देने की मांग की थी।

### कुत्तों के हमले से दो की मौत

हल्द्वानी : कई साल पहले नैनीताल रोड पर दिल्ली की पर्यटक बच्ची के पीछे कुत्ता पड़ गया था। घायल बच्ची की दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। तल्लीताल में आतंक से बच्चा छत से गिरकर मर गया था। शेरवानी इलाके में इसी तरह की घटना सामने आई थी।

**सांड से भिड़ी मनोज की बाइक, अनाथ हुए दो बच्चे :** ये घटना वर्ष 2023 फरवरी की है। बिंदुखत्ता के रहने वाले 32 वर्षीय मनोज जोशी की बाइक राजीव नगर बोरिंग पट्टा के पास सांड से भिड़ गई। हादसे में उनकी मौत हो गई दो मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।

### क्षेत्रीय सांसद पर भी हमला कर चुका है सांड

हल्द्वानी : सांड किस कदर परेशानी का सबब बन चुके हैं, यह बात सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट से बढ़िया कौन जान सकता है। क्योंकि सांड उन पर भी हमला कर चुका है और वह भी उन्हीं के संसदीय क्षेत्र में। हालांकि इस हमले में वह बाल-बाल बच गए। जिसके बाद उन्हें सांड से निजात दिलाने के लिए पत्र लिखना पड़ा। ये घटना सितंबर 2022 की है। तब केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट इसे लेकर जिलाधिकारी को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की थी। पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया था कि वो खुद आवारा जानवरों की वजह से हादसे का शिकार होते-होते बचे हैं। तब नगर आयुक्त ने जिलाधिकारी से आवारा जानवरों को रखने के लिए स्थान चिह्नित किए जाने मांग की थी।

### नैनीताल में कुत्तों का आतंक 10 साल में 9,684 शिकार

| वर्ष | घायल |
|---|---|
| 2011-12 | 834 |
| 2012-13 | 961 |
| 2013-14 | 938 |
| 2014-15 | 1193 |
| 2015-16 | 839 |
| 2016-17 | 990 |
| 2017-18 | 1222 |
| 2018-19 | 1480 |
| 2019-20 | 1227 |

**नोट :** कुल इन 10 सालो में इन आवरा कुत्तो ने 9,684 लोगो को अपना शिकार बनाया है, जो या तो स्थानीय निवासी थे या घूमने के लिए नैनीताल आये थे।

### हाईकोर्ट का दखल भी काम नहीं आया

हल्द्वानी : आवारा पशुओं से होने वाली घटनाओं को लेकर हाईकोर्ट भी सख्त रुक अपना चुका है, लेकिन हाईकोर्ट की सख्ती का अधिकारियों पर कोई फर्क नहीं पड़ा। वर्ष 2020 में इसको लेकर हल्द्वानी निवासी अधिवक्ता चंद्रशेखर जोशी एक जनहित याचिका दायर की गई थी। तब हाईकोर्ट ने नगर निगम हल्द्वानी को सड़कों से आवारा जानवर हटाने के निर्देश दिए थे और 30 नवंबर तक कंप्लायंस रिपोर्ट पेश करने को कहा था।

# वनाग्नि थमने तक वन अफसर न छुट्टी जाएंगे न बैठक में देहरादून

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वनाग्नि की समीक्षा बैठक में दिए डीएफओ से सीसीएफ स्तर के वन अधिकारियों को आदेश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**24** घंटे के भीतर जंगलों में आग की घटनाओं पर काबू नहीं पाया गया तो रेंज से लेकर डीएफओ स्तर के अधिकारियों की जवाबदेही होगी तय

**23** वनाग्नि की घटनाएं बीते 24 घंटे में हुईं इनमें 34.175 हेक्टेयर जंगल जलकर हुआ नष्ट, दो लोग घायल और 57 हजार का आर्थिक नुकसान



हल्द्वानी एफटीआई में कुमाऊं के जंगलों में लगी आग और पेयजल समस्या को लेकर वन विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वनाग्नि की घटनाओं पर नाराजगी जताई है। उन्होंने जंगलों में आग की घटनाएं बंद होने तक वन अफसरों की छुट्टियां निरस्त करने और देहरादून में होने वाली बैठकों में जाने पर रोक लगा दी है।

मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को रामपुर रोड स्थित वानिकी प्रशिक्षण अकादमी के सभागार में वीडियो क्रांफ्रेसिंग से कुमाऊं मंडल की वनाग्नि और पेयजल की समीक्षा की। उन्होंने सभी छह जिलों के डीएम व अन्य अधिकारियों से कहा कि जंगलों में आग की घटनाओं पर 24 घंटे में काबू नहीं पाया जाता है तो संबंधित रेंज से डीएफओ तक की जिम्मेदारी तय होगी। सभी फायर स्टेशन व कंट्रोल रूम को एक्टिवेट कर दिया जाए। बैठक में पता चला कि मुख्य वन संरक्षक पीके पात्रो अवकाश पर हैं तो उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने तत्काल प्रभाव से वन अधिकारी व कर्मचारियों के छुट्टियां निरस्त करने के आदेश दिए। सिर्फ मेडिकल आधार पर ही छुट्टियां देने को कहा। वैसे भी चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है, पर्यटन सीजन शुरू हो चुका है। वनाग्नि से पर्यावरण भी प्रभावित होता है। इसके अलावा डीएफओ से सीसीएफ स्तर के अधिकारी देहरादून में बैठकों में हिस्सा लेने नहीं जाएंगे, हेड क्वार्टर पर रहकर आग बुझाने का काम देखेंगे। सभी के फोन 24 घंटे ऑन रहेंगे। रेंज से डीएफओ तक अफसर मौके पर जाएं और डीएफओ को पिरूल इकट्ठा करने का भी टारगेट दिया जाए। उन्होंने अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों के बैच को भी वनाग्नि बुझाने में भेजा जाए ताकि धरातलीय चुनौतियों का पता चल सके। कड़े लहजे में कहा कि वन, प्रशासन, पुलिस, दमकल, अर्द्ध सैन्य बल, आपदा प्रबंधन समेत सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर वनाग्नि पर काबू पाएं। साथ ही कहा कि महिला मंगल दल, युवक मंगल दलों, स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ ग्रामीणों को भी आग बुझाने में लगाया जाए। ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार भी दें। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि वनों में आग लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जिन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किए हैं उन्हें चिन्हित किया जाए। मुख्यमंत्री ने सेना के हेलीकॉप्टर से आग बुझाने की सराहना की। इस मौके पर मंडलायुक्त दीपक रावत ने बताया कि वन विभाग की डिमांड के अनुसार जनपद नैनीताल में तीन वन डिवीजनों में 50-50 पीआरडी जवान, दो-दो दमकल वाहन भी दिए गए हैं। इस दौरान विधायक सरिता आर्या व मोहन सिंह बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री अनिल कूपर डब्बू, जिलाधिकारी वंदना सिंह, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दिनेश आर्य, वन संरक्षक विनय भार्गव व टीआर बीजूलाल, डीएफओ चन्द्रशेखर जोशी, प्रकाश आर्य, हिमांशु बांगरी मौजूद रहे।

### पेयजल संकट से बचने को बारिश का पानी संचय करें

सीएम धामी ने कहा कि पेयजल संकट को देखते हुए नलकूपों की त्वरित मरम्मत के लिए कहा गया है। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर्स से सप्लाई के आदेश हैं। इसके लिए जरूरी है कि बारिश के पानी का संचय किया जाए। भूमिगत जल स्रोतों को रिचार्ज करने पर जोर रहे ताकि भविष्य में इस संकट से बचा जा सके।

### 4 जून को पता चल जाएगा, राज्य में 3-2 नहीं 5-0 से होगी जीत

हल्द्वानी : सीएम धामी ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की 5 संसदीय सीटों में 2 पर जीत दर्ज करने के दावे को फुस्स करार दिया है। उन्होंने कहा कि 4 जून को पता लग जाएगा कि जीत किसकी हो रही है। कांग्रेस के परंपरागत नेतृत्व जिन्हें टिकट लेना चाहिए था, वो भी टिकट लेने नहीं आए क्योंकि उन्हें पता था कि हार हो रही है। मतदान कम होने से आशंका जताई गई लेकिन ऐसा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी को वोट देने वाले मतदाता आए और कांग्रेस को वोट देने वाले मतदाता बाहर ही नहीं निकले। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव के लिए तैयार है, हाईकोर्ट के आदेशों का पालन किया जाएगा।



नैनीताल की रूट पर जाने वाली बस में यात्रियों की उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

# नैनीताल जाने वाली बसों में यात्रियों की भारी भीड़

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: पर्यटन सीजन के चलते नैनीताल जाने वाली बसों की संख्या कम और यात्रियों की अधिक होने से यात्रियों को दिक्कतें हो रही हैं। नैनीताल रूट की बस आते ही यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ती है, यात्रियों की बढ़ती संख्या के हिसाब से बसों की संख्या में सीमित है। जिसके चलते नैनीताल की ओर से जाने वाले यात्री समस्या झेल रहे है।

शनिवार को नैनीताल जाने के लिए यात्रियों में मारा मारी मची रही। यात्रियों की भीड़ के आगे बसों की कमी साफ देखने को मिली। इतना ही नहीं कैंची धाम के लिए एक भी बस न होने से यात्रियों की खासी फजीहत हुई। उत्तराखंड परिवहन निगम में पर्यटक सीजन के चलते हल्द्वानी बस स्टेशन पर हल्द्वानी से नैनीताल के लिये बसो की संख्या में कमी साफ देखी जा रही है। बस के स्टेशन पर आते ही यात्रियो का सैलाब बसो की और बढ़ता चला जा रहा है। यात्रियों की संख्या के हिसाब से बसो की संख्या में कमी साफ देखी जा रही है। कई यात्री निगम की नियमित सेवा नैनीताल के लिये न होने से नाखुश दिखे। साथ ही केचीं धाम के लिये भी नियमित सेवा न होने से वहाँ जाने के लिये भक्त काफी परेशान है वहीं 8 महीने पूर्व काठगोदाम डिपो ने कैंची धाम के लिये नियमित बस सेवा चलाई थी, लेकिन वो बस सेवा अब बंद कर दी गई है। इधर एआरएम सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि पर्यटन सीजन के चलते यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है, नैनीताल रूट पर बसों का अतरिक्त फेरा लगाने की व्यवस्था कराई जाएगी

# उचक्के ने मारा झपट्टा तो युवक गिरा, मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : चलती ट्रेन में छिनैती की घटना ने एक छात्र की जान ले ली। चलती ट्रेन में मोबाइल छीनने के दौरान गेट पर बैठा युवक ट्रेन से नीचे गिर गया। हादसे में उसकी मौत हो गई।

भूपतपुरा देवरनियां बरेली निवासी दिलीप कुमार (25 वर्ष) रुद्रपुर स्थित एक कपड़ों के शोरूम में सेल्समेन था और सिडकुल कर्मी भाई के साथ रहता था। नौकरी के साथ दिलीप स्नातक की पढ़ाई भी कर रहा था। दिलीप घर से पूर्णागिरी जाने के लिए ट्रेन पर सवार हुआ था। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे दिलीप किच्छा स्टेशन से ट्रेन में बैठा। वह ट्रेन के गेट पर बैठकर मोबाइल चला रहा था। इस बीच उचक्के ने दिलीप के मोबाइल झपट्टा मार दिया। झटका लगने से दिलीप चलती ट्रेन से नीचे गिरकर घायल हो गया। जीआरपी ने इलाज के लिए एसटीएच में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अल्मोड़ा के युवक की जहर से मौत

हल्द्वानी : अल्मोड़ा निवासी एक युवक की जहर का सेवन करने से मौत हो गई। मेडिकल चौकी पुलिस के मुताबिक कठपुड़िया अल्मोड़ा हिम्मत सिंह (36 वर्ष) संदिग्ध अवस्था में जहर निगल लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे पहले देवलथल और फिर रामनगर में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में रेफर कर दिया गया। यहां शुक्रवार रात हिम्मत की मौत हो गई। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चल पाएगी।

## रंगकर्मी के बैंक खाते से निकले एक लाख रुपये लौटाए

हल्द्वानी : उत्तरायण प्रकाशन के सदस्य व रंगकर्मी के बैंक खाते से निकले एक लाख रुपये साइबर सेल ने वापस करा दिए। सीओ सुमित पांडे ने बताया कि 1 दिसंबर को रंगकर्मी घनश्याम भट्ट ने शिकायती पत्र दिया था। उन्हें अंजान नंबर से फोन करने वाले ने गोपनीय जानकारी लेकर बैंक खाने से एक लाख रुपये निकाल लिए। सूचना मिलने पर बैंक अकाउंट को होल्ड करा दिया। इससे रुपये ट्रांसफर होने से बच गए। शनिवार को पीड़ित को रुपये वापस लौटा दिए गए हैं।

# नौकरी के नाम पर ठगी, मंडलायुक्त ने रुपये दिलाये

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



अमृत विचार : रुद्रपुर में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले रैकेट संचालित हो रहे हैं। ये ग्रुप मार्केटिंग में नौकरी के नाम पर युवकों से हजारों रुपये ऐंठते हैं, बाद में मार्केटिंग के लिए सामान भी नहीं देते हैं और शिकार हुए युवकों से अन्य युवकों को ठगने के लिए दबाव बनाते हैं। जब पीड़ितों ने इसकी शिकायत मंडलायुक्त से की तो इसका खुलासा हुआ। मंडलायुक्त ने पुलिस व प्रशासन से ऐसे रैकेट के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पीड़ितों के रुपये वापस दिलवाए।

मंडलायुक्त दीपक रावत ने बताया कि रुद्रप्रयाग के एक युवक ने शिकायत दर्ज कर बताया कि रुद्रपुर की पैशन ग्रुप नामक कंपनी ने नौकरी का झांसा देकर उसे बुलाया। युवक ने पहले पंजीयन के नाम पर पांच हजार रुपये लिए और कपड़े बेचने का काम बताया। फिर पैंट-शर्ट के पीस के नाम पर 35 हजार रुपये और ले लिए। बाद में जब युवक ने सामान मांगा तो इंकार कर दिया। वहीं युवक पर दबाव बनाया जाने लगा कि वह भी ऐसे ही तीन-चार युवकों को फंसाए, उनसे जो रकम मिलेगी उससे कमीशन दिया जाएगा। जब युवक ने ऐसा करने से मना कर दिया तो उसकी रकम हड़प ली। ठगी के शिकार ऐसे दो अन्य युवक भी सामने आए। इस पर मंडलायुक्त ने पैशन ग्रुप की टीम बुलाई गई। जांच में पता चला कि पैशन ग्रुप का पैंट-शर्ट का कोई गोदाम नहीं है, इसी तरह से झांसा देकर राज्य के युवकों से ठगी की जा रही है। इस संस्था का ऑफिस उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर है ताकि दोनों प्रदेशों की पुलिस कार्रवाई से परहेज करें। इस पर मंडलायुक्त ने संस्था संचालकों की फटकार लगाई और युवकों का रुपया तत्काल देने के निर्देश दिए। बाद में तीनों युवकों के 40, 17 और 15 हजार रुपये लौटा दिए गए। मंडलायुक्त रावत ने ऊधम सिंह नगर एसएसपी मंजूनाथ टीसी को निर्देश दिए हैं कि ऐसे रैकेट्स की जांच की जाए और त्वरित कार्रवाई हो। बिलासपुर के एसडीएम को भी ऐसे रैकेट्स के खिलाफ कार्रवाई को कहा है।

### खुलासा

- रुद्रपुर में उत्तराखंड-उप्र बॉर्डर पर संचालित हो रहा ग्रुप मार्केटिंग के नाम पर युवक-युवतियों से करता है ठगी

बदहाली — ओखलकांडा, बेतालघाट, रामगढ़, कोटाबाग, हल्द्वानी के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा हो रही प्रभावित

# एकल अध्यापक के भरोसे हैं 150 सरकारी स्कूलों के बच्चे

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: जिले के लगभग 150 प्राथमिक विद्यालय एकल अध्यापकों के भरोसे चल रहे हैं। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य अंधकार में डूबा हुआ है। इनमें अधिकांश विद्यालय ओखलकांडा, बेतालघाट, रामगढ़ और कोटाबाग में हैं।

हल्द्वानी ब्लॉक में 12 प्राथमिक विद्यालय हैं जो एकल शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। इनमें सभी विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। सामान्य तौर पर एक प्राथमिक विद्यालय में कम से कम 3 शिक्षकों का होना जरूरी होता है लेकिन एकल अध्यापक के भरोसे बच्चों का शिक्षण चल रहा है। प्राथमिक शिक्षा से ही बच्चे की आगे की शिक्षा का निर्धारण होता है लेकिन बच्चे की नींव ही कमजोर होगी तो बड़ी कक्षा में पहुंचने पर उसे विज्ञान, गणित सहित अन्य विषयों का ज्ञान कैसे हासिल होगा। हैड़ाखान स्थित स्यूड़ा राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 86 बच्चे पढ़ते हैं लेकिन यहां भी एक ही शिक्षक के भरोसे विद्यालय चल रहा है। कक्षा एक से पांच तक के इन बच्चों की संख्या अधिक होने के कारण उनका अध्ययन भी प्रभावित हो रहा है। रिक्त पदों को नहीं भरे जाने से भी बच्चों का भविष्य खतरे में है। वर्तमान में जिले के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के लगभग 380 पद रिक्त चल रहे हैं। रिक्त पदों को नहीं भरे जाने से शिक्षकों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ गई है जिसे व्यावहारिक तौर पर निभाना संभव नहीं है।

### हल्द्वानी ब्लॉक में एकल अध्यापक वाले विद्यालय

| विद्यालय का नाम | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| रा.प्रा.वि. जमरानी बांध | 69 |
| रा.प्रा.वि. बांसखेड़ा | 51 |
| रा.प्रा.वि. दानीबंगर | 9 |
| रा.प्रा.वि. इंद्रानगर गब्दा | 18 |
| रा.प्रा.वि. हल्दूधार | 36 |
| रा.प्रा.वि. शीशमभूजिया | 20 |
| रा.प्रा.वि. शांतिनगर | 17 |
| रा.प्रा.वि. हरिपुर बच्ची | 26 |
| रा.प्रा.वि. डुंगरपुर | 24 |
| रा.प्रा.वि. भगवानपुर | 44 |
| रा.प्रा.वि. चीड़खत्ता | 21 |
| रा.प्रा.वि. शाहपठानीखत्ता | 8 |



### एकीकरण व समायोजन का प्रस्ताव भी हवाई

जिले में पूर्व में विद्यालयों के एकीकरण और समायोजन का प्रस्ताव बनाया गया था लेकिन ये प्रस्ताव भी आज तक धरातल पर नहीं उतर पाए। एकीकरण के अंतर्गत एक ही क्षेत्र में स्थित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों को एक ही परिसर में चलाया जाना था जिससे एक ही जगह पर कम संसाधनों के साथ भी शैक्षणिक कार्य किया जा सकता था। जिले में 80 विद्यालयों का एकीकरण होना है। इसी तरह समायोजन के तहत कम विद्यार्थियों की संख्या वाले विद्यालयों को अधिक संख्या वाले विद्यार्थियों के साथ समायोजित किया जाना था लेकिन व्यावहारिक तौर पर दिक्कतें आने के कारण यह प्रस्ताव भी अटका हुआ है। जिले के 36 विद्यालयों को समायोजित करने का प्रस्ताव पूर्व में भेजा गया था।

## मेल आईडी व मोबाइल नंबर संशोधन न होने पर सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी, अमृत विचार: एमबीपीजी कॉलेज के विद्यार्थियों की मेल आईडी और मोबाइल नंबर संशोधित नहीं हो रहा है। इस संबंध में विद्यार्थियों ने शनिवार को प्राचार्य एनएस बनकोटी को ज्ञापन सौंपा।

छात्र-छात्राओं ने कहा कि 3 मई से उनकी परीक्षाएं शुरू हो रही हैं लेकिन अभी तक उनके फार्म नहीं भरे गए हैं। बताया कि कॉलेज प्रशासन मेल आईडी और मोबाइल नंबर संशोधित नहीं कर रहा है जिससे वे फार्म नहीं भर पा रहे हैं और परेशान हैं। विद्यार्थियों ने कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो इसका जिम्मेदार कॉलेज प्रशासन होगा। उन्होंने कॉलेज प्रशासन के समस्या के समाधान की मांग की है। इस पर प्रधानाचार्य ने जल्द ही कार्रवाई का वादा किया है।

# 200 वाहनों के चालान, 5 ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



अमृत विचार : पर्यटन सीजन में वाहनों के बढ़ते बोझ के बीच पुलिस ने पूरे जिले में एक साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई में दो सौ से अधिक वाहन सवार फंसे। कई के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए गए और कइयों के वाहन सीज कर दिए गए। इस दौरान पुलिस ने हजारों रुपये का जुर्माना वसूल किया।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर जिले में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 202 वाहनों के चालान काटे गए। वहीं तीन वाहनों को सीज किया गया और पांच वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई। चालानी कार्रवाई में पुलिस ने 86 हजार 500 रुपये का शुल्कवसूलकिया। एसएसपी ने लोगों वाहन चालकों से अपील की है कि वह वाहनों को नियमों के तहत चलाएं और अपनी लेन में चलें। दो पहिया वाहन चालक और पीछे बैठने वाले हेलमेट लगाएं। साथ ही स्टंट न करें।

### कार्रवाई

- तीन वाहन भी किए सीज, वसूला 86 हजार रुपये का जुर्माना
- पर्यटन सीजन को देखते हुए पुलिस ने चलाया अभियान

## सार-संक्षेप


एसटीएच में डॉ. निशा महेश को सेवानिवृत्त होने पर विदाई देते स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

### डॉ. निशा महेश को दी भावभीनी विदाई

**हल्द्वानी :** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) के आपातकालीन विभाग में कैज्युल्टी मेडिकल ऑफिसर (सीएमओ) के स्थायी पद में सेवाएं दे रहीं डॉ. निशा महेश को सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को भावभीनी विदाई दी गई। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरूण जोशी ने कहा कि डॉ. निशा महेश संस्थान में वर्ष 2007 से नियोजन के दौरान अत्यंत कर्मठ, निष्ठावान तथा ईमानदार चिकित्सक रहीं और हमेशा अपने उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन किया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जीएस तितियाल, नर्सिंग सुपरिटेन्डेंट जीबी मोल टी. मैथ्यू, आपातकालीन विभाग की प्रभारी डॉ. प्रियदर्शनी, डॉ. राजीव श्रीवास्तव, डॉ. अतुल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### ई-रिक्शा के किराए में वृद्धि का किया विरोध

**नैनीताल :** शहर में नगर पालिका की ओर से ई-रिक्शे का किराया 10 रुपये से बढ़ाकर 20 रुपये किए जाने का अब स्थानीय लोग विरोध करने लगे हैं। शनिवार को स्थानीय निवासी नितिन कार्की के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पालिका के फैसले को वापस लेने की मांग की। ज्ञापन से स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में मात्र एक किलोमीटर की दूरी के लिए किराया दोगुना किया जाना गलत है। ज्ञापन देने वालों में पूर्व सभासद मनोज जोशी, विक्की वर्मा, मनोज कुमार, राजेंद्र जोशी, राहुल कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्रतिभा दिवस पर छात्राओं ने दिखाई अपनी कला

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी व कोटाबाग के विभिन्न स्कूलों में प्रतिभा दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने गीत, निबंध, चित्रकला, नृत्य आदि स्पर्धाओं में भागीदारी कर प्रतिभा दिखाई। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोला में प्रतिभा दिवस पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने भाषण, नृत्य और देशभक्ति से संबंधित, पारंपरिक गीत, कहानियों पर अपनी-अपनी प्रतिभा दिखायी। विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य नरेंद्र पटवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर कहा कि यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाएगा।

### डीएसबी की छात्राओं ने सीखे सेल्फ डिफेंस के गुर

**नैनीताल :** डीएसबी परिसर की छात्राओं के लिए सेल्फ डिफेन्स कैम्प का उद्घाटन किया गया। इसमें सेल्फ डिफेंस के गुर सिखाए गए। शनिवार को कुलपति दीवान एस. रावत की ओर से हरमिटेज भवन में कैम्प का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीएसबी परिसर नैनीताल की 5 यूके नेवल सब यूनिट एनसीसी की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम के समन्वयन कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के एनसीसी अधिकारी डॉ. रीतेश साह ने बताया कि इसमें शारीरिक प्रशिक्षण के अलावा, शिविर में इंटरेक्टिव सत्र भी शामिल होंगे। सेल्फ डिफेंस कैम्प में मार्शल आर्ट्स एक्सपर्ट कुमारी ज्योति दुर्गापाल प्रशिक्षण दे रहीं हैं। ज्योति पूर्व एनसीसी कैडेट तथा कुमाऊं विश्वविध्यालय नैनीताल की छात्रा रही हैं।

### बसपा ने किया बढ़ी बिजली दरों का विरोध

**हल्द्वानी :** राज्य में बिजली की बढ़ाई गई दरों का विरोध होना शुरू हो गया है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने बिजली के बड़े हुए दरों का शनिवार को विरोध किया। बसपा के प्रदेश महासचिव हरीश सनौली ने कहा कि हाल ही में उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर मतदान हुआ है और बीजेपी सरकार का बिजली की दर बढ़ाना पिक्चर का ट्रेलर जैसा है। शिक्षा सत्र शुरू होने पर लोगों पर बच्चों की किताबें, ड्रेस, फीस आदि का आर्थिक बोझ पड़ता है, ऐसे समय में बिजली की दरों को बढ़तरी दोहरा बोझ डालना है।

### राजपुरा व तिकोनिया में नौ घंटे रही बत्ती गुल

**हल्द्वानी :** पेड़ों की कटाई-छटाई के चलते शनिवार को राजपुरा व तिकोनिया इलाके में बिजली आपूर्ति घंटे बाधित रही। जिसके चलते बिजली उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। 33 केवी और 11 केवी की लाईनों की चपेट में आ रहे पड़ों की लॉपिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके चलते सुबह 8 से शाम 5 बजे तक बिजली गुल रही। जिसके चलते राजपुरा व तिकोनिया में 9 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही है।

### विधायक कार्यालय पर घेरा डालो डेरा डालो कार्यक्रम आज

**रामनगर :** जंगली जानवरों व बंदरों से सुरक्षा तथा ग्राम बासीटीला के आदमखोर टाइगर को मारे या पकड़े जाने की मांग को लेकर प्रस्तावित 28 अप्रैल के विधायक कार्यालय घेरा डालो डेरा डालो कार्यक्रम के तहत संयुक्त संघर्ष समिति ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों से ग्रामीणों से जनसंपर्क किया। समिति के संयोजक ललित उप्रेती में बताया कि अप्रैल रविवार को प्रात: 10 :30 बजे ग्रामीण कानिया चौराहे पर एकत्र होकर रामनगर विधायक कार्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने कहा कि 2 महीने पहले 18 फरवरी को संघर्ष समिति ने रामनगर विधायक को जंगली जानवरों से सुरक्षा व जंगली जानवरों के हमले में मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा देने आदि को लेकर एक मांग पत्र दिया था।


रामनगर में चुने गए पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी।

### कुलवंत बने पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष

**रामनगर :** पूर्व सैनिक उत्थान एवं कल्याण संगठन की कार्यकारिणी शनिवार को निर्विरोध चुनी गई। चुनाव अधिकारी ऑनरेरी कैप्टेन सुरेन्द्र सिंह रावत की देखरेख में त्रिवार्षिक कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। लखनपुर स्थित संगठन कार्यालय में आयोजित चुनाव में 63 पूर्व सैनिकों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान निर्विरोध चुनाव पर सहमति बनी। कार्यकारिणी के 14 पदों के लिए नामांकन कराए गए। कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर सूबेदार मेजर कुलवंत सिंह रावत, उपाध्यक्ष सूबेदार बालम सिंह डंगवाल, सचिव हवलदार भुवन सिंह डंगवाल, उपसचिव हवलदार प्रकाश चंद सिंह, ज्वाइंट उपसचिव ऑनरेरी नायब सूबेदार चंडी प्रसाद, कोषाध्यक्ष हवलदार भरत सिंह रावत (सेना मैडल), ऑडिटर ऑनरेरी कैप्टेन बहादुर सिंह भंडारी, संगठन मंत्री हवलदार भारतबंधु रावत और कार्यकारिणी सदस्य के लिए हवलदार लोकमान सिंह, हवलदार चन्दन सिंह अधिकारी, हवलदार रविन्द्र सिंह डंगवाल, हवलदार यशपाल सिंह चुने गए। संगठन के वरिष्ठ संरक्षक पद पर कैप्टेन हरगोविंद पांडे, संरक्षक कैप्टेन हरगोविंद मासीवाल को चुना गया।

### भीमताल-हल्द्वानी मोटर मार्ग पर पेड़ गिरा

**भीमताल :** भीमताल-हल्द्वानी मोटर मार्ग में थाने से एक किलोमीटर आगे हल्द्वानी की तरफ एक पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से कोई जन हानि नहीं हुई। हालांकि यातायात एक घंटे बाधित रहा। जानकारी के मुताबिक पेड़ की जड़ में आग लगने से पेड़ गिरा। इधर बिजली विभाग में ठेकेदारी के अन्तर्गत कार्य करने वाले चंदन नौगाई ने बताया कि जेसीबी लगाकर पेड़ को हटाया जा रहा है। इधर खबर लिखे जाने तक बाईपास और अन्य क्षेत्रों में बिजली बाधित थी। फोटो 27 बीटीएल 012 - भीमताल में गिरा पेड़।

### रिजॉर्ट प्रबंधन ने पकड़ा चोर, पुलिस को सौंपा

**रामनगर :** ग्राम सेमलखलिया स्थित एक रिसॉर्ट से शुक्रवार रात सामान चोरी करते हुए एक युवक को रिजॉर्ट कर्मचारियों ने दबोच लिया। रिजॉर्ट प्रबंधन ने आरोपी को पुलिस को सौंपकर मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि ग्राम सेमलखलिया में स्थित 'द जंगल बुक' रिजॉर्ट में इन दिनों मरम्मत का कार्य चल रहा है। शुक्रवार की रात रिजॉर्ट से चोरी करते गांव के ही युवक को पकड़ लिया था। मामले में आरोपी अजय डोभाल के खिलाफ अभियोग दर्ज कर चोरी किया सभी सामान बरामद कर लिया गया है।

# नैनीताल में वीकेंड पर उमड़े सैलानी जाम लगने से हुई लोगों की फजीहत


## दिल्ली-एनसीआर व विभिन्न प्रदेशों के पर्यटकों ने झील में बोटिंग कर लिया प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पर्यटन सीजन की शुरुआत हो चुकी है। महानगरों की भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए अब अलग-अलग राज्यों से हजारों की संख्या में हर रोज सैलानी सरोवर नगरी का रुख करने लगे हैं। वहीं वीकेंड पर यह संख्या दोगुनी हो रही है।

दिल्ली में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद शनिवार को दिल्ली-एनसीआर व यूपी आदि राज्यों से भारी संख्या में नैनीताल पहुंचे सैलानियों ने विश्वविख्यात नैनी झील में नौकायन व बारा पत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी का लुत्फ उठाया तो वहीं केप गार्डन, लवर्स प्वाइंट, सरियाताल आदि क्षेत्रों से नैसर्गिक सुंदरता को अपने कैमरों में कैद किया। हिमायल दर्शन, नयना पिक आदि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी दिनभर सैलानियों का जमवाड़ा लगा रहा। मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तो वहीं न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**जाम से लोगों की फजीहत:** नगर में पर्यटकों की भारी संख्या में आवाजाही के चलते नगर के पार्किंग स्थल पैक होने से पर्यटकों को वाहन पार्क करने के लिए जगह नहीं मिली तो सड़कों के किनारे ही वाहन पार्क करने पर मजबूर होना पड़ा, जिससे यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो गई। तल्लीताल से मल्लीताल चीना बाबा तक गाड़ियां रेंगती रहीं जिससे पैदल चलने वालों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, हालांकि पुलिस ने नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों में जैमर लगाकर चालान की कार्रवाई की। वहीं पंत पार्क में भी मनाही के बाद भी पुलिस के सामने ही दो पहिया व चार पहिया वाहन पार्क किए जा रहे हैं।


नैनीताल में नौकायन का इंतजार करते सैलानी। ● अमृत विचार


माल रोड पर गाड़ियों से लगा जाम। ● अमृत विचार

### पर्यटकों की आमद से भवाली में भी लगा जाम

**भवाली :** वीकेंड पर पर्यटकों की संख्या बढ़ने पर कैंची धाम व मुक्तेश्वर जाने वाले पर्यटकों के वाहनों से भवाली बाजार, भीमताल रोड, रामगढ़ रोड में दिन भर लगातार जाम की स्थिती बनी रही। जाम लगने से ग्राहकों भी दुकान में आने में परेशानी होती है। जिससे कि उनका व्यापार भी प्रभावित हुआ। बाहरी वाहनों का दबाव इतना ज्यादा बढ़ गया था कि दोपहर तीन बजे पुलिस को मस्जिद तिराहे से नैनीताल जाने वाले वाहनों को बेरिकेट लगाकर डाइवर्ट करना पड़ा। ड्यूटी में तैनात सिपाही ने बताया कि नैनीताल में पर्यटकों व वाहनों की अधिकता की वजह से जाम की स्थिती बन गई है, इसलिये रूट को डाइवर्ट किया गया।

### कुविवि ने शुरू की विद्यासेतु योजना

**नैनीताल:** कुमाऊं विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल आईक्यूएसी की ओर से विद्यासेतु योजना के तहत अपने सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अनुसंधान मानक, पेशेवर प्रशिक्षण, सहयोग को सुदृढ़ करने की पहल की जा रही है।

इसके तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय के विभाग अपने सम्बद्ध कॉलेजों को अकादमिक सहयोग देने के साथ अपनी लैब व अन्य सुविधाओं को भी साझा करेंगे। आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. संतोष कुमार ने बताया कि कुलपति प्रो. दीवान एस रावत के निर्देशों के क्रम में शिक्षकों का दौरा, ऑनलाइन प्रशिक्षण, कौशल विकास प्रशिक्षण और कॉलेजों में छात्र विनिमय कार्यक्रम शामिल हैं।

## बिजली की दरों में वृद्धि कर जेब में डाका डाल रही डबल इंजन सरकार

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** कांग्रेस ने बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी पर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने जनता के साथ बड़ा छलावा किया है। लोकसभा चुनाव के मतदान के तुरंत बाद ही बिजली की दरों में 6.92 फ़ीसदी की बढ़ोत्तरी कर दी जिससे चौतरफा महंगाई की मार झेल रही जनता को बिजली के बिल में भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ सहन करना होगा।

विधायक सुमित ने कहा कि आम जन की समस्याओं से सरकार का कोई लेना देना नहीं है। आर्थिक रूप से कमजोर गरीब व मध्यम वर्ग को आर्थिक बोझ से राहत दिलाने के बजाय बोझ लादा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहाड़ो में भीषण आग के समाधान के लिए भी सरकार ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। आम जन हर तरफ से संकट झेल रहा हैं और सरकार गहरी नींद में सोई हुई है। पहाड़ों में पानी के स्रोत सूखते जा रहे हैं सरकार का इस ओर ध्यान नहीं है।

प्रदेश में पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है। राज्य की सरकार को तुरंत नलकूपों का इंतजाम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग कर जल संरक्षण करना चाहिए ताकि पानी का संकट कम हो। जबकि राज्य सरकार तानाशाह रवैया अपनाते हुए अपनी धुन में चल रही है जिससे जनता का उत्पीड़न हो रहा है।

## गांव के नाले पर अतिक्रमण के मामले ने पकड़ा तूल

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** संजयनगर बिंदुखत्ता में श्री हंस प्रेम योग आश्रम की ओर से गांव के प्राकृतिक नाले में कथित अतिक्रमण के मामले ने तूल पकड़ लिया है। जन शिकायत पर वन विभाग की टीम ने भी स्थलीय निरीक्षण किया।

संजय नगर बिंदुखत्ता स्थित श्री हंस प्रेम योग आश्रम राज्य में भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज का है। आश्रम की जमीन के बीचों बीच वर्षों से प्राकृतिक नाला बह रहा जो आगे चलकर शांतिपुरी के समीप नाले में मिलता है। आश्रम के महात्माओं द्वारा उक्त नाले के कुछ हिस्से को पाट कर निर्माण कार्य करने की शिकायत वन अधिकारियों से की थी। जिस पर वन राज अधिकारी गौला के निर्देश पर वन विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची और स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस संबंध में क्षेत्र के समाजसेवी व पर्यावरण संरक्षण समिति के संरक्षक आनंद गोपाल सिंह बिष्ट ने आश्रम के महात्माओं पर प्राकृतिक नाले को कब्जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त नाले को बंद कर देने से इसका सीधा प्रभाव गांव के भूजल स्तर पर भी पड़ेगा क्योंकि नाले में प्राकृतिक स्रोतों से पानी निकलता है जो शांतिपुरी के निकट पहा नाले में मिलता है। आरओ गौला ने बताया कि टीम को निर्देश हैं कि अगर नाले पर अतिक्रमण हो रहा हो तो उसे तत्काल हटाया जाए।

## पति पर हुआ पत्नी की हत्या का दोष सिद्ध

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबीर कुमार की अदालत ने दहेज की मांग पूरी न होने पर नवविवाहित पत्नी को नोएडा से नैनीताल घुमाने के बहाने लाकर पहाड़ी में धक्का देकर मारने के आरोपी पति को दहेज हत्या का दोषी ठहराया है। जिसे 29 अप्रैल को सजा सुनाई जाएगी। कोर्ट के निर्देश पर शनिवार को आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार मृतका तमन्ना के भाई आसिफ खान पुत्र मो. सब्बीर निवासी ग्राम मंडोली दिल्ली ने 16 जनवरी 2018 को तल्लीताल थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी बहन तमन्ना की शादी दो माह पूर्व 19 नवम्बर 2017 को मो. सद्दाम पुत्र अमर मोहम्मद निवासी फतेहपुर अट्टा नोएडा के साथ हुई थी। शादी में मांग के मुताबिक महंगी कार, 50 लाख से अधिक के सोने के जेवरात व 5 लाख 51 हजार रुपये नकद दिये थे। सद्दाम दिये गये दान दहेज से संतुष्ट नहीं था और उसने 15 जनवरी 2018 को पत्नी को घुमाने नैनीताल लाया और गला दबाकर खाई में धक्का दे दिया। जिसमें उसमें मौत हो गई थी। अधिवक्ता ने 11 गवाह पेश किये। जिसमें टैक्सी ड्राइवर किशन सिंह बोरा की गवाही अहम साबित हुई। तमन्ना के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसका गला दबाने का भी उल्लेख है।

## छल-बल की मंशा को किया नाकाम

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** प्रदेश में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल के पहली बार रामनगर पहुंचने पर उत्साहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

पार्टी कार्यालय में पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत की मौजूदगी में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान गोदियाल ने कहा कि भाजपा छल-बल, धन बल के बूते चुनाव को जीतना चाहती थी, मगर कार्यकर्ताओं ने मनसूबे को विफल कर दिया। कम मतदान को अपने लिए शुभ संकेत बताते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से निराश उनका कोर वोटर मतदान के लिए बाहर नहीं निकला। जबकि मोदी शासन से त्रस्त मतदाताओं ने लोकतंत्र को बचाने के लिए मतदान किया है। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं की जीतोड़ मेहनत के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान पूर्व विधायक रावत, देशबंधु रावत, मो. अकरम, गिरधारी लाल, पंकज पांडे, महेश चंद पांडे, एनडी पंत, महीपाल सिंह, डूंगर सिंह, चांद खान, ताइफ खान, सतीश्वरी रावत, सुमित तिवारी, वीरेंद्र सिंह लटवाल, कुबेर कड़ाकोटी मौजूद रहे।


पार्टी कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच गोदियाल। ● अमृत विचार

### पशुपालक कुमाऊं आयुक्त से मिले

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** पालतू जानवरों के लिए भूसा नहीं मिलने पर गौलापार के पशुपालकों ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को ज्ञापन दिया। पशुपालकों ने बताया कि किसानों का ज्यादातर भूसा निजी कंपनियां और बिचौलिए खरीद रहे हैं, जिससे उनके पशुओं के लिए भूसा नहीं मिल रहा है।

बताया कि किसानों से बेहद कम दाम पर भूसा खरीदकर बिचौलिए दोगुने दामों पर बेच रहे हैं। पशुओं के लिए सालभर चारा उपलब्ध न होने के कारण पशुपालकों को ऊंचे दाम पर भूसा खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। ज्ञापन देने में लीला देवी, अर्जुन बिष्ट, मोहन चंद्र, विपिन बेलवाल, गोपाल सिंह बिष्ट, जगदीश आदि मौजूद रहे।






# डीएम साहब पहले नगर निगम पर दर्ज कराएं मुकदमा

## जिलाधिकारी का शुक्रवार को दिया निर्देश भी हुआ धुआं, कूड़े में आग लगाने वालों पर मुकदमा दर्ज कराने को कहा था, लगातार जल रहा है कूड़ा

- जिस बैठक में दिए थे निर्देश उसमें मौजूद थे नगर निगम के अधिकारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** धू-धू कर जल रहे जंगलों पर चिंता जाहिर करते हुए जिलाधिकारी वंदना ने शुक्रवार को आदेश दिए थे कि खुले कूड़ा जलाने वालों पर मुकदमा दर्ज किया जाए। जिस बैठक में ये निर्देश दिए गए, तमाम अधिकारी भी मौजूद थे। शुक्रवार को जो निर्देश दिए, उसे शनिवार को ट्रंचिंग ग्राउंड के कूड़े के साथ जला दिया गया। पहले ही दिन निर्देश की धज्जियां उड़ीं। तो क्या अब नगर निगम के खिलाफ कूड़ा जलाने के मामले में पहला मुकदमा दर्ज होगा।

वर्ष 2018 में बन कर तैयार हुए ट्रंचिंग ग्राउंड का कूड़ा कई सालों से निरंतर जल रहा है। जिलाधिकारी ने शुक्रवार को वन विभाग, दमकल, पुलिस व विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर कूड़ा जलाने वालों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे, लेकिन गौलापुल के पास स्थित नगर निगम के ट्रंचिंग ग्राउंड का कूड़ा लगातार जल रहा है। उससे निकलने वाली जहरीली गैसें से स्वास्थ्य व पर्यावरण पर असर पड़ रहा है। इसके बावजूद नगर निगम के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती। सवाल यह है कि जिलाधिकारी का निर्देश सिर्फ आम आदमी के लिए है या विभागों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने देशभर में खुले में कचरा जलाने पर प्रतिबंध लगा रखा है। डंपिंग ग्राउंड पर भी यही नियम लागू होता है। खुले में कचरा जलाते पाए जाने पर पांच हजार से 25 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाता है। बात उठती है तो नगर निगम के अधिकारी शरारती तत्वों पर कूड़ा जलाने का आरोप लगाते हैं। उनकी पहचान कर मुकदमे की बात भी कहते हैं, लेकिन अभी तक एक पर भी मुकदमा दर्ज नहीं कराया। डंपिंग ग्राउंड में लगे तीनों सीसीटीवी कैमरे महीनों से बंद पड़े हैं। नगर निगम के कर्मचारियों ने बताया कि कैमरों के लिए बिजली के खंबे से लाइट ली गई थी, लेकिन कुछ महीने पहले शरारती तत्व बिजली के तार काटकर ले गए और तब से कैमरे बंद पड़े हैं।


गौलापार बाइपास स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में लगी आग से उठता धुआं। ● अमृत विचार


ट्रंचिंग ग्राउंड में पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार

### सिर्फ हल्द्वानी से रोज जमा होता है 150 मीट्रिक टन कूड़ा

**हल्द्वानी :** ट्रंचिंग ग्राउंड करीब चार हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला हुआ है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने साल 2018 में इस जमीन को नगर निगम को 30 वर्षों की लीज पर दिया था। यहां सालिड वेस्ट मैनेजमेंट कंपोस्ट प्लांट बनाया जाना था, लेकिन जमीन मिलने के साथ ही यहां कूड़ा जमा होने लगा। हल्द्वानी के अलावा यहां भीमताल, नैनीताल, भवाली, लालकुआं से कूड़ा 50 मिट्रिक टन कूड़ा आने लगा है। यहां सिर्फ हल्द्वानी से ही रोजाना 150 मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है। कूड़े के निस्तारण की व्यवस्था न होने से यहां लाखों मीट्रिक टन कूड़ा जमा हो गया।

### महीनों तक फाइलों में बंद रहा कूड़ा निस्तारण प्लांट

**हल्द्वानी :** ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़ा निस्तारण प्लांट लगाया जाना था लेकिन लेकिन नगर निगम के अधिकारियों की अकर्मण्यता के चलते प्लांट 5 महीनों तक कागजों में हल्द्वानी व देहरादून ही घूमता रह गया, जिसके बाद लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से प्लांट अधर में लटक गया। ओल्ड लीगेसी वेस्ट (पुराना कचरा) के निस्तारण के लिए 5 करोड़ रुपये से अधिक का टेंडर निकाला गया था, जिसमें तकनीकी निविदा पूरी हो चुकी थी और वित्तीय निविदा की जानी थी। लेकिन नगर निगम हल्द्वानी-रुद्रपुर एसडब्ल्यूएम सोसाइटी के सदस्यों में आपसी तालमेल न होने के चलते वित्तीय निविदा में देरी होती गई। अब लोकसभा चुनाव के नतीजे आने तक यह प्रक्रिया रुकी रहेगी।

> कूड़े के भीतर से मिथेन आदि गैस निकलने और गर्मी ज्यादा होने से कचरे में अपने आप आग लग रही है, नगर निगम के टैंकरों से आग को बुझाया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर दमकल विभाग की गाड़ियां भी मंगाई जाती हैं।
> – गणेश भट्ट, सहायक आयुक्त, नगर निगम

# शैक्षिक योजनाओं पर होगा विचार-विमर्श

संवाददाता, हल्द्वानी

- 1 मई को प्रदेशभर में होगा प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

**अमृत विचार:** नए शैक्षिक सत्र में प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में बच्चों के अधिक से अधिक नामांकन करने के लिए प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हर साल की तरह इस साल भी उच्च प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक उनके क्षेत्र के कक्षा 5 में अध्ययनरत बच्चों को चिन्हित कर अपने विद्यालय में प्रवेश दिलाएंगे। प्रवेशोत्सव में नव प्रवेशित बच्चों का अभिभावकों के साथ स्वागत किया जाएगा। 1 मई को प्रवेशोत्सव आयोजित किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव के कारण इस बार देरी से कार्यक्रम हो रहा है। इस दिन विद्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति, अध्यापक-अभिभावक समिति और स्थानीय नागरिकों को शैक्षिक योजनाओं की जानकारी के साथ ही विद्यालय विकास योजनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों को, अभिभावकों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को शिक्षा की गुणवत्ता अभिवृद्धि के लिए शासन व विभाग की ओर से किये जा रहे कार्यों, क्रियाक्रलापों और विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को दिये जा रहे प्रोत्साहनों के बारे में अवगत कराया जाएगा। विद्यालयी शिक्षा उत्तराखंड के महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने प्रदेश के सभी उप शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए 1 मई को अपराह्न 2 बजे तक सूचना संबंधित मुख्य शिक्षा अधिकारी को देने को कहा है और मुख्य शिक्षा अधिकारी जिले की विकासखंडवार सूचना मंडलीय अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) को प्रदान करेंगे।

### 8 मई को होगा स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल

**हल्द्वानी :** महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून में एथलेटिक्स, फुटबॉल, बॉक्सिंग, क्रिकेट, बैडमिंटन और हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज पिथौरागढ़ में फुटबॉल, बॉक्सिंग एथलेटिक्स खेलों के लिए कक्षा 6 की प्रवेश शुरू हो गई है। प्रवेश के लिए उत्तराखंड के 10 साल खिलाड़ियों के प्रारंभिक चयन ट्रायल गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडिय में 8 मई को सुबह 9 बजे से होंगे। इसमें 10 वर्ष से अधिक 12 से कम आयु के खिलाड़ी प्रतिभाग कर पाएंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि खेल कार्यालय में 27 अप्रैल से फार्म उपलब्ध होंगे।

## सार-संक्षेप

### पर्वतीय सभा में दो कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

**रामनगर :** पर्वतीय सभा लखनपुर की बैठक शनिवार को पर्वतीय सभा सभागार में संपन्न हुई। बैठक में दो नए कार्यकारणी सदस्य भुवन चंद्र शर्मा व हिमांशु मनोनीत किए गए। इस दौरान सभा के संस्थापक सदस्य इंद्रसिंह मनराल का स्वागत किया गया। कार्यों के निष्पादन के लिए मंदिर समिति एवं निर्माण समिति का गठन भी किया गया। इस दौरान संरक्षक दिनेश चंद्र जोशी, अध्यक्ष ललित तिवारी, महामंत्री जितेंद्र बिष्ट, एडवोकेट गणेश कुमार गगन, मंजू जोशी, हेमचंद पांडे, एमआर जोशी, बीएस डंगवाल, निखिलेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### डांस पर कार्यशाला आज सुबह 10 बजे से

**रामनगर :** पुष्कर सोसाइटी रविवार को शहर में नृत्य में रुचि रखने वाले बच्चों के लिए डांस वर्कशॉप का आयोजन करेगी। शिवलालपुर चुंगी स्थित ग्रोइंग बड्स स्कूल में सुबह दस बजे से कार्यशाला शुरू होगी। सोसाइटी की अध्यक्ष पूनम गुप्ता ने बताया कि कार्यशाला में मुंबई से आ रहीं धैर्य कन्धारी बच्चों को डांस के टिप्स देंगी। इस दौरान उत्तराखंड के पहाड़ी सांग घूमदे को हिप-हॉप में सिखाया जायेगा।

### पत्नी की स्मृति में नौनिहालों को बांटी निशुल्क टी-शर्ट

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक के नैनीचैक गांव स्थित राजकीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के नौनिहालों को टी-शर्ट वितरित की गई। प्रभारी प्रधानाचार्य शिव किशोर शर्मा ने अपनी पत्नी की स्मृति में नौनिहालों को की शर्ट वितरित की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों व शिक्षकों ने प्रभारी प्रधानाचार्य की पत्नी को श्रद्धांजलि दी। नैनीचैक स्थित विद्यालय परिसर में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुरेश सिंह जैड़ा ने की। राजकीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के 47 नौनिहालों को विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव किशोर शर्मा ने टी- शर्ट वितरित की। इस दौरान विनिता बिष्ट, गोपाल सिंह जैड़ा, हेम प्रकाश, माया देवी, मंजू देवी, लीला देवी आदि मौजूद रहे।

### मालधनचौड़ में पोस्टर प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र


पोस्टर प्रदर्शनी के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं।

**रामनगर :** राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। फाउंडेशन के सदस्यों में सोमू त्रिपाठी, आदित्य कोटबागी और जुल्फिकार अली के पोस्टरों के माध्यम से विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान को पूर्णता देने का प्रयास किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन करने के उपरांत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर डॉ जीसी पंत ने इस तरह की प्रदर्शनी को विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाने वाला बताया। राजनीति विज्ञान के विभाग प्रभारी प्रो. मनोज कुमार ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्यों को आगामी प्रत्येक माह में आगे भी पोस्टर प्रदर्शनी लगाने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान डॉ. आनंद प्रकाश, प्रो. प्रदीप चंद्र आदि उपस्थित रहे।

### कोटाबाग में पेयजल की किल्लत से लोग परेशान

**कालाढूंगी :** गर्मी शुरू होते ही कोटाबाग क्षेत्र में पेयजल का संकट गहराने लगा है। कोटाबाग मुख्य बाजार व आवलांकोट क्षेत्र में उपभोक्ताओं को 15 दिनों पेयजल की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जलसंस्थान के अधिकारियों को सूचना के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश पनप रहा है। कोटाबाग व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने बताया कि सरकार की जल जीवन मिशन को ठेकेदार द्वारा फलीता लगाया जा रहा है। होली से पेयजल की लाइन बिछाने का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। बिछाई गई पेयजल लाइनों में जल संस्थान की लापरवाही के चलते मुख्य बाजार व आवलांकोट क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ता भोपाल तड़ियाल, राम सिंह, ममता देवी, भगवती प्रसाद, इंदर सिंह, महेन्द्र पांडे, ए नारायण व मोहन सिंह ने बताया कि कई बार जेई व उच्चअधिकारीयों को सूचना दी गई पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर संदीप सम्मानित


सोन गांव में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी छात्र को सम्मानित करते अतिथि व अन्य।

**भीमताल :** ग्राम सभा सोन गांव के प्राथमिक विद्यालय विनायक में गरीब परिवार के छात्र संदीप का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में होने पर विद्यालय व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सोन गांव लता पलडिया और शिक्षकों ने संदीप को सम्मानित किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने चयनित छात्र संदीप के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश पलडिया, उप प्रधान माया रावत, भीमताल ब्लॉक प्रमुख हरीश सिंह बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, क्षेत्र पंचायत सदस्य चंद्र कला जोशी ने शुभकामनाएं दीं।

## 15 दिनों से बनी है पानी की समस्या

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी तल्ली इलाके में बीते 15 दिनों से पानी की समस्या बनी हुई है। इसी क्रम में जब बरेली रोड पर पेयजल पाइप लाइन को टीम ने चेक किया तो तो उसमें एक पत्थर मिला जिसके बाद लाइन को खोला गया तो इस दौरान पानी नहीं पहुंच रहा था।

निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि जलसंस्थान विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते पाइप लाइनों ठीक से चेक नहीं किया जा रहा है, पूर्व में लोगों के घरों में पानी न पहुंचने कि शिकायत की गई थी जिसके बाद विभाग के जिम्मेदारो ने पाइप लाइन में फ्रेशर वाल लगाने के निर्देश दिए थे लेकिन 1 सप्ताह से भी अधिक का समय बीत चुका है, अब तक फ्रेशर वाल नहीं लगाया जा सका है। जिससे इलाके में पानी की समस्या बनी हुई है। समस्या को दूर करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर टैंकरों से पानी की आपूर्ति कराई जाए।

# अधिवक्ता चेंबर के लिए दी जाएगी जमीन

- न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने दिलाई हल्द्वानी बार की नई कार्यकारिणी को शपथ
- न्यायमूर्ति के वादे से अधिवक्ता खुश, बिना चेंबर काम करते हैं अधिकांश अधिवक्ता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बार एसोसिएशन हल्द्वानी की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाने आए न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने अधिवक्ताओं को तोहफा भी दिया।

तोहफे में अधिवक्ताओं को जमीन मिलने वाली है, जिस पर उनके चेंबर बनेंगे। अभी तक अधिकांश अधिवक्ता चेंबर के बगैर ही काम कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायमूर्ति राकेश थपलीयाल, जिला न्यायाधीश सुधीर कुमार, बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष महेंद्र पाल, सदस्य सचिव मेहरबान सिंह कोरंगा, सदस्य बीसीआई डीके शर्मा और नव निर्वाचित अध्यक्ष किशोर कुमार पंत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व स्कूल के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शपथ ग्रहण समारोह में अधिवक्ताओं ने अपनी बातें भी रखीं। जिसमें चेंबर न होने की बात भी उठी। अधिवक्ताओं ने कहा, यदि उन्हें जमीन मिल जाए तो वह चेंबर निर्माण करा लेंगे। इस पर न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने वह एक माह के भीतर जमीन उपलब्ध करा देंगे। कार्यक्रम में बार एसोसिएसन के पूर्व सचिव राजन सिंह मेहरा, विनीत परिहार, ललित जोशी, दिनेश तिवारी, आनंद पांडे, चंदन अधिकारी, राम सिंह, जगत सिंह, जेके पंत, पूरन भगत, घनानंद जोशी, विनोद जोशी, सतपाल, अतुल पंत, मोहन कांडपाल, प्रियंका, सुनीता भाकुनी, पूरन आर्या, योगेश, रेनु पांडे आदि थे।



हल्द्वानी जजी कोर्ट में आयोजित समारोह में शपथ ग्रहण करते हल्द्वानी बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### ये है हल्द्वानी बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी

**हल्द्वानी :** अध्यक्ष किशोर कुमार पंत, उपाध्यक्ष सुनील सिंह पुंडीर, महिला उपाध्यक्ष भगवती पडलिया, संयुक्त सचिव योगेश चंद्र लोहनी, कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार, संयुक्त सचिव (प्रेस) योगेंद्र कुमार पाठक, लेखाधिकारी आरपी पांडे, पुस्तकालयाध्यक्ष भरत सिंह, सदस्यों में हरेंद्र सिंह पडियार, लोकेश राज चौधरी, मोहित पांडेय, पंकज कब्डवाल व नीलू शर्मा थीं।

## फिर भालू दिखने से लोगों में दहशत

**लालकुआं :** टांडा रेंज में पानी की किल्लत के चलते जंगली जानवरों का आबादी क्षेत्र में आना जारी है। भालू को शुक्रवार रात 12 बजे करीब नगर पंचायत कार्यालय के समीप देखे जाने की सूचना मिली है। जंगली भालू के एक सप्ताह से नगर के आसपास देखे जाने से लोगों में दहशत है।

चार रोज पूर्व विशालकाय भालू को स्लीपर फैक्ट्री के पास आईओसी से टाटा रेंज में छोड़ा गया था लेकिन भालू 2 दिन बाद पुनः स्लीपर फैक्ट्री पहुंचा था, जिसका तराई पूर्वी वन विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार की पूरी रात रेस्क्यू किया था। बाद में शनिवार को सायं 4 बजे करीब प्रत्यक्षदर्शियों ने उक्त भालू को स्लीपर फैक्ट्री के समीप जंगल की ओर जाते हुए देखा था। लेकिन देर रात 12 बजे करीब उक्त भालू को प्रत्यक्षदर्शियों ने फिर से नगर पंचायत कार्यालय वार्ड नंबर एक पास देखा। भालू के लगातार लालकुआं व उसके आसपास के क्षेत्र में देखे जाने से लोगों में दहशत है।

# गेहूं का एक दाना नहीं खरीद पाया आरएफसी

संवाददाता, हल्द्वानी

- तहसील स्तर पर आरएफसी का लक्ष्य 5 हजार क्विंटल गेहूं खरीदने का है

**अमृत विचार :** संभागीय खाद्य नियंत्रक (आरएफसी) ने हल्द्वानी तलसील में इस साल गेहूं खरीद का लक्ष्य 5 हजार क्विंटल रखा है लेकिन अब तक विभाग एक दाना गेहूं तक नहीं खरीद पाया है।

आरएफसी की मार्केटिंग अधिकारी रेनू पांडे ने बताया कि सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2275 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। गेहूं खरीद के लिए नवीन सब्जी मंडी परिसर में केंद्र बनाया गया है लेकिन अभी तक एक भी किसान ने गेहूं बेचने के लिए संपर्क नहीं किया है। इधर, किसानों ने बताया कि आरएफसी को गेहूं बेचने के लिए तमाम तरह की प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। साथ ही, सरकारी खरीद मं गेहूं की एमएसपी काफी कम है। बताया कि सरकारी खरीद के लिए पहले राजस्व विभाग से खेतों का सत्यापन और गेहूं खरीद केंद्र पर किसान का पंजीकरण कराना होता है। इसके बाद भुगतान भी तय समय पर नहीं होता है। बताया कि निजी कंपनियां किसान के खेत से ही गेहूं खरीद और दाम भी बढ़ाकर दे रही हैं।

## 17 केंद्रों में हुई प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से शनिवार को समूह-ग परीक्षा के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग में प्रयोगशाला सहायक के पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। हल्द्वानी में 17 केंद्रों में परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न हुई। अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग हरिद्वार की ओर से प्रयोगशाला सहायक पद के लिए दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें प्रथम पाली में कुल 7512 में 3050 और दूसरी पाली में 4578 में से 1459 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

## जाम से चरमराई यातायात व्यवस्था

**भीमताल :** अभी पर्यटन सीजन ठीक से प्रारंभ भी नहीं हुआ है कि भीमताल की मुख्य समस्या में शुमार यातायात की समस्या एक बार फिर उठने लगी है। भीमताल के बाईपास मार्ग में मोटर मार्ग में अतिक्रमण के चलते पिछले कई समय से जनता के साथ साथ वाहन चालक भी परेशान हैं। अल्मोड़ा और पर्वतीय क्षेत्रों को नियमित तौर पर चलने वाले वाहन चालकों की मानें तो बाईपास मार्ग में कई लोगों ने मोटर मार्ग से लगते हुए अपने आवास और होटल होम स्टे की दीवार बना दी है जिसके चलते मानकों के अनुरूप लोक निर्माण विभाग के द्वारा बनाई गई सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है। वहीं बताया कि पर्यटन सीजन में इन स्थानों में कई किमी लंबे जाम से वाहनों को खड़ा रहना पड़ता है।

## हल्द्वानी कोल्ट्स ने जीता सेमीफाइनल मुकाबला

**हल्द्वानी :** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अगुवाई में नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-16 जिला लीग का दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला गया। इसमें हल्द्वानी कोल्ट्स क्रिकेट एकेडमी व एसआरएस क्रिकेट एकेडनी के बीच मुकाबला हुआ। पहले बल्लेबाजी करने उतरी हल्द्वानी कोल्ट्स की टीम ने 50वें ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 320 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए कमल सिंह ने 150 रनों का योगदान दिया। जवाब में उतरी एसआरएस की टीम ने 41वें ओवर में सभी विकेट खोकर 193 रन ही बना पाई और 127 रन से मैच हार गई।

## अल्मोड़ा क्रिकेट एसोसिएशन ने जारी की सूची

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अगुवाई में अंडर-19 बालक वर्ग की अंतर जनपदीय लीग जिसमें सीएयू के अंतर्गत पहले चरण में सभी टीमों के मैच 2 पूल में आयोजित कराए जाएंगे जो कि 28 अप्रैल से उधमसिंह नगर और 1 मई से देहरादून में खेले जाएंगे। इसके लिए क्रिकेट एसोसिएसन ऑफ अल्मोड़ा की ओर से चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है। जिसमें शुभम, आदित्य चौहान, आदित्य चौहान, शुभम चंद्रा, मानव यादव, नमन कैरा, भार्गव भंडारी, हर्षवर्धन, तुल्यांश, मयंक, तंजील , राहुल सिंह, तुषार, सावन कोहली और आदित्य मेहरा को शामिल किया गया है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India / Medical Council Of India / Dental Council of India / Pharmacy Council of India / Indian Nursing Council / Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council / Association of Indian Universities / Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### तय समय पर पूर्ण करें शत-प्रतिशत कार्य

**रुद्रपुर :** मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने एनआरएलएम, मनरेगा, बीएडीपी, रीप परियोजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष तय समय पर कार्य को शत–प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। शनिवार को विकास भवन सभागार में समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जनपद को यूएसआरएलएम से प्राप्त वित्तीय वर्ष 2024–25 के लक्ष्यों का विकासखंडवार आवंटन किया गया। साथ ही खंड विकास अधिकारी और बीएमएम को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।



शक्तिफार्म के सनातन धर्म मंदिर में 10 दिवसीय श्री राम कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# रामकथा से पहले महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

संवाददाता, शक्तिफार्म

**आस्था**
- शक्तिफार्म के सनातन धर्म मंदिर में 10 दिवसीय आयोजन
- स्वामी लक्ष्मण दास ने किया कलश स्थापना पूजन

**अमृत विचार :** भव्य कलश यात्रा के साथ शक्तिफार्म के सनातन धर्म मंदिर में 10 दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ। कलश स्थापना के अवसर पर स्वामी लक्ष्मण दास ने कहा कि शास्त्रीय परंपरा में कलश मंगल का स्वरुप होता है। कलश यात्रा में कलश अपने घर से लेकर चलना चाहिए। उससे घर में मंगल होता है।

सनातन धर्म मंदिर शक्तिफार्म में शनिवार से आयोजित होने वाले 10 दिवसीय श्री राम कथा के शुभारंभ पर स्वामी लक्ष्मण दास की अगुवाई में 501 महिलाओं ने अपने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित कलशों के साथ कलश यात्रा निकाली। सैकड़ों धर्म प्रेमियों के साथ कलश यात्रा सनातन धर्म मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग, सुभाष चौक होते हुए टैगोर नगर दुर्गा मंदिर पहुंची। स्वामी लक्ष्मण दास ने कलश स्थापना पूजन किया। महेंद्र अग्रवाल ने बताया श्री राम कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 6.30 बजे तक होगी। कलश यात्रा में मंदिर कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, जगदीश डालमिया, रविंद्र अग्रवाल, कृष्ण कुमार शर्मा, संतोष डालमिया, अनीता अग्रवाल, श्वेता मित्तल, सारिका अग्रवाल, अनीता शर्मा, माया जिंदल, मोहिनी राय, पूजा दास, मोनिका, विजय बागला, योगेंद्र सिंह रावत, प्रभा रावत, अजय जायसवाल, पंकज राय, दिनेश तिवारी, ओम प्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### कार्यालय का ताला तोड़कर उड़ाई एलईडी-कॉपर

**रुद्रपुर :** शिमला पिस्तौर स्थित कार्यालय में चोरों ने धावा बोलकर एलईडी व कॉपर की तार चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। डायनेमिक कॉलोनी निवासी प्रत्युष निषाद ने बताया कि उसकी शिमला पिस्तौर में श्रीति टेक्स प्रिंट नाम से कंपनी है। बताया कि कार्यालय बंद करने के बाद 18 अप्रैल को चोरों ने ताला तोड़कर महंगी एलईडी और 100 मीटर कॉपर का तार चुरा लिया। 20 अप्रैल को कार्यालय खोलने पर चोरी की घटना की जानकारी ली।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर पौधों की दुर्दशा देखकर हुई निराशा



नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग पर पौधों को पानी देते डॉ. पंत। ● अमृत विचार

**रुद्रपुर :** पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी व पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ. आशुतोष पंत ने कहा कि रुद्रपुर में जी–20 सम्मेलन के दौरान नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिवाइडर पर लगाए पौधों की दुर्दशा को देखकर मन को काफी पीड़ा हुई है। 23 अप्रैल को वे हल्द्वानी से रुद्रपुर गये थे। डिवाइडर पर सूख रहे पौधों को देखकर मन को बड़ी पीड़ा हुई। उन्होंने बताया कि जी–20 सम्मेलन के पहले तत्कालीन जिलाधिकारी युगल किशोर पंत और जिला प्रशासन के प्रयासों से डिवाइडर पर फूलों के पौधे लगाये थे। इससे शहर बहुत सुंदर लगने लगा था। तब वे यहां जिला आयुर्वेद अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। अप्रैल 2011 में पौधों की दुर्दशा देखकर डीएम कार्यालय के बाहर पांच दिन का अनशन भी किया था।

### शहर के सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराएं



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रुहेला।

**रुद्रपुर :** जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला की अध्यक्षता में शहरों के सौंदर्यीकरण और जलभराव की समस्या से निदान के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने ड्रेनेज, सड़क चौड़ीकरण, विद्युत पोल, पार्किंग, पार्क, सार्वजनिक शौचालय आदि के प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। शनिवार को प्राधिकरण सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक परगना के तहत परगना स्तरीय समिति बनाई जाए एवं समस्याओं को चिन्हित करते हुए योजनाओं का प्रस्ताव प्रेषित किया जाए। उन्होंने मानसून से पूर्व नाले–नालियों की सफाई करने के निर्देश सभी निकायों को दिए। इस अवसर पर नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, विवेक राय, एसडीएम मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र आदि उपस्थित रहे।

### दो समुदायों के बीच मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**जसपुर :** घुड़चढ़ी कार्यक्रम के दौरान दो समुदायों के बीच हुए झगड़े के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बृहस्पतिवार की रात्रि में जसपुर के मोहल्ला पट्टी चौहान में दूल्हे की घुड़चढ़ी कार्यक्रम के दौरान मस्जिद के पास डीजे बजाने पर एतराज किए जाने पर दोनों समुदायों के लोगों में विवाद हो गया था। इसके दौरान पथराव होने व लाठी डंडे चलने से दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए थे। दूल्हे के पिता घनेंद्र कुमार शर्मा निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान जसपुर द्वारा घटना के संबंध में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने 14 लोगों को नामजद किया था और 30–35 अज्ञातलोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया मामले में शामिल बिलाल उर्फ बिल्लू और आमिर निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया है। उधर, शनिवार को भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से घटनास्थल पर पीएसी तैनात रही।

### हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर बांटी किताबें-ड्रेस



रुद्रपुर के गांव मलसी प्रीत नगर में बच्चों को किताब देते युवा। ● अमृत विचार

**रुद्रपुर :** गांव मलसी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर युवा अधिवक्ता ने अपनी टीम के साथ निर्धन बच्चों को स्कूली किताबें व ड्रेस बांटीं। उन्होंने युवाओं से बहुगुणा के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। युवा अधिवक्ता सूर्यांश त्रिपाठी ने युवा साथियों के साथ मिल कर गांव मलसी प्रीत नगर में सेनानी स्व. बहुगुणा के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर विश्वजीत मिश्रा, अनुराग प्रताप सिंह, पार्थ त्रिपाठी, नवजोत सिंह आदि मौजूद रहे।

### 150 कुत्ते-बिल्लियों को रेबीज के टीके लगाए

**पंतनगर :** विश्व पशुचिकित्सा दिवस पर वेट सोसायटी की ओर से तीन कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसमें पहले कार्यक्रम के तहत रेबीज टीकाकरण और कृमिनाशक दवा वितरण किया गया। इसमें लगभग 150 कुत्ते–बिल्लियों को रेबीज के टीके लगाए गए। दूसरे कार्यक्रम के तहत पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वेटनरी कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में जयश्री रॉय पहले, अदिति रावत एवं ग्रुप दूसरे और सोनाली खुल्बे तीसरे स्थान पर रहे। वहीं तीसरे कार्यक्रम के तहत डॉ. रतन सिंह सभागार में एक अतिथि व्याख्यान डॉ. आदित्य ने दिया।

# बस्ता छोड़कर बच्चों ने सीखीं कई कलाएं

## नई शिक्षा नीति के तहत प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में बस्ता रहित दिवस मनाया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** नई शिक्षा नीति के तहत प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में बस्ता रहित दिवस मनाया गया। बच्चों को कृषि, तकनीकी व रोजगार संबंधित जानकारी दी गई।

राजकीय इंटर कॉलेज बरखेड़ी काशीपुर में छात्र-छात्राएं बिना बैग के विद्यालय में आए व विभिन्न गतिविधियों में सम्मिलित होकर बहुत खुश हुए। सहायक अध्यापक वाणिज्य राजेंद्र सिंह ने वित्तीय सेवाओं के अंतर्गत बैंकिंग प्रणाली के बारे में बताया। चंदन असवाल, उमेश कुमार, शिव किशोर, प्रधानाचार्य हबीब अहमद, डॉ. बलवंत कुमार आर्य, भूपेंद्र नेगी, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में छात्रों ने क्राफ्ट कला पेंटिंग, लिफाफे बनाना, मोटर बांडिंग फर्नीचर मरम्मत, फोटो फ्रेमिंग, क्यारियां बनाना सीखा। प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार गुप्ता, मेजर मुनीषकांत शर्मा, महेश चंद्र आर्य, मनोज शर्मा, आरके जैन, दीपक शर्मा, रमेश कुमार पांडेय, कौशलेश गुप्ता, प्रमोद कुमार, मनीषा चौहान आदि मौजूद थे।

**बाजपुर :** प्रतिभा दिवस के अवसर पर पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को कौशल के गुर सिखाए गए। प्रधानाचार्य मीता बोस, इंदिरा पांडेय, परमजीत कौर ने प्रिंटिंग, रंगोली, दीवारों पर चित्रण व मिट्टी के बर्तन बनाने की कला सिखाई। साथ ही ब्यूटीशियन द्वारा बालों को ड्राई करने, रितेश द्वारा बिजली के उत्पादों को ठीक करना सिखाया।

कार्यक्रम में पूनम शर्मा, अर्चना सिंह, पूजा अग्रवाल, विमला रावत, रेनू चंद्रा, सुजाता, छन्नों, किरण, गीतांजलि, गीता रावत, सुनीता डोवाल आदि मौजूद रही। इसी प्रकार राउमावि महेशपुरा में छात्रों ने किचन गार्डन की निराई गुड़ाई सीखी। इस मौके पर प्रधानाचार्य एसएन सिंह, शिक्षक डा.अर्चना चौहान, राधेश्याम, पंकज वर्मा, संगीता रानी, मंजू कुमारी, सुजाता द्विवेदी आदि मौजूद रहे। इसके अलावा राजकीय इंटर कालेज बरहैनी में बस्ता रहित दिवस का शुभारंभ प्रधानाचार्य महेश कुमार व डायट रुद्रपुर से पहुंची सीमा त्रिवेदी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा, कौशल कुमार मौर्य, सुनील सक्सेना, आशुतोष जोशी, विशाल कुमार, रजनी शर्मा आदि मौजूद थे।

**शांतिपुरी :** आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को महिला शिक्षकों द्वारा दही से छांछ एवं मक्खन निकालने की प्रयोगात्मक जानकारी दी तो क्षेत्र के जागरूक किसान वीएस कोरंगा ने कृषि एवं बागवानी की बेसिक जानकारियां दीं। इस दौरान प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. बी भट्ट, पीएन सिंह, एनपी सिंह, गोविंद आग्रे, फकीरचंद, प्रभा राणा, पीटीआई नवीन भट्ट, निहारिका पांडे, प्रियंका पवार मौजूद रहे।



क्राफ्ट कला पेंटिंग सीखते उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज के छात्र।



जीआईसी शांतिपुरी में छात्रों को जानकारी देते शिक्षक।



बाजपुर के पीएम श्री जीजीआईसी में पोस्टरों के साथ बालिकाएं। ● अमृत विचार

# सस्ता-गल्ला दुकानों की कार्यशैली जांचेंगे

संवाददाता, रुद्रपुर

**सख्ती**
- जिला पूर्ति अधिकारी ने दिए निरीक्षकों को आदेश
- कार्डधारकों के बयानों के आधार पर बनी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** शहरी इलाके में राशन वितरण में धांधली के चार मामले पकड़े जाने के बाद जिला पूर्ति विभाग ने जिले के सस्ता गल्ला विक्रेताओं की कार्यशैली की जांच शुरू कर दी है। इसके लिए पूर्ति अधिकारी ने पूर्ति निरीक्षकों को आदेशित कर दिया है। साथ ही आदेश दिया कि प्रत्येक सस्ता गल्ला विक्रेता की जांच दस्तावेजों सहित कार्डधारकों के बयानों के आधार पर होगी ताकि धांधली करने वालों को चिह्नित किया जा सके।

अप्रैल माह में मिल रही राशन वितरण में धांधली की शिकायतों के बाद जब पूर्ति निरीक्षक ने मौका मुआयना किया तो पांच सस्ता गल्ला विक्रेताओं पर लग रहे आरोप सही पाए गए। पाया कि विक्रेता कार्डधारकों को पर्ची देकर कई दिनों का राशन मिलों को सप्लाई कर देते हैं, जबकि बायोमेट्रिक के माध्यम से राशन वितरण व्यवस्था संचालित है। इसके अलावा गल्ले के निर्धारित राशन अधिभार का भी कोई लेखा जोखा नहीं मिला। कार्डधारकों ने गल्ला विक्रेता की मनमानी का भी आरोप लगाया था।

पूर्ति निरीक्षक की रिपोर्ट के बाद डीएम ने चार गल्ला विक्रेताओं की दुकानों को सस्पेंड कर अटैच कर दिया, जबकि एक दुकान पर कार्रवाई की तलवार लटकी हुई है। मामला सामने आने पर जिला पूर्ति अधिकारी श्याम लाल आर्य ने जिले के सभी पूर्ति निरीक्षक को आदेशित किया कि प्रत्येक गल्ला विक्रेताओं की वितरण व्यवस्था, अभिलेखों की जांच के अलावा कार्डधारक के बयानों के आधार पर जांच की जाए। साथ ही चिह्नित करने का प्रयास किया जाए कि कौन गल्ला विक्रेता नियमों को ताक पर रखकर सरकारी राशन की बंदरबांट कर रहा है।

> राशन वितरण में धांधली का मामला पकड़े जाने के बाद जिले के सस्ता गल्ला दुकानों की कार्यशैली की जांच का आदेश दिया जा रहा है। जल्द ही आदेश पत्र जारी किया जाएगा। सरकारी राशन की बंदरबांट करना अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में पूर्ति निरीक्षक कार्डधारकों के बयानों के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे और विभाग को मुहैया कराएंगे। ताकि चिह्नित व दोषी दुकानों पर कार्रवाई की जा सके।
> **–श्याम लाल आर्या, जिला पूर्ति अधिकारी, ऊधमसिंह नगर**

# प्याज बिक्री की आड़ में कारोबारी को लगा दिया लाखों का चूना

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** आवास विकास स्थित इंटरप्राइजेज की संचालिका को प्याज का बड़ा स्टॉक दिखाकर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप था कि लाखों का भुगतान करने के बाद भी प्याज की डिलीवरी नहीं हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पार्क मोहल्ला बीटीआई मार्ग वार्ड-दस भिंड मध्य प्रदेश एवं वर्तमान पता आवास विकास शिव शक्ति मंदिर की रहने वाली माधवी पचौरी ने बताया कि उसकी मैसर्स बालाजी इंटरप्राइजेज पूर्व नाम बालाजी इंजीनियर्स नाम से फर्म है। जो स्पेयर पार्ट्स के अलावा प्याज की खरीद-फरोख्त का कार्य करती है। बताया कि फर्म के प्रतिनिधि सौरभ राय ने एक दिन यूनिक वार ब्लाक-चार रामकृष्ण रोड ईटाल गाझा उत्तरी परगना पश्चिम बंगाल निवासी अभिजीत घोष से मुलाकात कराई।

अभिजीत घोष ने बताया कि उसकी ग्लोबल लाईजिनिंग वैंचर नाम से फर्म है और कार्यालय गुहा रोड दमदम कोलकाता पश्चिम बंगाल है। फर्म बड़े स्तर पर प्याज की बिक्री करती है। बताया कि उनके पास बड़ी मात्रा में प्याज का स्टॉक पड़ा है और उचित दामों में बेचा जा सकता है। बताया कि प्याज खरीद का भुगतान करने के पंद्रह दिन के अंदर प्याज की डिलीवरी हो जाएगी। फर्म संचालिका ने बताया कि बातों पर भरोसा करते हुए उसने ग्लोबल फर्म के खाते में 6 अक्टूबर 2020 से लेकर 20 अक्टूबर तक 34.67 लाख का भुगतान कर दिया।

5 नवंबर 2020 को 3.64 लाख कीमत की प्याज की पहली डिलीवरी आई। जब कई माह बीत जाने के बाद भी प्याज की डिलीवरी नहीं आई तो फर्म स्वामी अभिजीत घोष को कई बार डिलीवरी देने का दबाव बनाया। बावजूद वर्ष 2024 की अप्रैल माह तक कोई डिलीवरी नहीं आई। फर्म संचालिका का कहना था कि आरोपी ने बकाया धनराशि का भुगतान भी नहीं दिया और प्याज की डिलीवरी भी नहीं की। आरोप था कि फर्म संचालक ने कुटरचित तरीके से प्याज का कारोबार दिखाकर 31,03,431 हड़प लिए है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेपर मिल के अकाउंट हेड पर लगा रिश्वत मांगने का आरोप

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** लालकुआं स्थित पेपर मिल के अकाउंट हेड पर ठेकेदार से रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। ठेकेदार का आरोप था कि जब रिश्वत नहीं दी तो उस पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया गया। ठेकेदार की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एलायंस कॉलोनी निवासी बाबूलाल पटवारी ने बताया कि उसका लालकुआं स्थित सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल में 25 वर्षों से मजदूरी व मशीनरी सर्विस का ठेका चल रहा है। जिस कारण अकाउंट विभाग में उसका लाखों का बकाया है। आरोप था कि जब भुगतान करने के लिए मिल के अकाउंट विभाग के हेड संजय धानुका निवासी सीपीसी सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल लालकुआं ने लेनदेन को लेकर एक मीटिंग की। आरोप था कि अकाउंट हेड संजय ने बकाया धनराशि का भुगतान करने की एवज में 50 लाख कीमत का एक प्लाट रिश्वत के तौर पर मांगा और चेतावनी दी कि यदि प्लांट की डिमांड पूरी नहीं हुई, तो भुगतान नहीं होने दिया जाएंगा। उन्होंने बताया कि जब रिश्वत के तौर पर प्लाट देने से इंकार कर दिया और भुगतान संबंधी आला अधिकारियों को मेल कर अवगत कराया। तभी से अकाउंट हेड रंजिश रखने लगा। आरोप था कि 18 अप्रैल की सुबह साढ़े नौ बजे आरोपी संजय धानुक अपने साथियों के साथ कॉलोनी आया और रास्ता रोककर जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया। हमले में वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की भीड़ देखकर हमलावर मौके से फरार हो गए। ठेकेदार का कहना है कि उसके परिवार की जानमाल का खतरा बना हुआ है।

## खटीमा में गेहूं की नरई में लगी आग

**खटीमा, अमृत विचार :** मजरा फॉर्म में गेहूं की नरई में लगी आग गणेश सिंह नेगी, गणेश सिंह, बहादुर सिंह बोरा के घर के पास पहुंच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड से घरों के पास के भूसे के ढेरों को बचा लिया गया। इधर भुड़ाई गांव में भी गेहूं के नरई में आग लगने की सूचना मिलने पर तुरंत घटनास्थल पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आकाश जोशी के घर के समीप गेहूं के नरई में लगी हुई पर काबू पाया। टीम में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सुभाष जोशी, सुंदर सिंह, केदार सिंह, दिनेश कापड़ी, भवान सिंह, अमित नाथ, विक्रम भंडारी, अंकिता कुंवर, सीमा गहरवाल आदि थे।

भर्ती
35-सिक्योरिटी गार्ड
रामनगर, काशीपुर, नैनीताल
वेतन - 12,000-14,000
खाने, रहने, EPF, ESI
साप्ताहिक अवकाश
GK SECURITY & PALACEMENT SERVICES
(A PSARA Regd. Company)
रामनगर
Contact : 7088282000
7088283000, 9639571000

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

विवाह से पूर्व मेरा नाम बॉबी पुत्री महेंद्र सिंह था। अब विवाह के बाद मैने अपना नाम बॉबी खन्ना पत्नी राजेश खन्ना रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। – **बॉबी खन्ना पत्नी राजेश खन्ना निवासी गंगोत्री मझोला, खटीमा (उधम सिंह नगर)**

# 6502 ने छोड़ी लैब असिस्टेंट की परीक्षा

- पंजीकृत 10010 अभ्यर्थियों में से 3508 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा
- रुद्रपुर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में दो पालियों में आयोजित हुई परीक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अमृत विचारः उत्तराखंड सचिव लोक सेवा आयोग हरिद्वार की ओर से प्रयोगशाला सहायक उच्च शिक्षा विभाग (समूह ग) लिखित परीक्षा आयोजित हुई। पहले दिन पंजीकृत 6338 अभ्यर्थियों में से 2326 ने परीक्षा दी, जबकि 4012 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में पंजीकृत 3672 अभ्यर्थियों में से 1182 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2490 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

शनिवार को प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा के लिए शहर में पहली पाली सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित परीक्षा के लिए 17 परीक्षा केंद्र बनाए गये थे। पहली पाली में 6338 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इसमें 2538 महिला और 3800 पुरुष अभ्यर्थी शामिल थे। इसमें 2326 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 896 महिला और 1430 पुरुष अभ्यर्थी शामिल रहे। जबकि 4012 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। इसमें 1642 महिला और 2370 पुरुष शामिल रहे।

वहीं दूसरी पाली में सुबह 2 बजे से 5 बजे तक परीक्षा आयोजित हुई। इसमें 3672 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इसमें 1105 महिला अभ्यर्थी और 2567 पुरुष अभ्यर्थी शामिल रहे। 1182 अभ्यर्थियों ने परीक्षा थी। इसमें 309 महिला और 873 पुरुष अभ्यर्थी शामिल रहे। जबकि 2490 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। इसमें 796 महिला और 1694 पुरुष अभ्यर्थी शामिल रहे। ओसी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृत शर्मा ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि रविवार और सोमवार को भी दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी।



रुद्रपुर के एक परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)


ग्राम पंचायत जोगीपुरा में लगी आग में जलकर राख हुईं झोपड़ियां।


आग में सबकुछ राख हो जाने के बाद बिलखते परिजनों को समझातीं महिलाएं।

# दो घरों की पांच झोपड़ियां राख, पांच मवेशियों की मौत, महिला झुलसी

## दोनों परिवारों को राशन किट और अहेतुक सहायतार्थ 5-5 हजार रुपये की धनराशि दी

संवाददाता, बाजपुर

**05** लाख के करीब नुकसान का अनुमान

**07** क्विंटल गेहूं चावल, बिस्तर, कपड़े आदि जले

अमृत विचार : अज्ञात कारणों से लगी आग में दो घरों की पांच झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। अग्निकांड में पांच मवेशी भी जलकर मर गए हैं। एक महिला झुलस गई है। हजारों की नकदी समेत करीब पांच लाख के नुकसान की बात कही जा रही है।

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत जोगीपुरा के अंतर्गत लालता कॉलोनी में निवासरत दिनेश कुमार पुत्र शिवलाल व छत्रपाल पुत्र नत्थू लाल के आवास में शुक्रवार की मध्य रात्रि अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना के वक्त दोनों परिवारों के लोग घर के अंदर गहरी नींद में सो रहे थे, जिन्हें अपनी जान बचाना भारी पड़ गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दोनों परिवारों की पांच झोपड़ियां जलकर राख हो गईं तथा दिनेश के तीन व छत्रपाल के दो मवेशी झुलस मर गए। अग्निकांड में छत्रपाल की पत्नी वीरवती झुलस गई है। बताया गया कि दिनेश के घर में रखी 60 हजार रुपये की नकदी, बाइक, सात क्विंटल गेहूं, चावल, बर्तन, बिस्तर, कपड़े, मोबाइल आदि सहित तीन लाख रुपये तथा छत्रपाल के घर में रखे 6 हजार रुपये के साथ ही बाइक, तीन क्विंटल गेहूं, चावल, बिस्तर, बर्तन, कपड़े आदि समेत करीब दो लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया है। दोनों परिवारों के सदस्यों पर केवल पहने हुए कपड़े ही बचे हैं। वहीं राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे कानूनगो सुनीतिपाल सैनी, पटवारी खुशाल सिंह ने मौका मुआयना कर नुकसान का आंकलन किया। इसकी रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों के माध्यम से शासन को भेजने की बात कही गई है। वहीं अग्निकांड से प्रभावित दोनों परिवारों को राशन किट एवं अहेतुक सहायतार्थ 5-5 हजार रुपये की धनराशि भी मुहैया कराई गई है।


पीड़ित परिवार को सहायता सामग्री उपलब्ध करवाते राजस्व अधिकारी।




घायल छत्रपाल और झुलसी वीरवती।

### विधायक प्रतिनिधि ने भी पीड़ितों का हाल जाना

**बाजपुर :** ग्रामसभा जोगीपुरा में शुक्रवार की रात हुई अग्निकांड की जानकारी के बाद शनिवार को मौके पर पहुंचे विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी ने दोनों अग्निकांड पीड़ित परिवारों का हालचाल जाना तथा तहसीलदार व राजस्व प्रशासन, पशु चिकित्सालय के चिकित्सक से वार्तालाप कर मदद करने के लिए कहा गया। सरकार से जल्द से जल्द अग्नि पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने की मांग की। इस मौके पर वीर सिंह, प्रेम सिंह, बृजेश यादव, फुरकान अहमद, राजू, सुनील, राहुल आदि मौजूद रहे।

### भाजपा नेता ने की छत्रपाल की सराहना

**बाजपुर :** मौके पर पहुंचे भाजपा नेता राजेश कुमार ने विषम परिस्थितियों में आग में घिर जाने के बावजूद दीवार तोड़कर अपने चार बच्चों व पत्नी को बाहर सुरक्षित निकाले जाने पर छत्रपाल की सराहना की। इस दौरान छत्रपाल की पत्नी वीरवती भीषण आग में झुलस गई है।

## दुकान से 50 हजार की नगदी चुराई

**काशीपुर, अमृत विचार :** एक बुक कॉर्नर की दीवार तोड़कर चोर दुकान में घुस गए और गल्ले में रखी हजारों रुपये की नगदी चुरा ली। पीड़ित ने कटोराताल चौकी को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस ने चोरों की तलाश में आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

मोहल्ला सिंघान निवासी उदित कुमार की रतन सिनेमा रोड पर मेहरोत्रा बुक कॉर्नर के नाम से दुकान है। गुरुवार की शाम को वह दुकान बंद कर घर चले गए। शुक्रवार को वह दुकान पहुंचे तो एग्जॉस्ट फैन काटकर वहां कूमल लगा पाया। चोर गल्ले में रखी नकदी चोरी कर ले गए थे। दुकान स्वामी उदित ने बताया कि चोरी हुई नकदी गुरुवार की दिन भर की बिक्री की थी। बताया कि रकम करीब 50 हजार से अधिक थी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने चोरों की तलाश की।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, चालक फरार

संवाददाता, रुद्रपुर


बलजीत सिंह।

**अमृत विचार :** बाइक से नानकमत्ता जा रहे बाइक सवार को छोटे हाथी (टाटा मैजिक वाहन) ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद छोटा हाथी का चालक फरार हो गया है। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

बैरखेड़ी बिलासपुर यूपी निवासी 28 वर्षीय बलजीत सिंह कंबाइन चलाने का काम करता है। रोजमर्रा की भांति शनिवार की सुबह 10 बजे बाइक से नानकमत्ता के लिए निकला। बताया जा रहा है कि जैसे ही बाइक सवार युवक गदरपुर हाईवे स्थित लंबा खेड़ा मार्ग पर पहुंचा तो अचानक टाटा मैजिक वाहन संख्या यूके-06 सीबी-1767 ने टक्कर मार दी।

स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 आपातकालीन वाहन से गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल लाया गया है। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाल धीरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजने के बाद चालक की तलाश शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि युवक चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था और उसका एक मासूम बच्चा भी है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

### ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

**खटीमा :** नानकमत्ता बाईपास पर अनियंत्रित होकर पुल से ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की मौत हो गई। नानकमता निवासी 24 वर्षीय प्रभजोत सिंह ट्रैक्टर लेकर नानकमता बाईपास पर लेकर गया ही था कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुल से नीचे पलट गया। इसमें प्रभजोत गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को 108 एंबुलेंस की सहायता से नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। लेकिन परिजन अन्यत्र जांच कराने की बात करते हुए रेफर करने की बात करने लगे। इस पर चिकित्सक द्वारा मृत घोषित करने और परिजनों के आग्रह पर अन्यत्र जांच का लेटर बना दिया। परिजन प्रभजोत को लेकर निजी एंबुलेंस से अन्यत्र चले गए।

# बेटे की हत्या कर शव लटकाने का आरोप

**आरोप**

- थाना दिनेशपुर इलाके में मिला था युवक का शव
- पिता ने लगाई एसएसपी से जांच करने की गुहार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** थाना दिनेशपुर इलाके में विश्वजीत मौत प्रकरण में युवक की हत्या कर लटकाने का मामला सामने आया है। मृतक के पिता ने बहू पर प्रेमी के साथ मिलकर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से मामले की जांच करने की गुहार लगाई है।

शनिवार को मानपुर ओझा स्वर्ग फार्म बिलासपुर यूपी निवासी दुलू घरामी ने एसएसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके बेटे विश्वजीत की शादी दिनेशपुर की रहने वाली युवती से हुई थी। शादी के कुछ माह बाद बहू जबरन व दबाव बनाकर बेटे को अपने साथ दिनेशपुर ले गई और वहीं पर रहने लगी। पता चला कि बहू का किसी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है और उसके बेटे के साथ मारपीट कर डराया धमकाया जा रहा है।

बहू को समझाने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी व हाथापाई की गई। बताया कि चार अप्रैल रात्रि 12 बजे के बाद पता चला कि उसके बेटे ने आत्महत्या कर ली और जब दिनेशपुर गए तो शव पोस्टमार्टम के लिए जा चुका था। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई कि बहू ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर बेटे की हत्या कर शव को लटका दिया और आत्महत्या दर्शा दी, जबकि उसने दिनेशपुर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने एसएसपी से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप

**बाजपुर :** पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर बहन को फांसी देकर हत्या करने का आरोप उसके पति, सास व देवर पर लगाते हुए मृतका के भाई ने कोतवाली में तहरीर दी है। इसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बरहैनी निवासी अजय पुत्र दीपचंद ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन मिथलेश का विवाह 22 मई 2022 को ग्राम महेशपुरा निवासी शेखर सैनी पुत्र रमेश सैनी के साथ हुआ था। इसमें माता-पिता व रिश्तेदारों ने फ्रिज, कूलर, बाइक आदि घरेलू सामान दिया था। साथ ही 60 हजार रुपये दिए थे। बहन के दो बच्चे माही उम्र 1 वर्ष व हर्ष उम्र-03 माह हैं। आरोप है कि शादी के कुछ समय के पश्चात से ही पति शेखर, देवर सतीश व सास चंद्रादेवी उसकी बहन को कम दहेज लाने का ताना देकर प्रताड़ित करते चले आ रहे थे और उससे 5 लाख रुपये अपने माता-पिता से लाकर देने का दबाव बना रहे थे। करीब 6 माह पूर्व भी आरोपितों ने बहन के साथ मारपीट की थी। अजय अपने दूसरे जीजा रामपाल समझाने आरोपित के घर गए तो उनके साथ भी गाली-गलौज व मारपीट की गई। किसी तरह जान बचाकर अपने घर पहुंचे। आरोप है कि 23 अप्रैल को बहन मिथलेश को उसके पति शेखर, देवर सतीश व सास चंद्रा देवी ने फांसी लगाकर मार दिया जिसको आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कर दिया गया, जहां डाक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया जिसकी सूचना मामा सर्वेश कुमार द्वारा दी गई। वहीं पुलिस ने तहरीर में नामजद पति, देवर व सास के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## दो भाइयों ने की युवक से मारपीट

**काशीपुर, अमृत विचार :** एक युवती ने दो सगे भाइयों के खिलाफ उसके भाई को रास्ते में रोककर धारदार हथियारों से हमला करने का आरोप लगाया है। हमले में युवती का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया है। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मोहल्ला पक्काकोट निवासी कौसर ने पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि मोहल्ले के दो सगे भाई साहिल व राहिल उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। पूर्व में भी दोनों भाई उसके घर में घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ कर चुके हैं। बीती 24 अप्रैल को उसका भाई कमाल फैक्ट्री से ड्यूटी कर घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में उसके भाई कमाल को आरोपी दोनों भाइयों ने रोककर मारा पीटा और धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। यह भी आरोप है कि हमलावरों ने उसका मोबाइल और नकदी भी लूट ली। घायल कमाल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। युवती ने बताया कि पूर्व भी दोनों भाइयों ने उसके दूसरे भाई गुलाब के साथ भी मारपीट की थी।

# अभिभावकों से सामंजस्य और मिशन कोशिश पर चर्चा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक एवं इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्यों के साथ विद्यालयों की आगामी तीन माह की अकादमिक कार्ययोजना के बेहतर संचालन के लिए मिशन कोशिश कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें अभिभावकों के साथ सामंजस्य और विद्यालयों के क्रियाकलापों पर चर्चा की गई।

ब्लॉक संसाधन केंद्र सभागार में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा हरेंद्र कुमार मिश्रा ने किया। कार्यशाला में उन्होंने शिक्षक शिक्षिकाओं को बताया कि मिशन कोशिश क्या है? और इसके उद्देश्य क्या हैं से अवगत कराया।



खटीमा के बीआरसी में प्रधानाचार्यों की बैठक लेते जिला शिक्षा अधिकारी।

इस दौरान मिशन के संचालन की प्रक्रिया एवं उद्देश्यों की प्राप्ति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विद्यालय का भौतिक एवं अकादमिक वातावरण बेहतर बनाने के तरीके, अभिभावकों का विद्यालयों से जुड़ाव, प्रातः कालीन सभा और पुस्तकालय आदि को समृद्ध बनाने के तरीकों एवं प्रयासों पर चर्चा की गई। इसी क्रम में उपशिक्षा अधिकारी भानु प्रताप ने आनंदम पाठ्यचर्या के माध्यम से बच्चों के सीखने- सिखाने और समृद्ध करने परंथन हुआ। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक करुणेश सिंह, संकुल प्रभारी अरविंद गोस्वामी, अंजुम आलम, अजय गंगवार, जितेंद्र यादव, मदन अधिकारी मौजूद रहे।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**बाजपुर, अमृत विचार :** घर के बाहर गेट पर खड़ी बाइक चोरी हो गई। नगरपालिका के वार्ड नंबर-सात मोहल्ला संजय नगर निवासी राजेश कुमार सक्सेना ने पुलिस को बताया कि उसकी बाइक संख्या (यूके18/डी5349) 26 अप्रैल की देर रात करीब 10 बजे घर के गेट के पास खड़ी थी। आरोप है कि जब वह बाहर आया तो बाइक गायब थी। आस-पास काफी तलाश की गई, लेकिन कहीं पता नहीं चला। बाइक को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया है। पुलिस ने मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**शांतिपुरी, अमृत विचार :** शांतिपुरी क्षेत्र में वन विभाग की गश्ती टीम ने एक अवैध उपखनिज भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज कर दिया है। शुक्रवार देर रात को गश्त के दौरान वन विभाग की टीम ने शांतिपुरी नंबर चार से चोरी कर अवैध उपखनिज लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ लिया है। इसमें 60 क्विंटल रेता बजरी भरा हुआ था। वाहन को लालकुआं डौली रेंज कार्यालय ले जाकर सीज कर दिया है।

# बिजली की दरों में बढ़ोतरी का विरोध किया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश में विद्युत दरों में बढ़ोत्तरी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया। साथ ही बढ़ी हुई दरों को जनहित में वापस लेने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को सौंपा गया।

शनिवार को काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते की अगुवाई में एकत्र होकर एसडीएम दफ्तर जा पहुंचे और प्रदर्शन कर बिजली की कीमतों में की गई बढ़ोत्तरी का विरोध किया। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया। उनका कहना था कि ऊर्जा विभाग द्वारा प्रदेश में बिजली की दरों में काफी अधिक बढोत्तरी कर दी गई है। ऐसे में ऊर्जा प्रदेश होने के बावजूद बिजली उपभोक्ताओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है, बार-बार विद्युत दरें बढ़ा कर राज्य की जनता के साथ धोखा किया जा रहा है। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, सभासद जगतजीत सिंह, महेश कुमार आशु, राजदीप तिवारी, रामअवतार यादव, सिंह स्वरूप भारती, सुनील कुमार, नत्था सिंह, निसार अहमद, तनवीर खां गुड्डू, साबिर हुसैन, तिलक सिंह राठौर, गोलू आदि मौजूद रहे।


एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते पूर्व पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते।

### मतदान के बाद जनता को महंगाई का झटका



**बाजपुर :** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग पूरी होने के बाद अब एक बार फिर महंगाई के मोर्चे पर जनता को बड़ा झटका लगा है। भाजपा सरकार आम जनता की जेब काटने में लगी है। आर्य ने कहा कि राज्य में बिजली की कीमतों में करीब 7 फीसदी तक का उछाल आया है, जिसका सीधा असर राज्य के 22 लाख उपभोक्ताओं पर होगा। इतना ही नहीं सरकार ने उपभोक्ताओं पर फिक्स चार्ज को भी बढ़ाया है। यानी उपभोक्ताओं पर दाम बढ़ाने को लेकर दोहरी मार पड़ी है।

**कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर**
विकास भवन रूद्रपुर निकट कोषागार रूद्रपुर, उत्तराखण्ड, फोन व फैक्स - 05944-250060
ई-मेल - dfotaraicentral@rediffmail.com

पत्रांक सं. : 3585/27-7, रूद्रपुर
दिनांक : 26-04-2024

**जनपद ऊधमसिंह नगर / नैनीताल में वनों की अग्नि से सुरक्षा हेतु अपील**
वनाग्नि काल प्रारम्भ हो चुका है, अतः वनों की अग्नि सुरक्षा हेतु सम्मानित जनता से निम्न प्रकार अपील की जाती है :-

**1. वनाग्नि सुरक्षा हेतु निम्न बिन्दुओं पर ध्यान दें तथा वनों की सुरक्षा में सहभागी बनें :-**
- यदि किसी वन क्षेत्र में आग दिखाई दे तो तुरन्त इसकी सूचना निकटस्थ वन कर्मचारी या वन विभाग के रेंज कार्यालय के निकटवर्ती कन्ट्रोल रूम में दें।
- वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा आग बुझाने में मदद मांगने पर सहायता प्रदान करें। यदि अग्नि छोटी मात्रा में हो या दुर्घटनावश लग गयी है तो उसे तत्काल बुझा दें।
- वन क्षेत्रों के समीप खेतों, आवसीय भवन, बगीचे, गोशाला, गैस गोदाम, पेट्रोल पम्प आदि स्थानों की कम से कम 5-10 मीटर की परिधि में ज्वलनशील पदार्थ की सफाई करें।
- यदि आप किसी को वनों में आग लगाते देखते हैं तो उसे रोकें तथा उसकी रिपोर्ट निकटवर्ती वन चौकी / पुलिस थाने में दें। भारतीय वन अधिनियम 1927 के अन्तर्गत वनों में आग लगाना दण्डनीय अपराध है।
- आरक्षित, सिविल एवं पंचायती वनों में आग लगाने वाले व्यक्ति के सम्बन्ध में सूचना देने वाले व्यक्ति को पुरस्कृत किया जायेगा तथा उसकी जानकारी गोपनीय रखी जायेगी।

**2. वनों की अग्नि से सुरक्षा हेतु निम्न सावधानी बरतें :-**
- जलती सिगरेट, बीड़ी या दिया-सलाई वन क्षेत्रों में ना फेंके। लापरवाही से फेंकी गयी एक दिया-सलाई से आग लगने पर अनेकों पेड़-पौधे एवं वन्यजीव नष्ट हो जाते हैं।
- जानवरों की घास के लिए वन क्षेत्रों में आग न लगायें, इससे कालान्तर में वनों को नुकसान होने की सम्भावना रहती है।
- शादी एवं विभिन्न समारोहों के दौरान पटाखे छोड़ने से वनों में आग लगने की सम्भावना रहती है। अतः वनों के समीप पटाखों का प्रयोग न करें।
- पिकनिक के समय खाना बनाने के बाद जलती आग न छोड़े इसे भली-भाँति बुझाकर ही जायें।
- अपने खेतों में आड़े सुबह के समय ही जलायें तथा आड़े जलाने से पूर्व निकटस्थ वन चौकी को सूचित करें।
- व्यक्तिगत रंजिश या शरारत से प्रेरित हो कर वनों में आग लगाकर राष्ट्रीय वन सम्पदा की क्षति न करें।

**3. वनाग्नि घटित होने पर क्या करें :-**
- नजदीकी वनाग्नि क्रू स्टेशन को सूचित करें।
- जब तक वन विभाग के कर्मचारी मौके पर नहीं पहुँचते तब तक स्थानीय लोगों को एकत्र कर सावधानीपूर्वक अग्नि को नियंत्रित करने का प्रयास करें।
- मानव एवं पशुधन आदि की सुरक्षा सर्वप्रथम करें।
- घटनास्थल पर पड़ी ऐसी चीजों को हटाने का प्रयास करें, जिससे आग फैल जाने का खतरा हो।

**4. वनाग्नि सूचना हेतु महत्वपूर्ण दूरभाष नम्बर निम्न प्रकार हैं :-**

| | |
|---|---|
| राज्य वनाग्नि एवं आपदा प्रबन्धन कक्ष देहरादून टोल फ्री नं. 18001804141, फोन नं. 0135-2744558 | जिला आपदा प्रबन्धन ऊ.सि. नगर - 05944-250250 |
| प्रभागीय मास्टर कन्ट्रोल रूम - 9761323974 | वन क्षेत्राधिकारी, हल्द्वानी - 9917127615 |
| वन क्षेत्राधिकारी, रूद्रपुर - 9897106769 | वन क्षेत्राधिकारी, भाकड़ा - 7983939305, 9837237772 |
| वन क्षेत्राधिकारी, टाण्डा - 9719005973 | वन क्षेत्राधिकारी, गदगदिया - 9410572167 |
| वन क्षेत्राधिकारी, पीपलपड़ाव - 9719005973 | जिला आपदा प्रबन्धन, ऊ. सिं. नगर - 05944-250250 |
| वन क्षेत्राधिकारी, बरहैनी - 9410572167 | |

**वन आपके हैं इनकी रक्षा कर अपनी भावी पीढ़ी की रक्षा करें।**

(उमेश चन्द्र तिवारी)
प्रभागीय वनाधिकारी
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर

(उदयराज सिंह)
जिलाधिकारी
ऊधमसिंह नगर


समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि।



आईआईएम काशीपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान डिग्रियों के साथ छात्र-छात्राएं व अतिथि। ● अमृत विचार


दिव्यांग छात्रा को डिग्री देते अतिथि। ● अमृत विचार

# आईआईएम ने 438 छात्राओं को दी प्रबंधन की डिग्रियां

## काशीपुर आईआईएम ने किया दीक्षांत समारोह का आयोजन, समारोह के केपीएमजी इंडिया के सीईओ नागपोरवाला मुख्य अतिथि रहे

संवाददाता, काशीपुर

**10** छात्रों के पाठ्यक्रमों में शानदार प्रदर्शन पर दिए गए मेडल

**11** वें दीक्षांत समारोह का आईआईएम में भव्य कार्यक्रम

**21** ने कार्यकारी एमबीए डिग्री पाई, 15 को डाक्टरेट की डिग्री

**अमृत विचार :** भारतीय प्रबंधन संस्थान काशीपुर ने विभिन्न कार्यक्रमों के तहत इस वर्ष स्नातक होने वाले 438 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कीं। केपीएमजी इंडिया के सीईओ येज्दी नागपोरवाला ने 10 छात्रों को उनके संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रदर्शन के लिए पदक से नवाजा।

शनिवार को दीक्षांत समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि नागपोरवाला, आईआईएम काशीपुर शासी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप सिंह व डायरेक्टर कुलभूषण बलूनी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह में 438 छात्रों को प्रबंधन की डिग्री प्रदान की। समारोह के दौरान, 232 स्नातक समूहों ने एमबीए डिग्री, 87 ने एमबीए एनालिटिक्स डिग्री, 83 ने ईएमबीएए डिग्री और 21 ने कार्यकारी एमबीए डिग्री प्राप्त की। डॉक्टरेट कार्यक्रम के 15 विद्वानों को भी उनकी डिग्री प्राप्त हुई। एग्जीक्यूटिव एमबीए एनालिटिक्स के पहले बैच को डिग्री प्रदान की गई। पहले ईएमबीएए समूह के कम से कम 83 छात्र अपनी डिग्री प्राप्त किया है। इनमें से 16 महिलाएं हैं। बैच का औसत कार्य अनुभव 9.16 वर्ष था, एक प्रतिभागी के पास 20 वर्ष से अधिक का कार्य अनुभव था। बीओजी अध्यक्ष संदीप सिंह कहा कि एनआरएफ 2023 में आईआईएम काशीपुर की 19वीं रैंक अद्वितीय मानकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

एमबीए (एनालिटिक्स) में 69% महिला प्रतिनिधित्व सहित हमारा विविध छात्र समूह, शिक्षा के विकसित परिदृश्य को रेखांकित करता है। निदेशक प्रो. कुलभूषण बलूनी ने कहा कि इस साल बाजार की चुनौतियों के बावजूद, हमने 200 से अधिक छात्र संगठनों की सक्रिय भागीदारी देखी, जिसमें एमबीए और एमबीए (एनालिटिक्स) बैच को 270 ऑफर दिए गए। आईसीआईसीआईसीआई बैंक, केपीएमजी, कैपजेमिनी, बैंक ऑफ अमेरिका, गार्टनर, टाइगर एनालिटिक्स, टाटा कैपिटल, डेलोइट इत्यादि जैसे नियमित भर्तीकर्ताओं के अलावा, कई नए संगठन आए। दीक्षांत समारोह में असाधारण शैक्षणिक प्रदर्शन को भी सम्मानित किया गया।

विद्यार्थियों को पांच स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक प्रदान किए गए। इसके अलावा, "निदेशक की मेरिट सूची" में जगह बनाने वाले 17 छात्रों को भी शैक्षणिक गतिविधियों के प्रति उनके समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।



दीक्षांत समारोह का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

### पांच नियमित पाठ्यक्रम प्रदान करता है आईआईएम

**काशीपुर :** आईआईएम काशीपुर पांच नियमित पाठ्यक्रम प्रदान करता है। एमबीए, एमबीए - एनालिटिक्स, कार्यकारी एमबीए, कार्यकारी एमबीए एनालिटिक्स, और एक डॉक्टरेट कार्यक्रम। इसके अलावा, संस्थान कई ऑनलाइन पाठ्यक्रम भी पेश करते हैं। अस्पताल प्रबंधन, रेल प्रबंधन और व्यावसायिक रणनीति के लिए डिजाइन सोच और नवाचार सहित 17 लघु ऑनलाइन प्रमाणपत्र कार्यक्रम और आठ एक-वर्षीय कार्यकारी/स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र कार्यक्रम हैं। तीन डिप्लोमा कार्यक्रम।

### ये हैं पदक विजेता छात्र

**एमबीए 2022-24 बैच**
- श्रवण हरिहरन — सोना
- बोधिसत्व घोष — रजत
- शिवन शर्मा — कांस्य

**एमबीए (एनालिटिक्स)**
- श्रीजिता मैती — सोना
- सुभम शेखर सारंगी — सिल्वर

**कार्यकारी एमबीए**
- कपिल शर्मा — गोल्ड
- गौरव डोबरियाल — रजत

**कार्यकारी एमबीए एनालिटिक्स**
- रमनदीप कौर — गोल्ड
- योगेश विजय वालुंज — रजत

# खुद पर भरोसा हो तो हो जाते हैं सब काम आसान

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** आईआईएम काशीपुर के 11वें दीक्षांत समारोह में गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल पाकर विद्यार्थी खुशी से झूम उठे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद मेडल प्राप्त करने वाले छात्रों ने अपने मेडल के साथ सेल्फी कर अपने दोस्तों को शेयर की। साथ ही सफलता के मंत्र भी बताए।

गोल्ड मेडल पाने वाले केरल निवासी सरवन हरिहरन ने बताया कि गोल्ड मेडल पाकर वह बहुत खुश हैं। उन्हें खुद पर भरोसा था। यही वजह है कि वह अपनी मंजिल तक पहुंचे हैं। कहा कि मुझे पढ़ने का बहुत शौक है। उन्होंने बताया कि उनका प्लेसमेंट हो गया है। वह जल्द ही अपनी जॉब ज्वाइन करेंगे।

उन्होंने बताया कि उन्हें स्कूल के दिनों से ही आईआईएम से एमबीए करने का सपना था, जो आज पूरा हो गया है। उन्होंने जूनियर को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि खुद पर भरोसा रखो, खूब मेहनत करो और जिस चीज के लिए आप आए हो उस पर पूरी तरह फोकस्ड रहो। एक न एक दिन वह चीज स्वयं मिल जाएगी।

दूसरी गोल्ड मेडल कोलकाता निवासी श्रीजिता मैती ने बताया कि कामकाज और पढ़ाई के बीच तालमेल बैठाने के लिए टाइम मैनेजमेंट बहुत मायने रखता है। मैंने भी यही किया। गोल्ड मिल जाएगा इसका अंदाजा नहीं था, लेकिन मैंने बेहतर परफॉर्मेंस के लिए पूरी कोशिश की थी। जूनियर को दिए अपने संदेश में उन्होंने कहा कि कॉन्सेप्ट क्लियर रखें। अगर आप अनुशासन में रहते है, तो चीजें आसान होने लगती हैं।


श्रीजिता मैती। ● अमृत विचार

### उत्सुकता व उमंग से भरपूर दिखे छात्र

दीक्षांत समारोह में एक के बाद एक छात्र को डिग्री दी गई। अधिकांश छात्र राज्य से बाहर के ही थे। परिजन भी दीक्षांत समारोह में बुलाए गए थे। इस दौरान छात्र उत्सुकता व उमंग के बीच डिग्री लेते दिखे।

### इस बार बढ़े विद्यार्थी

साल 2023 में 353 छात्र-छात्राओं को दीक्षांत समारोह में डिग्रियां दी गई थीं। इस बार 438 विद्यार्थी दीक्षांत समारोह का हिस्सा बने। पिछले वर्ष छात्राओं की हिस्सेदारी 11 प्रतिशत थी, इस बार 35 प्रतिशत छात्राओं को प्रबंधन की डिग्रियां दी गई हैं।

## झलकियां


कार्यक्रम में शपथ ग्रहण करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### हौसलों से अपूर्वा ने दिव्यांगता को दी मात

**काशीपुर :** कहते हैं कि हौसला हो तो कुछ भी असंभव नहीं होता है। ऐसी ही महाराष्ट्र की दिव्यांग अपूर्वा विजय जोशी ने कर दिखाया। आईआईएम के दीक्षांत समारोह में छात्रा अपूर्वा को डिग्री लेते देख लोग खड़े होकर तालियां बजाने लगे। दिव्यांगता को मात देकर भी छात्रा सामान्य छात्रों की तरह ही आईआईएम में अध्ययन करती रही। आईआईएम काशीपुर के 11वें दीक्षांत समारोह में 438 विद्यार्थियों को प्रबंधन की डिग्रियां दी गईं। कड़ी मेहनत से मिली डिग्री लेते देख छात्रों के अभिभावक भावुक दिखे। लेकिन एमबीए की छात्रा अपूर्वा विजय जोशी अपनी छोटी हाइट के साथ दिव्यांगता को मात देकर डिग्री लेने पहुंची तो दीक्षांत समारोह में बैठे लोग खड़े हो गए। छात्रा के हौसले को सबने सलाम किया। उसके माता-पिता भी भावुक हो गए। बताया कि वर्ष 2022-24 वर्ष की छात्रा है।


अपने परिवार के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले सरवन हरिहरन। ● अमृत विचार


मेडल प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


प्रतिभागियों को संबोधित करते कुलपति डॉ. एमएस चौहान। ● अमृत विचार

### 56वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रारंभ

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि में 56वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं शुक्रवार शाम स्टीवेंसन स्टेडियम में प्रारंभ हो गईं। कुलपति डॉ. एमएस चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर तीन दिनी प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। प्रतियोगिताओं के आरंभ में डॉ. चौहान ने ध्वज फहराकर मार्चपास्ट की सलामी ली। इसकी अगुवाई पीएसी के बैंड ने की और पीछे सभी छात्रावासों के विद्यार्थी अपने छात्रावास का ध्वज लेकर मार्चपास्ट कर रहे थे। प्रतियोगिता में विवि चैंपियन ने सभी विद्यार्थियों को खेल भावना की शपथ दिलाई और मशाल लेकर मैदान की परिक्रमा की। इस दौरान छात्राओं ने गीत और नृत्य की प्रस्तुति भी दी। इन प्रतियोगिताओं में 21 छात्रावासों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. बृजेश सिंह ने कुलपति डॉ. चौहान को पुष्पगुच्छ व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पहले दिन 800 मीटर दौड़ में रजत सैनी पहले, राहुल कुमार दूसरे और सुमित जोशी तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन केपी सिंह ने किया।

### नोजगे में इंटर हाउस योग प्रतियोगिता संपन्न

**खटीमा :** नोजगे पब्लिक स्कूल (हैप्पी मैम) में इंटर हाउस योग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके जूनियर वर्ग में ग्रीन हाउस और सीनियर बालक वर्ग में रेड और बालिका में ग्रीन हाउस ने परचम लहराया। विद्यालय परिसर में इंटर हाउस योग प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंध निर्देशिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी, नरेश कुमार विकल, ऋषभ, प्रभाकर ततराड़ी, योगाचार्य ललित जोशी, रमेश ओली ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल आयोजन में ललित चंद, रेखा पांडे और रोहित चंद ने मुख्य भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के जूनियर बालक वर्ग में ग्रीन हाउस ने प्रथम रेड हाउस ने द्वितीय और येलो हाउस ने तृतीय स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में ग्रीन हाउस ने प्रथम, ब्लू हाउस ने द्वितीय और रेड हाउस ने तृतीय स्थान पाया।

### 60 वर्ष की अधिवर्षता आयु पर सेवानिवृत्त 13 प्राध्यापक बहाल

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में नार्प परियोजना में नियुक्त 13 प्राध्यापकों को हाईकोर्ट के निर्णय के बाद कुलपति के निर्देश पर विवि के मुख्य कार्मिक अधिकारी ने शनिवार को उनके पदों पर बहाली के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके बाद एक्रिप और केवीके में नियुक्त प्राध्यापकों को भी जल्द बहाली की उम्मीद जाग उठी है।आदेश के तहत बहाल होने वालों में तत्कालीन मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह, तत्कालीन कुलसचिव डॉ. दीपा विनय, डॉ. रमेश चंद्र, डॉ. योगेंद्र कुमार, डॉ. सुभाष चंद्र, तत्कालीन संयुक्त निदेशक बीएसपीसी डॉ. एमके नौटियाल, डॉ. तेज प्रताप, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. पीके ओमरे, डॉ. चंद्रवीर सिंह, डॉ. डीसी बसखेती, डॉ. अजय श्रीवास्तव व डॉ. पीके पांडेय शामिल हैं।

# सड़क हादसे में कार चालक घायल

**पंतनगर, अमृत विचार :** ट्रैक्टर और तेज रफ्तार कार की टक्कर में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे किच्छा सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से परिजन उसे रुद्रपुर के निजी अस्पताल ले गए। वहां उसका अभी भी इलाज चल रहा है।

शुक्रवार की रात 10 बजे आनंदपुर से ट्रैक्टर ट्रॉली में गेहूं लादकर चालक विनोद कुमार बगवाड़ा मंडी रुद्रपुर जा रहा था। इसी दौरान गोकुल नगर में किच्छा से हल्द्वानी की ओर जा रहे विनोद कुशवाहा की तेज रफ्तार आल्टो कार संख्या यूके 06/बीडी 1781 की भिड़ंत हो गई। जिसमें कार चालक विनोद कुशवाह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी।

# मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे अस्पताल को किया सीज

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** ग्राम जोगीपुरा में एक मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे अस्पताल को संयुक्त टीम ने छापा मारकर सीज कर दिया। रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को भेजी गई है।

शनिवार को स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम जोगीपुरा (कोसीकांटा) क्षेत्र में छापेमारी की गई। यहां स्थापित भारत मेडिकल स्टोर के साथ ही संचालित अस्पताल का निरीक्षण किया गया, जहां मौके पर मरीजों का उपचार करने के सभी उपकरण व इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन आदि पाए गए। साथ ही प्राइमरी हेल्थ सेंटर/भारत मेडिकल स्टोर का संचालन होते पाया गया। मौके पर वाजिद अली नामक व्यक्ति मौजूद मिला, जोकि मेडिकल स्टोर के साथ ही नर्सिंग होम संचालित कर रहा था, जबकि मौके पर कोई भी ट्रेंड स्टाफ व अस्पताल का कोई कागजात नहीं मिला। बायो मेडिकल वेस्ट बिखरा पाया गया। नगरपालिका, फायर आदि का कोई भी अनापत्ति प्रमाणपत्र मौके पर नहीं मिला। संयुक्त टीम ने दो मरीजों का उपचार होते व चार बेड लगे पाए। कागजातों की जांच करने पर सिर्फ मेडिकल स्टोर का लाइसेंस ही उपलब्ध मिला जिसके चलते स्टोर को छोड़कर बाकी अस्पताल को सील कर दिया गया।

# किच्छा में निकाली विशाल ध्वज यात्रा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** श्री बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में विशाल बालाजी जागरण के उपलक्ष्य में विशाल निशान यात्रा निकाली गई। ढोल नगाड़ों के बीच निकाली गई निशान यात्रा में तमाम बाबा भक्तों ने शिरकत की। इस दौरान पूरा वातावरण बालाजी महाराज की भक्ति रस में डूबा नजर आया। श्री बालाजी सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में बालाजी महाराज के 15 वें विशाल जागरण का आयोजन नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित में किया जा रहा है।

दरबार से पूर्व पुरानी गल्ला मंडी कार्यक्रम स्थल से बालाजी महाराज के सुंदर दरबार के साथ ढोल नगाड़ों के बीच निशान यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व पंडित नंदकिशोर शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर निशान ध्वज यात्रा को रवाना किया। यात्रा के दौरान हनुमान जी महाराज एवं उनकी वानर सेना के रूप में सजे कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। नगर के तमाम व्यापारियों ने फूलों की वर्षा के साथ ध्वज यात्रा का स्वागत किया। मौके पर समिति अध्यक्ष राकेश गुप्ता, पिंटू गुप्ता, लवी सहगल, गुलशन सिंधी, राम अवतार अग्रवाल, विवेक राय, विवेक दीप सिंह, दुर्गा प्रसाद, विजय अरोरा, महेंद्र पाल सिंह, जसवंत राठौर आदि मौजूद रहे।


किच्छा में ध्वज यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES
JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES
(All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING
M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES
All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM
English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
• B.Sc. Nursing (4 Year)
• Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
• G.N.M (3 Year)
• A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
• O.T. Technician
• Optometry
• Cardiology
• Physiotherapy
• C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
• D. Pharma
Facilities Available
QCI Rating 'A' Institute
Scholarship Facility
Smart Classes
100% Placement
Clinical Training in 1050 Beded Hospital
Experienced Faculty
Well Equipped Computer Lab.
Library
Modern Specialization Laboratory
Value Added Courses
Field Visits
Wi-Fi & Lush Green Campus
Hostel
Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

## सार-संक्षेप

### पिथौरागढ़ में पालिका ने हटवाया अतिक्रमण

**अल्मोड़ा :** नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया है। शनिवार को पहले दिन पालिका की टीम ने जिला चिकित्सालय के समीप बनाए गए टिन शेड हटाए । पालिका के अधिशाषी अधिकारी राजदेव जायसी की अगुवाई में टीम लोडर मशीन लेकर मौके पर पहुंची जहां उन्होंने अतिक्रमण को हटाया। जायसी ने कहा कि नगर में कुछ स्थानों पर सड़क किनारे अतिक्रमण की शिकायत मिली है। इससे यातायात व्यवस्था के साथ ही सफाई व्यवस्था पर इसका प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की है। जायसी ने कहा है कि अतिक्रमण नहीं हटाने पर पालिका स्वयं अतिक्रमण हटाएगी।

### जागरूकता के लिए गैस सर्विस ने शुरू की मुहिम

**अल्मोड़ा :** इंडियन ऑयल और अल्मोड़ा गैस सर्विस द्वारा ग्राहकों को जागरूक करने के उद्देश्य से मुहिम शुरू की है। इंडियन ऑयल और अल्मोड़ा गैस सर्विस की संयुक्त टीम घर घर जाकर रसोई गैस के कनेक्शनों को चेक कर रही है और एलपीजी सिलेंडर के सुरक्षात्मक प्रयोग के बारे में लोगों को जानकारी दे रही है। शनिवार को टीम ने तल्ला जोशी खोला और उसके आसपास भ्रमण कर उपभोक्ताओं को सुरक्षित तरीके से रसोई गैस के उपयोग के प्रति जागरूक किया। टीम द्वारा घरों में रखे चूल्हे, रेगुलेटर व पाइप की चेकिंग की जा रही है। टीम में इंडियन ऑयल के सेल्स ऑफीसर रोहित गुप्ता, प्रबंधक मुकेश जलाल व हंसा दत्त शामिल रहे।

### भाजपाइयों ने फूंका करन माहरा का पुतला

**रानीखेत :** भाजपा और कांग्रेस में उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का पुतला दहन कर विरोध किया। वक्ताओं ने कहा कि माहरा कुछ जयचंदों के सहारे व झूठ का सहारा लेकर विधायक प्रमोद नैनवाल को बदनाम करने का षड्यंत्र पूर्व से ही करते आए हैं। कहां कि माहरा विधानसभा चुनाव में अपनी हार को अभी तक पचा नहीं पाए हैं। पुतला फूंकने वालों में मंडल अध्यक्ष मनीष चौधरी, जिला उपाध्यक्ष ध्यान सिंह, नेगी मुकेश पांडे, दीप भगत, आशु भगत, सुरेश फर्तियाल, मुकेश पांडे, पावस जोशी, नीरज तिवारी, दीप तिवारी, मनीष भैसोड़ा, दर्शन बिष्ट, उमेश पंत, दीपक खाती, रामेश्वर गोयल, संदीप गोयल, मनजीत भगत आदि भाजपाई शामिल रहे।

### टनकपुर में दूसरे दिन भी बंद रहा खनन कार्य

**टनकपुर :** क्रशर संचालकों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए खनन काराबारियों ने शनिवार को दूसरे दिन भी शारदा नदी के डाउन स्ट्रीम से खनन निकासी का कार्य बंद रखा। खनन स्वामियों के शिष्टमंडल ने सीएम कैंप कार्यालय में ज्ञापन देकर क्रशर स्वामियों की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की। कहा कि क्रशर स्वामी चल्थी से आ रहे अवैध उपखनिज को स्टाक कर रहे हैं, जिससे टनकपुर के खनन कारोबारियों की रोजी रोटी प्रभावित हो रही है। कहा कि पूर्व में प्रशासन की मध्यस्थता के बाद क्रशर स्वामियों ने 56 रुपये प्रति क्विंटल खनन सामग्री लेने का निर्णय लिया था, लेकिन बाद में रेट घटाकर 54 रुपये प्रति क्विंटल कर दिए। तीन दिन पूर्व रेटों को और कम कर 52 रुपया प्रति क्विंटल कर दिया गया है। मां शारदा खनन यूनियन के अध्यक्ष अमन ठाकुर ने बताया कि जब तक रेट ठीक नहीं किए जाते तब तक खनन कार्य नहीं किया जाएगा।

### टनकपुर स्टेडियम में 800 साधकों ने किया योग

**टनकपुर :** मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय भारत सरकार और नवयोग सूर्योदय सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्वयोग उत्सव पर टनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 800 साधकों ने योग प्रोटोकॉल अभ्यास किया। मुख्य वक्ता योग गुरु नवदीप जोशी ने कहा कि विद्वान होना पर्याप्त नहीं है विद्यावान होना आवश्यक है। दूसरे सत्र में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन योग के सिद्धांतों और अभ्यासों का वैज्ञानिक प्रमाण विषय पर नवयोग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान नवयोग ग्राम में संपन्न हुआ। इस मौके पर प्रो. बिहारी लाल शर्मा, कुलपति संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, डॉ. विक्रम सिंह, निदेशक जेएनयू, तारा दत्त उप्रेती, डॉ. देवी दत्त जोशी आदि रहे।

# जजी कालोनी में ताला तोड़ लाखों के जेवर उड़ाए

## नगदी भी ले गए चोर, इलाज कराने के लिए दिल्ली गया है कर्मचारी, पड़ोसियों ने पुलिस को दी घटना की सूचना

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** यहां जजी कालोनी में एक कर्मचारी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने बीती रात्रि अलमारी में रखी नगदी, जेवर आदि चुरा लिए। जजी परिसर में चोरी की घटना से पुलिस के हाथ-पांव फैल गए। पुलिस ने अल्मोड़ा से फोरेंसिक टीम बुलाई तथा कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

जजी परिसर में कर्मचारी संजय टम्टा टाइप टू आवास में रहते हैं। पिछले दो सप्ताह से वह दिल्ली में अपना इलाज करा रहे हैं। शनिवार सुबह उनके बगल में रह रहे कर्मचारियों ने दरवाजे का ताला टूटा देखा तो इसकी सूचना आसपास के कर्मचारियों के परिवारों के साथ ही पुलिस को दी। न्यायालय की आवासीय कालोनी में चोरी से पुलिस में भी हड़कंप मच गया। इसी परिसर में न्यायिक अधिकारी भी रहते हैं। ऐसे में सुरक्षा में चूक का सवाल उठना स्वाभाविक था।



जजी परिसर में चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान, जांच करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

### जजी परिसर में चोरी कर पुलिस को दी खुली चुनौती

**बागेश्वर :** जिला न्यायालय के आवासीय परिसर में चोरी की घटना से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। बताया जा रहा है कि चोरों ने एक कर्मचारी के घर के पीछे रखा संबल व एक कर्मचारी के खेत में रखे कुदाल का प्रयोग कर कमरे का ताला तोड़ा तथा इत्मीनान से कमरे में रखा सामान टटोला और अलमारी तोड़कर वहां से आभूषण व नगदी चुराई। जिस स्थान से चोरी हुई है वहां तक पहुंचना आसान नहीं है। क्योंकि सड़क मार्ग से यहां पहुंचने के लिए सुरक्षा गार्ड का गेट है। यह तय है कि चोरों को अन्य मार्ग की जानकारी थी। प्राय: जजी मार्ग के पास जंगलों में कई बार नशेड़ी युवक देखे जाते हैं। बताया जाता है कि नशेड़ी स्मैक आदि का नशा करते हैं। ऐसे में यह भी हो सकता है कि किसी युवक ने ही नशे के लिए इस घटना को अंजाम दिया हो। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी, प्रभारी कोतवाल संजय बृजवाल पुलिस टीम के साथ वहां पहुंचे तथा अल्मोड़ा से फोरेंसिक टीम बुलाई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महिला को झांसा देकर लाखों के जेवर उड़ाए

**बनबसा :** अधेड़ महिला को झांसा देकर ठगों ने जेवर उड़ा लिए। घटना के बाद पुलिस छानबीन में जुटी है। फिलहाल पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर नहीं दी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम चंदनी ग्राम सभा निवासी 58 वर्षीय रुकमणि देवी को सोने के आभूषण पहने देख बैंक आफ बड़ौदा के निकट कुछ युवकों ने उन्हें झांसा दिया कि उनके बैग में लाखों रुपये हैं। कुछ लोग उनके पीछे पड़े हैं। रुकमणि देवी को बातों में उलझा कर युवकों ने महिला के आभूषण लेकर उन्हें अपना बैग थमा दिया। जिसके बाद वे गायब हो गए। बैग में कागज भरे थे। वहीं थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि मामले के संज्ञान में आने पर मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों का पता लगाया जा रहा है।

### पकड़ में नहीं आया हमलावर तेंदुआ

**अल्मोड़ा :** बीते दिनों ताकुला क्षेत्र के पोखरी गांव में दिन दहाड़े महिला पर हमला करने वाले तेंदुएको वन विभाग तमाम प्रयासों के बाद भी ट्रेस नहीं कर पाया है। जिस कारण क्षेत्र के लोगों में तेंदुए का खौफ बना हुआ है। गुरुवार को पोखरी ग्राम सभा के सुजाली तोक निवासी भागुली देवी अपने मवेशियों को घर से कुछ दूरी के पास चरा रही थी। तभी घात लगाकर बैठे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। महिला के चीखने चिल्लाने के बाद गांव के लोग मदद को दौड़े और बड़ी मुश्किल से शोर मचाकर महिला की जान बचाई जा सकी। इस घटना के बाद से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश पैदा हो गया। उन्होंने वन विभाग से हमलावर तेंदुए को पकड़ने की मांग की। वन विभाग ने तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए यहां ट्रैप कैमरे लगाए। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी तेंदुए की कोई भी गतिविधि कैमरों में रिकार्ड नहीं हो पाई है। रेंजर मोहन राम ने बताया कि संबंधित इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है।

# बिजली से जगमगाएंगे दूरस्थ गांव

संवाददाता, अल्मोड़ा

- शासन ने 138 करोड़ की योजना को दी स्वीकृति
- चीन सीमा से लगे गांवों को किया जाएगा रोशन

**अमृत विचार :** सीमांत जिले पिथौरागढ़ की तीन घाटियों में स्थित चीन सीमा से लगे दूरस्थ गांव जल्द ही बिजली की रोशनी से जगमगाएंगे। इन गांवों के विद्युतीकरण के लिए प्रशासन द्वारा बनाई गई करीब 138 करोड़ रुपये की योजना को शासन से स्वीकृति मिल गई है। शीघ्र ही योजना का कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

सीमांत जिले की दारमा, व्यास, जोहार घाटी के दर्जनों गांवों में आज तक बिजली नहीं पहुंच सकी है। जिस कारण यहां के लोग आज भी बिना बिजली के अपना गुजर बसर करते हैं। इन गावों का विद्युतीकरण किया जा सके। इसके लिए कुछ समय पहले प्रशासन द्वारा करीब 138 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा था। जिसे अब शासन से हरी झंडी मिल गई है। योजना के अस्तित्व में आने के बाद ज्योलिंकांग, गुंजी, नाभीडांग, समेत जौहार वैली के मिलम में स्थापित आईटीबीपी की चौकियों तक आसानी से बिजली पहुंचाई जा सकेगी। जिलाधिकारी पिथौरागढ़ रीना जोशी ने बताया कि चीन सीमा से लगे गांवों में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी आदि बुनियादी सुविधाओं के लिए सरकार द्वारा वाइब्रेंट विलेज योजना संचालित की जा रही है। जिसके तहत विद्युतीकरण से वंचित इन गांवों के योजना बनाकर स्वीकृति के लिए शासन को भेजी गई थी। जिसे अब स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने बताया कि टेंडर प्रक्रिया गतिमान है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होते ही इस योजना पर काम शुरू करा दिया जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की छात्रों की एनीमिया जांच

**रानीखेत :** राजकीय इंटर कॉलेज कुनेलाखेत में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 71 छात्र- छात्राओं तथा 5 शिक्षकों का एनीमिया परीक्षण किया। सभी सैंपल निगेटिव पाए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. देवेन्द्र उप्रेती, डॉ. शिखा जोशी, फार्मासिस्ट आशा मनराल, अमिता तिवारी, प्रेमा सुयाल रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह नेगी, विद्यालय के स्वास्थ्य शिविर संचालन प्रभारी विजय बेलवाल तथा अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### अल्मोड़ा के गांवों में बढ़ता जा रहा पेयजल संकट

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण कस्बों में पेयजल की समस्या लगातार विकराल रूप धारण करती जा रही है। लेकिन जल संस्थान लोगों को पेयजल आपूर्ति करने में लगातार नाकाम साबित हो रहा है। जिस कारण अब ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में विभाग के खिलाफ आक्रोश पनपने लगा है। जिले के सल्ट, लमगड़ा, चौखुटिया, भैंसियाछाना व भिकियासैंण क्षेत्र के अनेक गांवों में पिछले कई दिनों से पेयजल का संकट बना हुआ है। पानी की आपूर्ति करने के लिए यहां बनाई गई योजनाओं से उपभोक्ताओं को एक बूंद पानी तक नसीब नहीं हो रहा है। जिस कारण अब ग्रामीण आसपास के नदी धारों से जैसे तैसे पीने के पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पेयजल की आपूर्ति के लिए इन क्षेत्रों में करोड़ों रुपये खर्च कर तमाम पेयजल योजनाएं बनाई गई है। लेकिन विभाग और कार्यदायी संस्थाओं की लापरवाही के कारण इनका फायदा क्षेत्र की जनता को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि जल संस्थान औपचारिकता के नाम पर सड़क से लगे कस्बों में दो या तीन में एक बार टैंकर भेजकर पानी बंटवा रहा है। लेकिन वह भी लोगों के लिए नाकाफी साबित हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर प्रभावित इलाकों में पेयजल की आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो वह विभाग के अधिकारियों के घेराव की रणनीति बनाएंगे।



# संभावित आपदाओं से बचाव को पहले से करें इंतजाम : डीएम

- डीएम ने जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** आगामी मानसून अवधि में संभावित आपदाओं के दृष्टिगत आपदाओं की घटनाओं की रोकथाम, राहत एवं बचाव कार्यों की पूर्व तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी विनीत तोमर ने नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा से जुड़े अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अधिकारियों को संभावित आपदाओं से पहले ही सुरक्षा और बचाव के पर्याप्त इंतजामात करने के निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मानसूनकाल के मद्देनजर प्रत्येक विभाग विभागीय स्तर पर एक नोडल अधिकारी नामित कर उसकी सूची जिला आपदा कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे । जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक तहसील स्तर पर सातों दिन चौबीसों घंटे की तर्ज पर आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित करते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की मोबाइल नंबर की सूची आपदा विभाग में भेजी जाए। डीएम ने लोनिवि के अधिकारियों को जनपद के समस्त मोटर मार्गों की स्थिति तथा वर्षाकाल में उनके अवरुद्ध होने पर वैकल्पिक मार्गों की सूची तैयार करने, संवेदनशील मोटर मार्गों का चिन्हीकरण कर सूची जिला आपदा कार्यालय को उपलब्ध कराने, लोनिवि, नगर पालिका, नगर पंचायत के अधिकारियो को सड़क के दोनों तरफ नालियों की सफाई व झाड़ियों को काटने का कार्य पंद्रह दिनों में पूरा करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने कहा कि आपदा के दौरान आपूर्ति बाधित न हो सके। इसके लिए अभी से पर्याप्त इंतजाम कर लें। संवेदनशील स्कूल भवनों के चिन्हीकरण व पठन पाठन के लिए वैकल्पिक स्थानों को चयनित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस व्यवस्था दुरुस्त रखने और दूरसंचार विभाग को सभी टावरों के संचालन के लिए जरूरी व्यवस्थाएं करने, खाद्य सुरक्षा विभाग को मई महीने में ही तीन महीने के खाद्यान्न का भंडारण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीडीओ आकांक्षा कोंडे, एडीएम सीएस मर्तोलिया, संयुक्त मजिस्ट्रेट वरूणा अग्रवाल, डीएफओ ध्रुव सिंह आदि रहे।



अल्मोड़ा में अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

# पूर्णागिरि मेला स्पेशल ट्रेन आज से होगी शुरू

संवाददाता, टनकपुर

**सुविधा**


- टनकपुर और बरेली के बीच रोजाना चलेगी विशेष ट्रेन
- टनकपुर से मथुरा के लिए 31 दिसंबर तक चलेगी रेल

**अमृत विचार:** रेलवे प्रबंधन रविवार से विशेष पूर्णागिरि मेला रेल सेवा बरेली के लिए संचालित करने जा रहा है।

28 अप्रैल से शुरू होने वाली यह मेला स्पेशल ट्रेन बरेली और टनकपुर के बीच चलेगी। टनकपुर के स्टेशन अधीक्षक केडी कापड़ी ने बताया कि पूर्णागिरि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने मेला स्पेशल ट्रेन 05308 चलाने का निर्णय लिया है।

यह ट्रेन प्रतिदिन रात्रि 9:30 बजे टनकपुर से बरेली के लिए रवाना होगी। यह मेला स्पेशल ट्रेन बनबसा, खटीमा, पीलीभीत, बिजौरिया, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी से होते हुए रात्रि 12:55 में बरेली जंक्शन पर पहुंचेगी। साथ ही बरेली से यह ट्रेन सुबह 2:25 बजे रवाना होगी और सुबह 5:55 बजे टनकपुर पहुंचेगी।

इसके साथ टनकपुर-मथुरा जंक्शन ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 05062, 05061 की अवधि को भी 30 अप्रैल से बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दिया गया है। इस विशेष ट्रेन का संचालन टनकपुर-मथुरा जंक्शन से हफ्ते में केवल सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को ही होगा। यह ट्रेन टनकपुर से सुबह 4:45 बजे मथुरा के लिए चलेगी जो दिन में 11:30 बजे मथुरा पहुंचेगी और यही ट्रेन वापस अपराह्न 4:45 बजे मथुरा से चलेगी और रात्रि 11:10 बजे टनकपुर पहुंचेगी।



## वर्ग पहेली-53

**बाएं से दाएं**

3. 1. मात्रा, परिणाम 2. तौल।
5. लानत, फटकार, धिक्कार।
6. 1. चरित्रहीन पुत्र, नालायक बेटा, बुरे चाल-चलन वाला पुत्र 2. कुल को कलंकित करने वाला पुत्र।
7. 1. एक प्रकार का पौधा जिसके चौड़े पत्तों पर कांटे होते हैं, थूहर 2. एक प्रकार का नेपाली बाजा 3. कान में पहनने का एक प्रकार का गहना।
11. खेत नापने की एक इकाई, ज़मीन के माप बिस्वांसी का बीसवां हिस्सा।

**ऊपर से नीचे**

1. एकत्र होना।
2. 1. कील के आधार पर घूमने वाला गोलाकार टुकड़ा, चकरघिन्नी 2. लकड़ी का एक खिलौना, चकई, फिरकी।
4. 1. जोतने का काम करवाना 2. ऐसा काम करना जिससे घोडे
8. 1. शोध-छात्र 2. शोध या अनुसंधान कार्य में लगा हुआ कोई व्यक्ति, (रिसर्चर)।
9. 1. भीतरी, आंतरिक 2. अंतर्मन का।
10. 1. फंसाने का फंदा, पाश 2. रस्सी का वह फंदा जिसमें गला फंसाने से दम घुटता है और आदमी मर जाता है 3. उक्त प्रकार से दिया जाने वाला प्राणदंड 4. कोई ऐसा संकटपूर्ण बंधन जिसमें प्राण जाने का भय हो या प्राण निकलने का-सा कष्ट हो 5. आफ़त, मुसीबत। (मु.) -चढ़ाना : (किसी को) मार देना, ख़तरे में झोंकना।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | |
| | 3 | | | | | 4 |
| 5 | | | | 6 | | |
| | 7 | 8 | | | | |
| 9 | | | | | | |
| | | | | | 10 | |
| | | 11 | | | | |

### वर्ग पहेली -52 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 हा | | 2 भू | | | 3 अ |
| 4 क | ला | वं | त | | | हि |
| ला | | | का | | | ना |
| मे | | | 5 ली | 6 क | | थ |
| पा | | 7 व | न | च | र | |
| क | | | | लो | | |
| | 8 पु | रा | त | न | पं | थी |

## सुडोकू -132

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | 8 | | | 6 | 9 | | |
| | 1 | | | | 4 | 5 | 2 | |
| 7 | | 3 | | | | | | |
| | 5 | | 7 | | 8 | | | |
| | 9 | | | 2 | | 7 | | |
| | 4 | 9 | 6 | | | | 7 | |
| 6 | | 2 | 5 | | | 1 | | |
| | | | 8 | | 1 | | | |

### सुडोकू -131 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 6 | 4 | 3 | 7 |
| 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 8 |
| 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 08.21 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 29 अप्रैल 04.49 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष:** आज अपने सिद्धान्त को लेकर जड़ व्यवहार रखने से हानि हो सकती है। आप इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान खरीदने में धन खर्च कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कुछ कड़वाहट हो सकती है। नया कारोबार आज शुरू न करें। छात्र नए अनुभव और ज्ञान को सीखने में रुचि लेंगे।

**वृष:** आज व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपने ग्राहकों के प्रति अच्छा भाव रखना चाहिए। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी। हर कार्य में जल्दबाज़ी और लापरवाही से बचना चाहिए। फोन और इन्टरनेट पर कुछ समस्या हो सकती है। बुरी संगत से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन:** आज व्यापार में आप बड़ा धन निवेश कर सकते हैं। सहकर्मियों के साथ आपको काम करने में आसानी में होगी। ससुराल पक्ष से धन लाभ प्राप्त होगा। आज आप घर की मरम्मत से जुड़े कार्य कर सकते हैं।

**कर्क:** आज किसी बड़े समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। समय रहते आप अपना काम पूर्ण करने का प्रयास करें। पिता के मार्गदर्शन से व्यवसाय में बढ़ोतरी होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**सिंह:** आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को बॉस की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। घर में अशान्ति का माहौल हो सकता है। बच्चों पर गुस्सा निकालने से बचें। आज आपको तनाव से बचने के लिये योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए।

**कन्या:** आज कारोबार में सावधानी पूर्वक निवेश करें। कड़वे वचन बोलने से बचें। स्वभाव में लचीलापन बनाए रखें। एसिडिटी और गैस की समस्या हो सकती है। आज आपको संतान के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। श्वास के रोग परेशान कर सकते हैं।

**तुला:** आज वैवाहिक जीवन बहुत ही सुखमय रहेगा। महत्वपूर्ण काम आसानी से बनते जायेंगे। अधिकारियों की नजर में आपकी छवि मजबूत होगी। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। अपने करियर को लेकर नई योजना बनायेंगे।

**वृश्चिक:** आज आक्रामक भाषा शैली के कारण आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। किसी पर भी बहुत भरोसा न करें। रिश्तेदारों के बीच आपकी छवि मजबूत होगी। पूर्व में उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलेगा। भावुकता के बजाय बुद्धि से काम लें।

**धनु:** आज आपकी कार्यशैली में सुधार आयेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनायेंगे। अपनों से बड़ों का सम्मान करें। आप नया ज्ञान सीखने का प्रयास करेंगे। बाहरी विवादों का असर आपके पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है।

**मकर:** आज नया रोजगार शुरू करने के लिए दिन सही नहीं है। स्वजनों की अनदेखी के कारण आपको बुरा लगेगा। आपके मान-सम्मान में कमी आ सकती है। भाग्य आज आपका साथ नहीं दे रहा है। इसीलिए आज आपको जोखिम भरे कार्यों से दूर रहना चाहिए।

**कुंभ:** आज राजनीति से जुड़े जातकों को बड़ा राजनीतिक पद मिल सकता है। बच्चों के साथ आज बहुत अच्छा समय बितायेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। साझेदारी में चल रहे व्यवसाय में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**मीन:** आज प्रेम संबंधों को लेकर विवाह में परिणित कर सकते हैं। बच्चों के जिद्दी व्यवहार से थोड़े परेशान रहेंगे। मित्रों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा। अटके हुए काम समय पर पूर्ण होंगे। अचानक खर्चों में बढ़ोतरी होगी।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | सिंबा | सुबह : 11.18 |
| B4U Movies | रूस्तम | रात : 09.11 |
| Sony Max | नमस्ते लंदन | सुबह : 09.37 |
| Sony Max | हिंदी मीडियम | शाम : 05.59 |
| Sony Pix | द मास्क | सुबह : 10.56 |
| Sony Pix | 2012 | शाम : 06.19 |
| Zee Cinema | सीक्रेट सुपरस्टार | दोपहर : 12.05 |
| Zee Cinema | मिशन रानीगंज | शाम : 06.00 |
| Colors Cineplex | डुप्लीकेट | सुबह : 10.49 |
| Colors Cineplex | दोस्ताना | रात : 08.35 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम :05.59 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- चिंटू से परेशान थे,
टीचर- चिंटू अपने बैग से सारी किताबें निकालो...
चिंटू- निकाल लीं सर !टीचर-ये वाली किताब किसकी है?
चिंटू-कागज की है सर, टीचर- ये तो मुझे भी पता है कागज की है।
चिंटू- तो फिर क्यों पूछ रहे हैं?
टीचर बेहोश है...

पत्नी :- आपको मेरी सुंदरता ज़्यादा अच्छी लगती है या मेरे संस्कार?
पति :- मुझे तो तेरी ये मज़ाक करने की आदत बहुत अच्छी लगती है।
पति की बात सुनकर पत्नी हैरान रह गई।

# मनुष्य प्रकृति का भाग


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> सभ्यता आखिरकार क्या है? मनुष्य के बौद्धिक विकास का सबसे बड़ा उपकरण संवाद है और संवाद की प्रारंभिक शर्त है प्रेम पूर्ण भाषा और वाणी। वैदिक काल में संवाद की अनेक संस्थाएं थी। सभा और समितियां विचार विमर्श का मंच थी। सभा में विचार रखने वाले सभेय कहे जाते थे।

मानवीय जीवन मूल्यों पर संकट है। इतिहास के किसी अन्य कालखण्ड में इस तरह का मानवीय संकट नहीं था। समाचार माध्यम भी जब कब विश्व युद्ध की आशंका की बातें करते हैं। विचार ही मनुष्य जाति के वाह्य स्वरूप और आंतरिक उदात्त भाव के प्रसारक रहे हैं। विचार भी अपना प्रभाव खो रहे हैं। मानवीय सभ्यता आधुनिक काल का मनुष्य विरोधी प्रेरक तत्व बन गई है। वातावरण में निश्चिन्तता नहीं है। संदेह और अनिश्चितता का वातावरण है। मनुष्य जाति भविष्य के भय से डरी हुई है। धन का प्रभाव और धन का अभाव दोनों ही मारक हैं। मानवता का बड़ा भाग पर्याप्त भोजन से वंचित है। इस वर्ग में सामान्य चिकित्सा और शिक्षा, आश्रय-घर का अभाव है। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में अभावग्रस्त लोगों के सामने संकट है। विज्ञान के जानकार प्रकृति के तमाम रहस्य बता रहे हैं। निसंदेह वैज्ञानिक शोधों ने चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी उपलब्धियां हासिल की हैं। लेकिन आधुनिक वैज्ञानिक शोधों ने पृथ्वी ग्रह के अस्तित्व के समाप्त होने का खतरा पैदा कर दिया है।

युद्ध के तमाम आश्चर्यजनक हथियार पृथ्वी और मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरा बन गए हैं। परमाणु हथियार सहित अनेक आश्चर्यजनक अस्त्रों की खोजों से पृथ्वी के ही अस्तित्व पर खतरा है। पृथ्वी ग्रह संकट में है और उससे पोषण पाने वाली मानव जाति भी संकट में है। वैज्ञानिकों ने तमाम ग्रहों की गतिविधि का पता लगा लिया है। आशंका है कि किसी समय पृथ्वी चन्द्रमा के निकट पहुंच सकती है। सूर्य का ईंधन लाखों वर्ष से खर्च हो रहा है। सूर्य के ठंडा हो जाने से ही मनुष्य जाति नष्ट हो सकती है। हम इन्हें भविष्य की आशंकाएं कह सकते हैं। डॉक्टर राधाकृष्णन ने 'धर्म और समाज' में 'धर्म की आवश्यकता' शीर्षक में कहा है, ''अधिक सम्भावना इस बात की है कि मानव जाति स्वयं जानबूझकर किए गए कार्यों से, अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण नष्ट हो सकती है। संसार आनंद के लिए है। हम युद्ध यंत्र जात की पूर्णतः तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊर्जाओं के केवल थोड़े से हिस्से का ही इसके लिए प्रयोग करें तो सबको आनंदमय बनाया जा सकता है।"

सम्पूर्ण मानवता विषाद ग्रस्त जान पड़ रही है। आदर्श परम्पराएं, स्वतः प्रेरित अनुशासन और राष्ट्र राज्यों द्वारा स्थापित विधि व्यवस्था शिथिल हो रही हैं। डार्विन ने लिखा है, "मनुष्य जीवन सभ्यता में उन्नति करता जा रहा है। छोटे वर्ग समूह बड़े समुदायों में संगठित होते जाते हैं। त्यों त्यों व्यक्ति को यह बात समझ में आती जाती है कि उसे अपनी सामाजिक सहज प्रवृत्तियों और संवेदनाओं का विस्तार अपने राष्ट्र के लिए कर लेना चाहिए।"

सभ्यता आखिरकार क्या है? मनुष्य के बौद्धिक विकास का सबसे बड़ा उपकरण संवाद है और संवाद की प्रारंभिक शर्त है प्रेम पूर्ण भाषा और वाणी। वैदिक काल में संवाद की अनेक संस्थाएं थी। सभा और समितियां विचार विमर्श का मंच थी। सभा में विचार रखने वाले सभेय कहे जाते थे। इसी से शब्द बना है सभासद। सभा में प्रेमपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने वाले व्यक्ति को सभ्य कहा जाता था। किसी समूह का शब्द आचरण और सौन्दर्यबोध सभ्यता है लेकिन प्रेमपूर्ण संवाद घटा है।

प्रकृति और मनुष्य के मध्य परस्परावलंबन है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। हमारे और प्रकृति के मध्य आत्मीयता होनी चाहिए। प्रकृति की सभी शक्तियों के लिए चित्त में आत्मीय भाव के साथ आदर भाव की भी आवश्यकता है। लेकिन प्रकृति और मनुष्य के बीच अंतर्विरोध भी हैं। आंधी, तूफान और ऐसी ही तमाम प्राकृतिक आपदाएं मनुष्य को व्यथा देती हैं और जीवन के लिए खतरा भी बनती हैं। ऐसी घटनाओं को प्राकृतिक मानकर अपना जीवनयापन करने की बात सही है। लेकिन अनेक संकट आधुनिक सभ्यता ने भी पैदा किए हैं। भूमण्डलीय ताप, भूगर्भ जल स्तर का गिरना, वायु प्रदूषण आदि आपदाएं उपभोक्तावादी आचरण से पैदा होती हैं।

सी.बी.जुंग ने अपनी पुस्तक 'मॉडर्न मैन इन सर्च ऑफ अ सोउ' 'में लिखा है, ''आधुनिक सभ्यता और मनुष्य उन्नति की चरम सीमा पर है। भविष्य में लोग उससे भी आगे निकल जाएंगे।" यह बात ठीक है कि वह एक युगव्यापी विकास का अंतिम परिणाम है। लेकिन साथ ही यह मानव जाति की आशाओं की दृष्टि से अधिकतम निराशाजनक भी है। आधुनिक मनुष्य को इसकी जानकारी भी है। उसने देख लिया है कि विज्ञान, शिल्प और संगठन कितने लाभकारी हैं और वे कितने विनाशकारी हो सकते हैं। ईसाई चर्च, मनुष्यों का भाईचारा, अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन और आर्थिक हितों की एकता सब के सब खोटे सिद्ध हुए हैं। मनोविज्ञान की भाषा में कहें तो लगभग प्राणान्तक आघात पहुंचा है। परिणामस्वरुप मनुष्य अनिश्चितता में जी रहा है।

परिदृश्य चिन्ताजनक है। मनुष्य की वाह्य समृद्धि बढ़ी है। मनुष्य यंत्र हो रहा है। उसकी आत्मा खो गई है। वह खोई हुई आत्मा की पुनः प्राप्ति का प्रयास नहीं कर रहा है। भारत की प्राचीन सभ्यता में तमाम भौतिक अभावों के बावजूद मनुष्य आनंदित था। राष्ट्र के प्रति उसकी निष्ठा थी। सभी रिश्तों में आत्मीयता थी। मनुष्य में मनुष्येत्तर प्राणियों और सम्पूर्ण जगत् के प्रति भी आत्मभाव था। भारत के मनुष्य की दृष्टि और जीवन की गतिविधि सामूहिक थी। सुख दुख सामूहिक थे। पर्व उत्सव सामूहिक उत्सव आनंद का स्रोत थे। परिवार आनंद मठ था। यत्र तत्र सर्वत्र आनंद था। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में जीवन का आनंद रस सूख गया है। आधुनिक सभ्यता द्वारा मनुष्य को नितांत व्यक्तिवादी और मशीन बनाया है।

वैदिक सभ्यता और संस्कृति में सम्पूर्ण विश्व को परिवार जाना गया है। वसुधैव कुटुम्बकम वैदिक संस्कृति का लोकप्रिय सूत्र है। विश्व के अणु और परमाणु के प्रति श्रद्धा और आदरभाव रहा है। शांति मानवता की प्यास है। वैदिक साहित्य में शांति को जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया है। भारतीय समाज के चिन्तकों, विद्वानों और वैदिक काल के ऋषियों ने शांति की उपासना की है। ऋग्वेद में विश्व शांति की प्रार्थना है। यह भारतवासियों की शांति की प्यास को सुंदर अभिव्यक्ति देती है। शांति मंत्र में कहते हैं, "अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। आकाश शांत हों। वनस्पतियां औषधियां शांत हों। शांति भी शांत हों।" यहां केवल मनुष्यों के बीच परस्पर सद्भाव वाली शांति की ही बात नहीं है। यहां पृथ्वी से लेकर आकाश तक शांति स्थापित होने की प्रार्थना है। शांति अशांति की अनुपस्थिति नहीं है। शांति मौलिक रूप में मानव मन की प्राकृतिक प्यास है। अशांत चित्त से सृजन संभव नहीं होते। अशांत चित्त विध्वंसक होता है और शांत चित्त सर्जक।

विश्व तनाव में है। हिन्दुत्व परिपूर्ण जीवन दृष्टि है। पूरी जीवन दृष्टि आतंरिक आत्मीयता के आधार पर विकसित हुई है। धरती माता है। आकाश पिता है। जल माताएं हैं। जल से जीवन का उद्भव ऋग्वेद में उल्लिखित है। जलमाताओं ने ही संसार को जन्म दिया। नदियां माताएं हैं। सूर्य संरक्षक हैं। परोपकार और सदाचार उत्कृष्ट जीवन मूल्य हैं। दुख और वैराग्य के स्थान पर आनंद और प्रवृत्ति हैं। संसार त्याज्य नहीं है। संसार धर्म क्षेत्र, कर्म क्षेत्र है। जीवन कर्म प्रधान है। जीवन में पलायन का कोई भाव नहीं। वनस्पतियां भी प्रणाम के योग्य हैं। उन्हें देवता कहा गया है। वैदिक सभ्यता में विचार विविधता है। जीवन और जगत् को समझने के लिए पूर्व मीमांसा, सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, बुद्ध और जैन 8 दर्शन हैं। भारतीय दर्शन किसी देवदूत की घोषणा नहीं है। आधुनिक सभ्यता की सभी विसंगतियों के उपचार हिन्दुत्व में हैं।

# सूरतः नोटा का गला घोंटा

> 4 जून को सारी मतगणनाएं होनी है और तदोपरांत प्रमाणपत्र जारी होते रहेंगे। इसके पीछे की निहित भावना यह है कि पहले घोषणाएं हो जाने से शेष मतदान पर प्रभाव पड़ जायगा। अन्यथा जैसे जैसे चुनाव होते जा रहे हैं, वैसे वैसे गणनाएं क्यों नहीं की जा रहीं हैं? क्या सूरत अनोखा है?


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भाजपा शासित प्रदेश और प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात के सूरत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो गया और अति उत्साही निर्वाचन अधिकारी ने विजय का प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया। मुख्य विपक्षी कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन पत्र इस आधार पर खारिज किया गया कि उस पर प्रस्तावकों के हस्ताक्षर प्रथम दृष्ट्या गलत हैं। यानी निर्वाचन अधिकारी हस्तलेख विशेषज्ञ भी बन गए। स्पष्टतया यह प्रकरण चण्डीगढ़ मेयर चुनाव का द्वितीय और संशोधित संस्करण है, जिस पर सुप्रीमकोर्ट करारा न्यायिक तमाचा मार चुकी है। अगर यह मान भी लिया जाए कि नामांकन निरस्तीकरण सही है और बाकी सारे प्रत्याशियों की नाम वापसी के पीछे कोई दबाव नहीं है, सब को इकट्ठा ब्रह्म ज्ञान हो गया कि आओ नामांकन वापस ले लें, यह सूरत के हित में है, तो भी विजय प्रमाण पत्र जारी करना तो 100 प्रतिशत गलत है। इसके दो प्रबल कारण हैं। प्रथम तो यह कि देश भर के निर्वाचन प्रमाण पत्र निर्गत करने की तो तिथि निर्धारित है।

4 जून को सारी मतगणनाएं होनी है और तदोपरांत प्रमाणपत्र जारी होते रहेंगे। इसके पीछे की निहित भावना यह है कि पहले घोषणाएं हो जाने से शेष मतदान पर प्रभाव पड़ जायगा। अन्यथा जैसे-जैसे चुनाव होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे गणनाएं क्यों नहीं की जा रहीं हैं? क्या सूरत अनोखा है? दूसरा कारण यह कि कोई प्रतिद्वन्द्वी मैदान में न होते हुए भी मतदान जरूरी था। अब नोटा भी एक विकल्प होता है। इस पर सुप्रीमकोर्ट की मोहर है कि नोटा भी मतदाता का अधिकार है। ऐसे में क्या यह सम्भव नहीं था कि सूरत के सारे वोट नोटा पर पड़ते और कमल पर एक भी उंगली न पड़ती। तर्क तो यह है ही। तब क्या भाजपा प्रत्याशी विजयी माना जाता? अथवा थोड़े वोट कमल को मिलते किंतु नोटा के वोटों की संख्या ज्यादा होती? तब क्या होता? नोटा पर अभी कानून बहुत स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे में काफी कुछ कोर्ट के फैसले पर निर्भर करता, किंतु यहां तो निर्वाचन अधिकारी ने गजब ही कर दिया। मतदान का समय ही नहीं दिया। नोटा और इस रूप में उस जनता के अधिकारों का गला घोंट दिया गया, जो नोटा का विकल्प चुनती। मोदी है तो मुमकिन है।

सुप्रीमकोर्ट में नोटा को लेकर एक जनहित याचिका पड़ गई है, जिसमें सूरत का प्रकरण भी संदर्भित है। अदालत ने याचिका विचारार्थ स्वीकार करते हुए चुनाव आयोग से नोटा विषयक कानून की जांच कर जवाब दाखिल करने को कहा है। देखिये आगे क्या होता है। आशा है कि इस बार नोटा के बारे में कुछ धुंधलका और छटेगा तथा स्थितियां साफ होंगी। शायद सूरत पर भी कुछ आदेश हो जाए।

# दूसरे चरण में भी कम मतदान के मायने


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> पहले चरण में जहां 48 फीसदी लोगों ने वोट किया, वहीं दूसरे चरण में 54.9 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कई लोग बिहार में कम वोटिंग प्रतिशत को मौसम और पलायन से जोड़कर भी देख रहे हैं। उत्तर भारत में गर्म मौसम भी वजह से इन दिनों मौसम का तापमान काफी बढ़ गया है। लू और गर्म हवाओं ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त किया हुआ है। लोगों के वोट करने को लेकर घर से बाहर नहीं निकलने की ये भी एक वजह बताई जा रही है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 13 राज्यों की 88 सीटों पर शाम सात बजे तक 60.96 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 95 सीटों पर 67.6 प्रतिशत मतदान हुआ था आंकड़ों की बात करें तो सबसे ज्यादा त्रिपुरा में 78.6 प्रतिशत और सबसे कम उत्तर प्रदेश में 54.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। वहीं मणिपुर में 77.2 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 73.1 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 71.8 प्रतिशत, असम में 70.8, जम्मू और कश्मीर में 71.6, केरल में 65.3, कर्नाटक में 67.3, राजस्थान में 63.9, मध्य प्रदेश में 56.8, महाराष्ट्र में 54.3 और बिहार में 54.9 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया।

वोट करने के लिए लोगों के घरों से बाहर नहीं निकलने को लेकर राजनीतिक दलों को साथ-साथ चुनाव आयोग की भी चिंता बढ़ा दी है। खासकर हिंदी भाषी राज्यों में तो मतदाता वोटिंग को लेकर जैसे नीरस हो गए हैं। इससे पहले 2014 और 2019 में अच्छी-खासी तादाद में लोगों ने वोट किया था, लेकिन इस बार मतदाताओं में वो जोश देखने को नहीं मिल रहा है। कर्नाटक और केरल जैसे राज्यों में भी महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज की गई, केरल में दोहरे अंकों में गिरावट देखी गई, जिनमें से सबसे बड़ी गिरावट वडकारा में 18.24 प्रतिशत थी। इसी तरह, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में मतदान में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई, राजस्थान के अजमेर जिले में 14.89 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट देखी गई। त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों ने इस गिरावट की प्रवृत्ति का अनुसरण किया, जिससे पूरे मंडल में चुनावी व्यस्तता में व्यापक कमी की पुष्टि हुई। किसी भी राज्य में मतदान प्रतिशत में वृद्धि नहीं दिखी है, जो कि चुनाव के इस चरण में मतदाताओं की कम भागीदारी की एक राष्ट्रव्यापी प्रवृत्ति को उजागर करता है। इन राज्यों में भी कम वोटिंग फेज-2 में शुक्रवार को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान हुआ और कम मतदान का सिलसिला इस चरण में भी जारी रहा। ऐसे 11 राज्यों-असम, बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में शाम 5 बजे तक उत्तर प्रदेश में मतदान सबसे कम रहा, इसके बाद बिहार का स्थान रहा। दोनों राज्यों में लगभग 53 प्रतिशत मतदान हुआ। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी 60 प्रतिशत से कम मतदान हुआ। इसके विपरीत, त्रिपुरा और मणिपुर में मतदान प्रतिशत सबसे अधिक-75 प्रतिशत से अधिक रहा। पहले चरण में भी दोनों राज्यों में अपेक्षाकृत अधिक मतदान हुआ। चुनाव और राजनीतिक रूप से सजग कहे जाने वाले बिहार में भी इस बार मतदाता वोट को लेकर काफी नीरस दिख रहे हैं। पहले चरण में जहां 48 फीसदी लोगों ने वोट किया, वहीं दूसरे चरण में 54.9 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कई लोग बिहार में कम वोटिंग प्रतिशत को मौसम और पलायन से जोड़कर भी देख रहे हैं। उत्तर भारत में गर्म मौसम भी वजह से इन दिनों मौसम का तापमान काफी बढ़ गया है। लू और गर्म हवाओं ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त किया हुआ है। लोगों के वोट करने को लेकर घर से बाहर नहीं निकलने की ये भी एक वजह बताई जा रही है। वहीं चुनाव में विपक्षी पार्टियों की कम सक्रियता से भी कम वोटिंग प्रतिशत को जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं आजकल के चुनाव में फिजिकल प्रचार की बजाय सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल भी वोटिंग ट्रेंड को कम कर रहा है।

मतदान प्रतिशत में आई बड़ी गिरावट को लेकर राजनीतिक जानकारों का एक तर्क ये भी है कि भाजपा द्वारा दिए स्लोगन 'अबकी बार 400 पार' और 'तीसरी बार मोदी सरकार' जैसे नारों ने देशभर में ऐसा सेनेरियों बनाया है कि मानों भाजपा की जीत सुनिश्चित है। इससे मतदाताओं के मन में ऐसा भाव पैदा हुआ कि जब एक पार्टी को जीतना ही है तो मतदान करें या न करें, क्या फर्क पड़ेगा। इसकी दूसरी वजह विपक्षी दलों द्वारा चुनाव प्रचार में उत्साह की कमी को भी माना जा रहा है।

## डर, लोभ, कर्तव्य-बोध और ज्ञान


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

डर, लोभ, कर्तव्य-बोध और ज्ञान चारों मनोस्थितियों से हम वाकिफ हैं, लेकिन इनकी परिभाषा को एक बार फिर से जान लेने में कोई हर्ज नहीं है। डर किसी ख़तरे या ख़तरे को समझने या पहचानने की प्रतिक्रिया स्वरूप एक अप्रिय मौलिक भावना है। इसके ठीक विपरीत लोभ किसी प्रिय या अभिलषित की प्राप्ति की संभावना में एक चहेती मौलिक भावना है। ये दोनों भावनाएं मूलतः पाशविक हैं और विकास की शुरुआत से ही आ जाती हैं। कर्तव्य बोध मानव के विकास और फलतः सामाजिक होने पर आता है। यह सामान्य रूप से कुछ कार्य करने की प्रतिबद्धता का बोध है जो किन्हीं खास परिस्थितियों में अपेक्षित है। कर्तव्य बोध डर और लोभ दोनों का नियामक हो सकता है। निचले स्तर के पशुओं में यह भावना शायद ही पायी जाती है। ज्ञान वस्तुस्थिति को सतही और गंभीर रूप में समझ सकने की स्थिति है। डर, लोभ और कर्तव्य को भी ज्ञान के चलते समझा जा सकता है और उचित प्रतिक्रिया की जा सकती है। यह मानव विकास के उच्च स्तर पर होता है। धर्म सामाजिक इंजिनीयरिंग का वह उपादान है जो डर, लोभ, कर्तव्य बोध और ज्ञान के सम्मिश्रण और बहुधा संश्लेषण से बनता है। ध्यातव्य है कि धर्म में आवश्यक रूपेण इन चारों भावनाओं का समावेश होता है। केवल डर और लोभ से धर्म नहीं बनता, अन्यथा जानवर भी धार्मिक होते। उसी तरह केवल कर्तव्य बोध या शुद्ध ज्ञान धर्म नहीं बना सकते। मानव समाज में अनेक धर्म प्रचलन में हैं। उनमें फर्क इस बात को लेकर है कि उपर्युक्त चारों तत्वों का सम्मिश्रण किस अनुपात में है।

इस विवेचना से इशारा मिलता है कि व्यक्ति के कर्मों के प्रतिदान में हर धर्म ने डर और लोभ को स्थान क्यों दिया है जब कि ज्ञान के आधार पर उन्हें स्थापित नहीं किया जा सकता। इससे यह भी पता चलता है कि कोई भी धर्म केवल इथिक्स या दर्शन क्यों नहीं है। यह भूलने की बात नहीं है कि विज्ञान को उपादेयता से कोई मतलब नहीं होता, केवल ज्ञान से मतलब होता है। लेकिन इंजिनीयरिंग को उपादेयता से भी मतलब होता है। चूंकि धर्म सोशल इंजिनीयरिंग का उपादान है, तो इसमें केवल ज्ञान ही नहीं उपादेयता पर भी ध्यान रखा गया है। केवल विज्ञान के सहारे न तो धर्म को समझा जा सकता है और न उसकी स्थापना हो सकती है।

## लोकतंत्रः सबसे बड़ी विरासत


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राष्ट्रीय-जीवन की अविच्छिन्न परंपरा ने हमको सबसे बड़ी विरासत दी है, वह लोकतंत्र ही है। और इस विरासत की रक्षा करना हमारा सबसे बड़ा राष्ट्रीय कर्तव्य है। लोकतंत्र को आगे बढ़ाना हमारा सबसे बड़ा दायित्व है। हम शिक्षा-क्षेत्र में हैं या साहित्य के क्षेत्र में हैं, हम न्याय के क्षेत्र में हैं या उद्योग-व्यापार के क्षेत्र में हैं, हम प्रशासन में हैं या राजनीति में हैं अथवा पत्रकारिता में हैं, लोकतंत्र के मार्ग की बाधाओं को दूर करने के लिए हमें आगे बढ़ना ही होगा।

लोकतंत्र केवल राजनैतिक-प्रणाली ही नहीं है, लोकतंत्र जीवन की एक प्रणाली है, एक संपूर्ण जीवन-दर्शन है। लोकतंत्र की यह परिभाषा सही नहीं है कि आप एक दिन वोट दे कर पांच साल तक आराम करते रहें। यदि जनता का प्रतिनिधि (चुने जाने के बाद) जनता की आवाज को दबाने की भूमिका निभा रहा है, जन विरोधी निर्णय में भागीदार है। तो जनता को अपने प्रतिनिधि को वापस बुलाने का अधिकार क्यों नहीं मिलना चाहिए? जनता मकानमालिक है, प्रतिनिधि किरायेदार है। किरायेदार मकान को ध्वस्त करता रहे और मकानमालिक से कहे कि पांच साल बाद दूसरा किरायेदार रख लेना। फिर दूसरा किरायेदार भी मकान को क्षति पंहुचाए और कहे कि पांच साल तक चुप रहो। यह लोकतंत्र की कुत्सित व्याख्या है। लोकतंत्र जनता को जो अधिकार देता है, वह क्षणिक नहीं है, वह सतत है, निरंतर है। अभी हम लोकतंत्र के मार्ग पर चल रहे हैं, लोकतंत्र की मंजिल अभी बहुत दूर है, रास्ते में अनेकानेक रुकावटें और बाधाएं आ रही हैं और हमारा संघर्ष उन बाधाओं से चल रहा है फिर भी हम लोकतंत्र के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। ये बाधाएं और रुकावटें बहुत ही शक्तिशाली हैं। सामन्ती-मानसिकता हो या व्यक्ति और वर्ग के स्वार्थ हो, कदम-कदम पर कांटों की तरह चुभते हैं। ऐसा कौन सा दल है, जहां जनता के प्रति निष्ठा का महत्व हो। जिस दिन पारदर्शिता और राष्ट्रीय निर्णयों में जन की भागीदारी हो जाएगी, उस दिन कोई भी संकल्प मुश्किल नहीं होगा। लेकिन अभी तो प्रत्येक दल सुप्रीमो का मुखापेक्षी बना हुआ है।

# जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम


डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, बरेली

> जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों के बारे में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक बनाएं जिससे जनसंख्या वृद्धि कम करने में एवं विभिन्न योजनाओं के सफल होने के अवसर बढ़ जाएंगे और लोगों में संसाधनों के उपभोग की प्रवृत्ति के साथ-साथ संसाधनों के उत्पादन की प्रवृत्ति के लिए भी प्रोत्साहन करके कुछ हद तक संसाधनों की पूर्ति की जा सकती है, जैसे- छत, बालकनी, गार्डन आदि में फल और सब्जियों को उगाकर पर्यावरण को भी सुरक्षित किया जा सकता है और विभिन्न रसायन युक्त फल और सब्जियां खाने से बच जाएंगे और स्वास्थ्य भी सही होगा।

जनसंख्या वृद्धि की समस्या आज केवल भारत की नहीं अपितु एशिया के अधिकांश देशों की प्रमुख समस्या बन गई है। जनसंख्या वृद्धि के कारण आज विश्व के सम्मुख अभाव, बेकारी, बीमारी, निर्धनता, प्राकृतिक प्रकोप, शारीरिक, मानसिक विकृतियां आदि गंभीर रूप धारण करती जा रही हैं जो मानव विकास के साथ-साथ संपूर्ण विश्व के विकास के लिए भी घातक है। भारतीय समाज में अत्यधिक जनसंख्या के कारण बहुत सी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं जिससे सरकारी योजनाएं कुछ ही समय तक कारगर रहती हैं उसके बाद वह असफल हो जाती हैं क्योंकि वर्तमान जनसंख्या को ध्यान में रखकर ही योजनाएं बनाई जाती हैं। कुछ समय बाद जब जनसंख्या अधिक बढ़ जाती है तो वह योजना भी कारगर सिद्ध नहीं होती जिसके कारण भ्रष्टाचार, सामाजिक, आर्थिक असमानता में वृद्धि, सरकारी तंत्र के प्रति अविश्वास एवं विभिन्न प्रकार के संघर्षों में भी वृद्धि होने लगती है। जनसंख्या वृद्धि विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और प्राकृतिक विपत्तियों का मूल कारण है जिसके कारण अत्यधिक पर्यावरण प्रदूषण एवं असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

वर्तमान में भारत को विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश का गौरव प्राप्त हुआ है जिससे भारत में जनसंख्या विस्फोट जैसी भयानक स्थिति उत्पन्न हो गई है। भारत में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, नैतिक, शारीरिक, मानसिक, स्वास्थ्यगत, शैक्षिक, बेरोजगारी, बेकारी, भुखमरी, प्राकृतिक, पर्यावरण संबंधी आदि अनगिनत समस्याएं जनसंख्या वृद्धि के कारण ही उत्पन्न हो गई हैं जो मानव अस्तित्व के लिए घातक सिद्ध हो सकती हैं।

किसी भी राष्ट्र के निर्माण एवं आर्थिक विकास हेतु वहां की जनसंख्या महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है साथ ही उस देश के आर्थिक विकास का उस देश की जनसंख्या पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। इस तरह जनसंख्या तथा आर्थिक विकास के बीच प्रत्यक्ष एवं परस्पर संबंध होता है। प्रत्येक देश का उत्पादन स्तर, आर्थिक विकास की दर, राष्ट्रीय तथा प्रति व्यक्ति आय, देश में उत्पादक क्रियाओं का संचालन, रहन-सहन का स्तर आदि सभी दशाएं उस देश की जनसंख्या के आकार, गठन एवं वितरण आदि पर निर्भर करती हैं। यद्यपि आर्थिक विकास में प्राकृतिक संसाधनों तथा पूंजी की मात्रा का भी विशिष्ट योगदान होता है परंतु यह आर्थिक विकास के निर्जीव साधन है। मानव ही वह शक्ति है जो इन संसाधनों को अपनी कार्य-कुशलता तथा बौद्धिक क्षमता द्वारा उचित दिशा में गतिशील कर इनका अनुकूलतम उपयोग करती है तथा विकास का मार्ग प्रशस्त करती है इसीलिए जनसंख्या एवं आर्थिक विकास दोनों प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से एक दूसरे को प्रभावित करते हैं परंतु किसी भी राष्ट्र को अत्यधिक जनसंख्या वृद्धि से होने वाली विभिन्न समस्याओं से भी निरंतर दो-चार होना पड़ता है।

यदि क्षेत्रफल की दृष्टि से देखा जाए तो भारत विश्व के सात बड़े देशों में रूस, कनाडा, चीन, अमेरिका, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत 'सातवें' स्थान पर है और जनसंख्या की दृष्टि से 'प्रथम' स्थान पर है। भारत की जनसंख्या चीन की तुलना में 2.9 मिलियन ज्यादा हो गई है। 'संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष' ने इसके आंकड़े भी जारी कर दिए हैं। भारत दुनिया का सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन गया है। भारत में 15 से 64 साल तक के लोगों की संख्या 68 प्रतिशत है। यू. एन. ने पिछले साल इन आंकड़ों का दावा किया था। भारत की आबादी वर्तमान में 142.86 करोड़ पहुंच गई है जबकि चीन की जनसंख्या 142.57 करोड़ है।

भारत एक विकासशील देश है और भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या केवल आर्थिक विकास में ही बाधक नहीं है बल्कि देश की अनेक समस्याओं का भी मूल कारण है। भारत के पास अभी भी समय है कि वह जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगाने हेतु विभिन्न उपायों का सख्ती से पालन करें और भारत के नागरिकों में जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों के बारे में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक बनाएं जिससे जनसंख्या वृद्धि कम करने में एवं विभिन्न योजनाओं के सफल होने के अवसर बढ़ जाएंगे और लोगों में संसाधनों के उपभोग की प्रवृत्ति के साथ-साथ संसाधनों के उत्पादन की प्रवृत्ति के लिए भी प्रोत्साहन करके कुछ हद तक संसाधनों की पूर्ति की जा सकती है, जैसे- छत, बालकनी, गार्डन आदि में फल और सब्जियों को उगाकर पर्यावरण को भी सुरक्षित किया जा सकता है और विभिन्न रसायन युक्त फल और सब्जियां खाने से बच जाएंगे और स्वास्थ्य भी सही होगा। समय के सदुपयोग के साथ मनोरंजन भी होगा जिससे लोगों का मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य सही रहेगा और धन की भी बचत होगी। यह कदम पर्यावरण के साथ-साथ देश के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा।

# जरूरी है बौद्धिक संपदा की रक्षा


तपन कुमार
एमजेपीआरयू, बरेली

डिजिटल युग में, फोटोग्राफी पहले से कहीं अधिक सुलभ हो गई है। उच्च गुणवत्ता वाले कैमरों से लैस स्मार्टफोन के प्रसार ने व्यक्तियों के लिए छवियों को कैप्चर करना और साझा करना आसान बना दिया है। हालांकि, इस पहुंच ने फोटोग्राफरों की बौद्धिक संपदा का दोहन भी किया है। बहुत से लोग उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरों के लिए इंटरनेट ब्राउज़ करते हैं, उन्हें डाउनलोड करते हैं, और मूल रचनाकारों की अनुमति या मुआवजे के बिना उनका उपयोग करते हैं।

फोटोग्राफी में बौद्धिक संपदा की चोरी के व्यक्तिगत फोटोग्राफरों और समग्र रूप से क्षेत्र दोनों के लिए दूरगामी परिणाम हैं। जब व्यक्ति बिना अनुमति या उचित एट्रिब्यूशन के तस्वीरों का उपयोग करते हैं, तो वे मूल रचनाकारों के अधिकारों को कमजोर करते हैं। चोरी का यह कार्य न केवल फोटोग्राफर के काम की मान्यता और मूल्य को कम करता है, बल्कि अपने शिल्प से आजीविका कमाने की उनकी क्षमता को भी कम करता है। इसके अलावा, उचित एट्रिब्यूशन की अनुपस्थिति फोटोग्राफरों को उनके कलात्मक प्रयासों के लिए मान्यता से वंचित करती है और उनके पेशेवर विकास में बाधा डालती है।

यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि तस्वीरों के अनधिकृत उपयोग सहित बौद्धिक संपदा की चोरी अवैध है और कानून के तहत दंडनीय है। रचनाकारों के अधिकारों की रक्षा करने और उनके काम के लिए उचित मुआवजा सुनिश्चित करने के लिए कई देशों में कॉपीराइट कानून मौजूद हैं। ये कानून फोटोग्राफरों को अपनी तस्वीरों को पुनः पेश करने, वितरित करने, प्रदर्शित करने और लाइसेंस देने के लिए विशेष अधिकार प्रदान करते हैं। इन अधिकारों का कोई भी अनधिकृत उपयोग या शोषण कॉपीराइट उल्लंघन के बराबर है।

फोटोग्राफी में बौद्धिक संपदा की चोरी के मुद्दे को संबोधित करने के लिए, आम जनता में फोटोग्राफरों के अधिकारों और उनके काम का सम्मान करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। जिम्मेदार उपयोग की संस्कृति को बढ़ावा देने में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। व्यक्तियों को यह समझने की आवश्यकता है कि तस्वीरें लेने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं और बिना अनुमति के किसी और के काम का उपयोग करना उनके अधिकारों का उल्लंघन है।

फोटोग्राफर स्वयं अपनी बौद्धिक संपदा की रक्षा के लिए सक्रिय कदम उठा सकते हैं। वे अपने स्वामित्व का दावा करने और अनधिकृत उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए वाटरमार्क, मेटाडेटा और डिजिटल अधिकार प्रबंधन उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, फोटोग्राफरों को अपने कानूनी संरक्षण को मजबूत करने और स्वामित्व का एक स्पष्ट रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए प्रासंगिक कॉपीराइट अधिकारियों के साथ अपने काम को पंजीकृत करने पर विचार करना चाहिए।



# 'झारखंड झुकेगा नहीं' कमल भी खिलने से रुकेगा नहीं

**कब कहां मतदान**

13 मई– सिंहभूम, पलामू, लोहरदगा, खूंटी।
20 मई – हजारीबाग, कोडरमा, चतरा।
25 मई – रांची, जमशेदपुर, धनबाद, गिरीडीह।
01 जून– राजमहल, दुमका और गोड्डा।

### सोरेन के भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा 14 में 12 सीटें जीतने का पिछला इतिहास दोहरा सकती, लेकिन झामुमो लोगों के दिल में उतरा तो कई सीटें गंवा सकती

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार:** झारखंड में प्राकृतिक संसाधन और खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में है, फिर भी इसे बेरोजगारी, गरीबी और बुनियादी ढांचे के विकास की कमी जैसे सवालों से जूझना पड़ता है। राज्य में सबसे बड़ी आबादी आदिवासियों की है, इस कारण यहां की कुल 14 लोकसभा सीटों में पांच एसटी वर्ग और एक सीट एससी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव यहां चार चरणों में हुआ था। इस बार भी राज्य में जमीनी जटिलताएं देखते हुए चार चरणों में 13 मई से पहली जून तक वोट डाले जाएंगे। पिछले एक दशक में भाजपा की लोकसभा चुनाव की सफलता छोड़ दें, तो यहां कोई भी राजनीतिक दल राजनीति में अपना दबदबा कायम नहीं कर पाया है। 2019 के चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने 12 सीटें जीती थीं।

लेकिन 2019 में ही विधानसभा चुनाव कांग्रेस, आरजेडी और झामुमो गठबंधन जीत गया था। इस तथ्य के साथ ही हाल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने की घटना ने 2024 के लोकसभा चुनाव को और जटिल तथा अप्रत्याशित बना दिया है। राज्य में मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन में है। इक्का-दुक्का सीटों पर भाकपा, माकपा और एआईएमआईएम के उम्मीदवार तीसरा कोण बनाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं।

**2019 का दलीय जनादेश**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 11 | 76,23,987 |
| कांग्रेस | 01 | 23,38,466 |
| झामुमो | 01 | 17,22,635 |
| आजसू | 01 | 6,48,277 |

**2014 में किसे कितने वोट**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 12 | 52,07,439 |
| जेएमएम | 02 | 12,05,031 |
| कांग्रेस | 00 | 17,24,740 |
| आजसू | 00 | 4,81,667 |

**वोट शेयर – 2019**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 51% |
| कांग्रेस | 15.6% |
| झामुमो | 11.5% |
| आजसू | 4.3% |

**वोट शेयर – 2014**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 40.1% |
| कांग्रेस | 13.5 % |
| झामुमो | 9.3% |
| आजसू | 3.7% |

**12** सीटें पिछली बार राज्य में एनडीए ने जीती थीं



### कल्पना सोरेन चुनाव जीतकर संभालेंगी राज्य की कमान?

- झारखंड में होने वाले गांडेय विधान सभा सीट के उप चुनाव में झामुमो ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को उतारने का फैसला लिया है। भाजपा ने गांडेय सीट के उपचुनाव में प्रदेश मंत्री दिलीप कुमार वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। वर्ष 2019 में गांडेय विधानसभा के चुनाव में झामुमो के डॉ. सरफराज अहमद ने जीते थे। लेकिन बदली राजनीतिक परिस्थितियों में उन्होंने चार माह पहले विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।

### दुमका से आठ बार के सांसद शिबू सोरेन इस बार मैदान में नहीं

- लोकसभा चुनाव से दो माह पहले झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय ने भूमि घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग की जांच में पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झामुमो नेता चंपई सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री बने। लोकसभा चुनाव का मोर्चा पार्टी के साथ हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने संभाल रखा है। उनकी ही अगुवाई में 21 अप्रैल को रांची में इंडिया गठबंधन दलों की रैली हुई थी। हालांकि उनकी भाभी सीता सोरेन झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल होकर दुमका सीट से चुनाव लड़ रही है। दुमका शिबू सोरेन की पारंपरिक सीट रही है। वे आठ बार यहां से सांसद रहे हैं। इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। सीता सोरेन का मुकाबला करने के लिए झामुमो ने अपने वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री नलिन सोरेन को दुमका में उतारा है।
- झामुमो ने 'झारखंड झुकेगा नहीं' का नारा देकर हेमंत सोरेन सरकार की उपलब्धियों के साथ हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के मुद्दे पर चुनावी अभियान छेड़ दिया है। झामुमो नेता सभाओं में हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी नेताओं पर साजिश का आरोप लगा रहे हैं। इसके जवाब में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी कह रहे हैं कि हेमंत सोरेन और उनके परिवार ने आदिवासियों की जमीनें हड़पी हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब कल्याण की योजनाएं लेकर आए हैं। इसके साथ ही वह मोदी सरकार की उलब्धियां गिनाते हैं।
- फिलहाल राज्य में चुनावी अभियान अभी 13 मई को मतदान वाली सीटें छोड़कर बाकी जगह बहुत गति नहीं पकड़ पाया है। लेकिन इतना स्पष्ट है कि पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए हेमंत सोरेन बड़ा मुद्दा बन चुके हैं। ऐसे में भाजपा अगर हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार के मुद्दे को जनता को समझा पाने में सफल हो भी जाती है तो उसकी चुनावी संभावनाओं पर कोई बड़ा फर्क नहीं आने वाला है। पार्टी 14 में 12 सीटें जीतने का पुराना इतिहास दोहरा सकती है। लेकिन झामुमो लोगों के दिल में उतरा तो भाजपा कई सीटें गंवा भी सकती है।

### भाजपा ने इस बार खेला है ओबीसी कार्ड

- इस बार भाजपा ने राज्य में ओबीसी वोटर को अपनी ओर करने की पूरी कोशिश की है। माना जा रहा है कि भाजपा के रणनीतिकारों ने अगड़े वोटों पर अपनी स्वभाविक हिस्सेदारी मान कर पिछड़ों को लुभाने के प्रयास किया है। यही वजह है कि सामान्य सीटों पर भी ओबीसी प्रत्याशी को प्राथमिकता दी है।

### धनबाद में भी नए प्रत्याशियों में संघर्ष

- धनबाद लोकसभा सीट पर भी दोनों नए चेहरे टकराएंगे। यहां कांग्रेस की अनुपमा सिंह और भाजपा के ढुल्लू महतो के बीच संघर्ष है। इस सीट पर भाजपा ने अपने सांसद पीएन सिंह का टिकट काटकर बाघमारा से विधायक ढुल्लू महतो को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पूर्व मंत्री और मजदूर नेता राजेन्द्र सिंह की बहू और विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को उतारा है।



### अर्जुन मुंडा के सामने फिर कालीचरण

खूंटी लोकसभा सीट पर रोचक चुनावी जंग हो रही है। यहां भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और राज्य के तीन बार मुख्यमंत्री रहे अर्जुन मुंडा को मैदान में उतारा है। उन्होंने 2019 में यह सीट 1,445 मतों के मामूली अंतर से जीती थी। उनको एक बार फिर भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के भाई कालीचरण मुंडा कांग्रेस से टक्कर देंगे।

### हजारीबाग और चतरा सीट पर नए चेहरों के बीच मुकाबला

- हजारीबाग सीट जिसका प्रतिनिधित्व कभी पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा और बाद में उनके बेटे पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने किया। इस बार भाजपा ने सांसद जयंत सिन्हा की जगह स्थानीय विधायक मनीष जायसवाल को मैदान में उतारा है। जयंत सिन्हा ने 2019 में कांग्रेस के गोपाल साहू को 4 .79 लाख वोटों के अंतर से हराकर ये सीट जीती थी। यहां कांग्रेस ने जय प्रकाश भाई पटेल को टिकट दिया है। इसी तरह चतरा सीट से भाजपा ने सांसद सुनील सिंह का टिकट काट कर कालीचरण सिंह को उतारा है। कांग्रेस ने पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को इंडिया गठबंधन से उम्मीदवार बनाया है। वह पहली बार यहां से चुनाव लड़ रहे हैं।

### चंपई सोरेन की हार का बदला ले पाएंगे मोहंती

- जमशेदपुर में भाजपा ने विद्युत वरन महतो को मैदान में उतारा है। उन्होंने 2019 में चंपई सोरेन को तीन लाख से ज्यादा मतों के अंतर से हराया था। इस बार झामुमो ने यहां से बहरागोड़ा से विधायक समीर मोहंती को मुकाबले में उतारा है। भाजपा ने लोहरदगा सीट से सांसद सुदर्शन भगत की जगह राज्यसभा सदस्य समीर ओरांव को उम्मीदवार बनाया है। राज्यसभा के लिए उनका कार्यकाल तीन मई को खत्म हो रहा है। कांग्रेस ने सुखदेव भगत को मैदान में उतारा है।





### रांची में सुबोध कांत सहाय की पुत्री यशश्विनी सहाय कांग्रेस से देंगी टक्कर

- रांची सीट पर भाजपा ने एक बार फिर सांसद संजय सेठ पर भरोसा जताया है, जिन्होंने पिछले चुनाव में कांग्रेस के सुबोध कांत सहाय को 2,82,780 मतों से हराया था। कांग्रेस ने इस बार रांची में सुबोध कांत सहाय की पुत्री यशश्विनी सहाय को मैदान में उतारा है।

### भाजपा 13, कांग्रेस सात और झामुमो लड़ रहा है पांच सीटों पर चुनाव

झारखंड में भाजपा 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन ( आजसू) के साथ हुई सीट शेयरिंग के अनुसार 14 में 13 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ेगी, जबकि आजसू एक ही सीट पर प्रत्याशी उतारेगी। उधर, झामुमो –कांग्रेस–आरजेडी और माले गठबंधन के बीच हुए सीट बंटवारे के मुताबिक 14 सीटों में से सात पर कांग्रेस, पांच पर झामुमो और एक–एक सीट पर माले तथा आरजेडी के उम्मीदवार उतरेंगे।

# एमपी में गर्मी से हुई कम वोटिंग निकालेगी किसकी गर्मी !

**वोटर की उदासीनता**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में भी पहले चरण की तरह मतदाताओं ने कम उत्साह दिखाया। पहले चरण में 7.48 प्रतिशत कम वोटिंग हुई थी। दूसरे चरण की छह सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद में 58.35% वोट पड़े जो 2019 की तुलना में 9.33% कम रहे। इस नौ प्रतिशत से कम वोटिंग में 11 प्रतिशत महिलाएं वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंचीं।

महिलाओं के बूथ पर कम संख्या में पहुंचने का यह आंकड़ा भाजपा के लिए परेशान करने वाला है। विधानसभा चुनावों में महिलाओं के बढ़-चढ़कर मतदान करने से भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की थी। ऐसे में जिन सीटों पर महिलाओं ने कम मतदान किया है, वहां भाजपा जीत का अंतर घटने का अनुमान लगा रही है, जबकि कांग्रेस अपनी जीत की संभावनाएं तलाश रही है।



अगले चरण में शिवराज, ज्योतिरादित्य व दिग्विजय की किस्मत का फैसला।

**40** डिग्री से ऊपर पारा को निर्वाचन आयोग मान रहा लोगों के घर से बाहर नहीं आने की बड़ी वजह

**9%** कम मतदान में 11 प्रतिशत महिलाओं के वोट डालने के लिए नहीं पहुंचने के कारण भाजपा की बढ़ी परेशानी

एमपी में कम वोटिंग का कारण जहां राजनीतिक दल मतदाताओं की उदासीनता बता रहे हैं, वहीं निर्वाचन आयोग गर्मी के कारण मतदान कम होने की बात कह रहा है। विशेषज्ञ मतदान कम होने पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। उनका कहना कि राजनीतिक दलों की चुनावी मशीनरी वोटरों को घर से निकाल नहीं सकी जिससे मतदाता की उदासीनता नहीं टूटी।

निर्वाचन आयोग की मतदान गर्मी होने की बात बेवजह भी नहीं है। 26 अप्रैल को वोटिंग के दौरान सबसे ज्यादा तापमान रीवा में 42.2 डिग्री था। यहां सबसे कम वोटिंग हुई। रीवा में 48.67 फीसदी मत पड़े। हालांकि सतना में भी पारा 42.2 डिग्री था। लेकिन यहां 61.87 फीसदी लोगों ने मतदान किया। इसका कारण यहां कांटे का त्रिकोणीय संघर्ष माना गया। खजुराहो में 42 डिग्री तापमान के बीच 56.44% वोट पड़े। यहां इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी का पर्चा रद होने से विपक्ष के मतदाताओं की उदासीनता कम मतदान की वजह हो सकती है। दमोह में 41.2 डिग्री गर्मी में 56.18 मतदाता बूथ पर पहुंचे। टीकमगढ़ में 39 डिग्री पारा रहा। यहां 59.79 वोटिंग हुई, जबकि होशंगाबाद में 40.1 तापमान के बीच 67.16 मतदान हुआ।

दूसरे चरण के चुनाव में एमपी में सर्वाधिक 67.16 प्रतिशत मतदान होशंगाबाद और सबसे कम 49.44 प्रतिशत रीवा सीट पर हुआ।

### खजुराहो और रीवा में सबसे कम मतदान

- पिछले चुनाव से इस बार खजुराहो में सबसे ज्यादा मतदान में गिरावट आई। 2019 के मुकाबले इस बार 11.87 फीसदी कम वोटिंग हुई। रीवा में 11.74 प्रतिशत वोट कम डाले गए। इसके बाद दमोह में पिछली बार की अपेक्षा करीब 10 फीसदी कम मतदान हुआ।

### कांग्रेस ने उत्साह नहीं दिखाया, भाजपा ने विपक्ष की शून्यता का लाभ उठाया

मध्य प्रदेश में पहले चरण में कांग्रेस ने कोई उत्साह नहीं दिखाया, दूसरे चरण में भाजपा ने भी रुचि कम दिखाई। इससे मतदान में जोश नहीं आया। कांग्रेस का कोई बड़ा नेता ऐसा नहीं आया जो मोदी सरकार और प्रदेश सरकार से सवाल जवाब कर सके। जब ऐसा नहीं हुआ तो भाजपा ने विपक्ष की शून्यता जैसी स्थिति में चुनाव लड़ा।

### तीसरे चरण में ज्योतिरादित्य दिग्विजय के साथ शिवराज सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर

अब भाजपा सामने चुनौती है तीसरा चरण, जिसमें ग्वालियर चंबल के साथ मध्य की नौ सीटों पर मतदान होना है। गुना, मुरैना, भिंड और ग्वालियर सीटों के विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और सागर लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में मतदान होना है। ये सभी प्रमुख सीटें हैं और कई हाईप्रोफाइल हैं। गुना सीट से ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव मैदान में है तो राजगढ़ से कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह हैं। भिंड, मुरैना, ग्वालियर में मुकाबले दिलचस्प तो विदिशा में चार बार के मुख्यमंत्री रहे पूर्व सीएम शिवराज सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर है।



**हम भी मैदान में** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव में प्रचार की कमान उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने संभालकर किया रोड शो।

## चुनाव लोकसभा का, बिसात विधान सभा की बिछी

**चंडीगढ़।** कहा जाता है कि राजनीति में आज का दुश्मन कल दोस्त और आज का दोस्त कल दुश्मन हो सकता है। हरियाणा में डबल इंजन की सरकार है। बीजेपी और जजपा मिलकर हरियाणा की सरकार चला रही हैं। लेकिन अब जजपा के बोल बदल गए हैं। जजपा राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है और राज्य में अपना अस्तित्व बचाने में जुटी है। यही वजह है कि उसके नेता बीजेपी को लेकर काफी हमलावर है। बीजेपी के खिलाफ मौन रहने वाले जजपा के नेता अब उसे जमकर कोस रहे हैं और विरोध भी कर रहे हैं। जजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने पांच उम्मीदवारों की सूची पहले ही जारी कर दी है और बाकी पांच उम्मीदवारों की सूची भी जल्द ही जारी करेगी। ऐसे में जजपा अब खुद को बीजेपी से पूरी तरह अलग कर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। जजपा का असली लक्ष्य इस साल अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव पर है। जजपा अभी से ही उसके लिए माहौल बना रही है।



**हम नहीं कम** सीपीएम की नेता वृंदा करात ने कोलकता में रोड शो करके माकपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट। इस दौरान उन्होंने लाल झंडे के लिए मतदान का आह्वान किया।

# भाजपा– कांग्रेस की लड़ाई को बसपा बना रही त्रिकोणीय

**जांजगीर- चांपा संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित छत्तीसगढ़ की जांचगीर- चांपा लोकसभा सीट पर भाजपा लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज करने को बेकरार नजर आ रही है, जबकि इस संसदीय क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों को जीतने वाली कांग्रेस हर हाल में इस सीट पर कब्जा करने को आतुर दिख रही है। प्रदेश की सत्ता में पूर्ण बहुमत से काबिज हुई भाजपा को इस क्षेत्र के मतदाताओं ने नकार दिया था इस वजह से भी कांग्रेस को लगता है कि मतदाता लोकसभा चुनाव में भी उसके साथ होंगे। हालांकि कांग्रेस नेताओं को बसपा से ज्यादा उम्मीदें हैं। उन्हें लगता है कि बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाएगी इससे कांग्रेस को यह सीट आसानी से मिल जाएगी। बसपा ने इस इस पर जीत तो कभी दर्ज नहीं की लेकिन पार्टी एक लाख से ज्यादा वोट हर चुनाव में पाती है।

भाजपा ने इस सीट पर पहली बार 1989 में जीत दर्ज की थी, जबकि 1991 के चुनाव में पार्टी हार गई थी। 1996 के चुनाव में भाजपा को फिर जीत मिली लेकिन 1998 और 1999 के चुनाव में भाजपा को यहां के मतदाताओं ने नकार दिया। 2004 के चुनाव में भाजपा को यहां के मतदाताओं ने अपनाया। 2009, 2014 और 2019 में भी भाजपा का कब्जा इस सीट पर हुआ लेकिन विधानसभा चुनाव में यहां के मतदाताओं ने भाजपा को आठ विधानसभा सीटों पर हराकर जोर का झटका दिया है। इससे पार्टी के रणनीतिकार परेशान हैं और उन्हें इस बात का डर सता रहा है कि कहीं विधानसभा चुनाव की तरह ही मतदाता इस बार भी कांग्रेस के साथ न चले जाएं। इस बार भाजपा ने कमलेश जांगड़े को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया पर दांव लगाया है। बसपा के महावत के रूप में डॉ. रोहित डहरिया मैदान में हैं।



### 42 फीसद से अधिक हैं पिछड़ी जाति के मतदाता

- इस क्षेत्र में 20 लाख 52 हजार मतदाता हैं। इनमें पिछड़ी जाति के मतदाताओं की संख्या 42 प्रतिशत से अधिक है। जबकि सामान्य वर्ग के मतदाता लगभग सात फीसद हैं। अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या 25 प्रतिशत है। अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं की संख्या 11 .6 प्रतिशत तो मुस्लिम एक प्रतिशत, ईसाई मतदाता 0 .18 प्रतिशत और जैन धर्म के मतदाताओं की संख्या 0 .06 प्रतिशत हैं।

### बेरोजगारी और महंगाई को मुद्दा बना रही कांग्रेस

- कांग्रेस ने इस सीट पर बेरोजगारी, महंगाई को बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश की है। पार्टी नेता और कार्यकर्ता लोगों को यह बताने में जुटे हैं कि उन्हें मुफ्त में अनाज देकर न सिर्फ बेरोजगार बनाया जा रहा है बल्कि रोजगार के अवसर भी खत्म किए जा रहे हैं। गैस सिलेंडर की कीमतों के साथ ही अनाज की बढ़ी कीमतों को भी कांग्रेस भुना रही है। जबकि भाजपा लगातार मोदी की गारंटी के बारे में बताकर किसानों, युवाओं और महिलाओं से वोट मांग रही है।

## एक नजर

### नक्सलियों ने की कांग्रेस नेता की हत्या

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों ने कांग्रेस नेता एवं पूर्व जनपद पंचायत सदस्य की हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोटाली गांव में संदिग्ध नक्सलियों ने जोगा पोड़ियाम की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार पोड़ियाम अपने घर पर थे तब शुक्रवार देर रात कुछ हथियारबंद लोग वहां पहुंचे और उन्होंने धारदार हथियार से पोड़ियाम की हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर घटनास्थल के लिए पुलिस दल रवाना हुआ। क्षेत्र में तलाश अभियान तेज कर दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार नक्सलियों ने 2018 में पोडियाम को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी और उनसे क्षेत्र में विकास कार्यों का समर्थन नहीं करने को कहा था। उन्होंने बताया कि लगभग 10 वर्ष पहले नक्सलियों ने पोडियाम के बेटे को जिंदा जला दिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शराब बरामदगी के मामले में दो भाई को सजा

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के व्यवहार न्यायालय के उत्पाद न्यायाधीश ने शनिवार को शराब बरामदगी के मामले में दो सगे भाई को सजा सुनायी। विशेष न्यायाधीश उत्पाद द्वितीय अतुलबीर सिंह ने मामले में सुनवाई की। अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर पछियारी टोला निवासी कृष्णा राय के दो पुत्र मुकेश राय और प्रमोद कुमार को पांच-पांच वर्ष सश्रम कैद एवे एक एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि अदा नहीं भरने पर दोषियों को एक-एक वर्ष की कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। सोनपुर थानाध्यक्ष अकील अहमद ने 14 अक्टूबर 2021 को सूचना के आधार पर आरोपितों के घर पर छपामारी की थी। पुलिस को देख तीनो भाई घर से फरार हो गये। पुलिस ने घर की तलाशी ली तो एक कमरा तथा खेत मे छिपा कर रखा गया 950 लीटर विदेशी शराब की पैक बोतल को बरामद किया गया।

### हिमाचल प्रदेश में फिर से हुआ दराट कांड एक ही परिवार के चार लोग घायल

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के उप मंडल पालमपुर में दराट से हमला करने का एक और मामला सामने आया है। मामला पालमपुर के सिहर का बताया जा रहा है, जहां पर बेटे और पिता ने परिवार के चार सदस्यों पर शनिवार सुबह दराट से हमाला किया, जिसमें चारों घायल हो गये। बताया जा रहा है कि मामला जमीनी विवाद के चलते दूसरे पक्ष ने परिवार के चार सदस्यों पर दराट से हमला किया है। पिछले काफी समय से कोर्ट में केस चला हुआ था, लेकिन बीते दिन उसका निर्णय जब सामने आया तो हमला करने वाला पक्ष हार गया। इसमें घायल हुए मदन भाटिया ने बताया कि जमीनी का केस जीतने पर विरोधी पार्टी जो की केस हार गई थी, उसने उनके परिवार पर दराट से हमला कर उन्हें लहूलुहान किया। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह जब आरोपी के पिता और पुत्र आए तो उनकी पत्नी और पिता पर दरार से हमला कर दिया। इस दौरान मदन भाटिया अपने पत्नी और पिता को बचाने गए तो वह भी घायल हुए हैं। दराट से हमला करने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए हैं और परिवार के चार सदस्यों को बुरी तरह से जख्मी किया हुआ है।

### छत्तीसगढ़ में ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में चार लोगों की गई जान

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र में शनिवार को ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार हादसे में पिता-पुत्र और मां-बेटी की जान गई है। पूरा मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के अरसमेटा मोड़ का है। मुलमुला थाना के अनुसार घायल महिला को बिलासपुर के सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां महिला ने दम तोड़ दिया। वहीं हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने और पीड़ितों के परिजन और ग्रामीण ने मौके पर पहुंचकर चक्का जाम कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रामकुमार कश्यप (47), पत्नी शतरूपा बाई (42), बेटा चंद्र प्रकाश कश्यप (19) और तीन साल की छोटी बेटी के रूप में हुई है। सभी पीड़ित कोनारगढ गांव से जन्मदिन मानने के लिए परसदा गांव जा रहे थे। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

# कांग्रेस नीत इंडी गठबंधन की योजना पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाने की: मोदी

## कांग्रेस कर्नाटक मॉडल देश में लागू करना चाहती है, जिससे मुसलमानों को ओबीसी के 27% कोटे में शामिल कर सके

कोल्हापुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडी' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि वह सत्ता में आने की स्थिति में पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाने पर विचार कर रहा है। मोदी ने पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर में चुनावी रैली में कहा कि विपक्षी गठबंधन तीन अंकों के आंकड़े या सरकार बनाने के दरवाजे तक भी नहीं पहुंच सकता, लेकिन अगर उसे मौका मिला तो उसकी योजना हर साल एक प्रधानमंत्री बनाने की है।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने बारी-बारी से मुख्यमंत्री का पद 2.5 साल के बाद उपमुख्यमंत्री को सौंपने की योजना बनाई है। उसके पास छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी यह व्यवस्था थी। कांग्रेस कर्नाटक मॉडल को देश में लागू करना चाहती है, जिसमें मुसलमानों को ओबीसी के 27 प्रतिशत कोटे में शामिल किया गया है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने सामाजिक न्याय की हत्या करने की कसम खा रखी है। कांग्रेस तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए इतना नीचे गिर गई है। कांग्रेस संविधान को बदलना



● पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री ने गठबंधन पर जमकर किया हमला

चाहती है और धर्म आधारित आरक्षण के लिए दलितों, ओबीसी से आरक्षण का लाभ छीनना चाहती है।मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने न केवल अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध किया, बल्कि इसकी प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को भी अस्वीकार कर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 2-0 से आगे चल रहा है। उन्होंने कहा कि कोल्हापुर को फुटबॉल हब के रूप में जाना जाता है। दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के साथ, मैं कहूंगा कि राजग 2-0 से आगे चल रहा है, जबकि भारत विरोधी नीतियों और नफरत की राजनीति में लगे कांग्रेस गठबंधन ने दो सेल्फ-गोल किए हैं।

मोदी ने कहा कि मुझे यकीन है कि मतदाता तीसरे चरण में ऐसा गोल करेंगे कि इंडी गठबंधन परास्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बाद के चरणों में भी इंडी गठबंधन को करारी शिकस्त दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि अनुच्छेद 370 को बहाल किया जाएगा और सीएए को निरस्त किया जाएगा। क्या कोई मोदी के फैसले को बदल सकता है? और यदि वे ऐसा करते हैं, तो क्या उन्हें पता है कि इसका क्या परिणाम होगा?

### कांग्रेस विरासत कर लगाकर लोगों से उनकी विरासत छीनना चाहती है

संपत्ति बंटवारे को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आपकी संपत्ति तलाश कर उन लोगों को बांटना चाहते हैं, जिनका पार्टी ने देश के संसाधनों पर पहला हक बताया था। कांग्रेस विरासत कर लगाना चाहती है और लोगों से उनकी विरासत छीनना चाहती है। ऐसे लोगों को सत्ता में आने का थोड़ा सा भी मौका नहीं मिलना चाहिए।

# संदेशखालि में हथियार बरामदगी का कोई सबूत नहीं : ममता

कुल्टी (प. बंगाल), एजेंसी



प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि सीबीआई ने राज्य पुलिस को सूचित किए बिना संदेशखालि में छापेमारी की और हथियार बरामदगी का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि बरामद वस्तुएं केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों द्वारा लाई गई होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर बंगाल में पटाखा भी फूटता है, तो एनआईए, सीबीआई, एनएसजी जांच करने आ जाती हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कोई युद्ध चल रहा हो। राज्य पुलिस को सूचित नहीं किया गया। क्या मिला पता नहीं। कोई सबूत नहीं है। बरामद की गई चीजें संभवतः सीबीआई द्वारा कार में लाई गई होंगी। बनर्जी आसनसोल सीट से टीएमसी उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा के लिए रैली को संबोधित कर रही थीं।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने शुक्रवार को संदेशखालि में टीएमसी नेता रहे शाहजहां शेख के सहयोगी के दो परिसरों पर छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया था। शेख के समर्थकों द्वारा 29 फरवरी को ईडी की टीम पर हमला की घटना के सिलसिले में यह छापेमारी की गई। सीबीआई, बम निरोधक दस्ते, एनएसजी, केंद्रीय अर्द्धसैन्य बलों और पुलिस ने उत्तर 24 परगना जिले में सुंदरबन के किनारे गांव में कार्रवाई की।

### सीबीआई छापे की निर्वाचन अधिकारी से शिकायत

**कोलकाता।** टीएमसी ने प. बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की कि सीबीआई ने राज्य में दूसरे चरण के मतदान के दौरान संदेशखालि में खाली स्थान पर जानबूझकर अनैतिक तरीके से छापेमारी की थी। जब शुक्रवार को दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट सीट पर मतदान हो रहा था तो केंद्रीय एजेंसी ने संदेशखालि में छापेमारी की।

# आबकारी नीति मामले में मनमाने ढंग से ईडी ने किया काम : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में बेहद मनमाने ढंग से काम किया। अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में ईडी के हलफनामे पर जवाब में केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने हमेशा जांच में सहयोग किया है।

आप के नेता ने कहा कि ईडी ने शीर्ष अदालत में दाखिल हलफनामे में कहा है कि उनकी गिरफ्तारी की एक वजह यह थी कि वह नौ बार तलब किए जाने के बावजूद उपस्थित नहीं हुए थे। ऐसे मामले में जांच अधिकारी का यह राय बनाना उचित था कि हिरासत में पूछताछ से आरोपी से ठोस पूछताछ हो पाएगी। उन्होंने कहा कि जवाब के आशय, पाठ और सामग्री से कोई संदेह नहीं रह जाता है कि ईडी ने कानून की उचित प्रक्रिया का अपमान करते हुए बहुत ही मनमाने तरीके से काम किया है।

केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी के जवाब में उसके रुख को समग्र रूप से देखने से उसकी कार्यवाही में साफ झूठ उजागर हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिकॉर्ड से पता चलेगा कि महत्वपूर्ण



● गिरफ्तारी को चुनौती वाली याचिका पर ईडी के हलफनामे पर केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में रखा अपना पक्ष

विवरण और जानकारी मांगने के दौरान उन्हें जारी किए गए प्रत्येक समन का विधिवत जवाब दिया गया था, जिसे किसी भी परिस्थिति में ईडी द्वारा गोपनीय होने का दावा नहीं किया जा सकता है।

केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी ने कभी भी उनके द्वारा जांच में असहयोग का खुलासा नहीं किया। केजरीवाल को किसी अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से न बुलाने या उनसे लिखित में या डिजिटल माध्यम से दस्तावेज न मांगने और व्यक्तिगत रूप से उनकी उपस्थिति पर जोर देने की क्या जरूरत थी, यह पता नहीं चल पा रहा है। उनकी याचिका स्वीकार किये जाने योग्य है और वह तुरंत रिहा किए जाने के हकदार हैं। अदालत में दाखिल हलफनामे में ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल आबकारी नीति घोटाले के सरगना और साजिशकर्ता हैं और सबूत के आधार पर अपराध के लिए किसी की गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा का उल्लंघन नहीं करती है।

# मतदान प्रतिशत कम करने को चुनावी तंत्र पर माकपा का कब्जा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

● कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने दूसरे चरण के मतदान के बाद केरल सरकार पर साधा निशाना

केरल की 20 सीट पर मतदान के एक दिन बाद कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि राज्य में मतदाताओं को परेशान किया गया और सत्तारूढ़ माकपा ने चुनावी तंत्र को कब्जे में ले लिया ताकि मतदान प्रतिशत कम रहे। कांग्रेस ने 13 राज्यों की 88 सीट के लिए हुए दूसरे चरण के चुनाव में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भाजपा समर्थक लहर का बनाया गया फर्जी माहौल ध्वस्त हो गया है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि देश में पहले दो चरण के मतदान के बाद उन सभी राज्यों में कांग्रेस कार्यकर्ता अच्छे नतीजों को लेकर आश्वस्त हैं, जहां चुनाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि यहां तक कि केरल में भी हम सभी 20 लोकसभा सीट जीतने को लेकर आश्वस्त हैं। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि माकपा द्वारा चुनावी तंत्र को कब्जे में लिया जाना 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस साल मतदान प्रतिशत कम रहने का एक कारण है।

### राहुल पर टिप्पणी को लेकर अनवर पर केस

**पलक्कड (केरल)।** राहुल गांधी को चौथे दर्जे का नागरिक बताने और उनके डीएनए की जांच कराने संबंधी टिप्पणियों को लेकर वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के विधायक पी वी अनवर पर केस दर्ज हुआ है। अनवर ने 22 अप्रैल को केरल के पलक्कड जिले में चुनावी सभा में यह भी कहा था कि कांग्रेस नेता गांधी उपनाम से बुलाए जाने के लायक नहीं हैं। प्राथमिकी के अनुसार, इस घटना के बाद मजिस्ट्रेट अदालत के निर्देश पर 26 अप्रैल को विधायक के खिलाफ नट्टुकल पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। वकील बैजू नोएल रोसारिया की शिकायत पर मजिस्ट्रेट अदालत ने मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया था।

# संभाला बिरनपुर हत्याकांड की जांच राज्य सरकार ने सीबीआई को सौंपा

रायपुर, एजेंसी

सीबीआई ने छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में पिछले वर्ष हुई 22 वर्षीय युवक भुवनेश्वर साहू की हत्या मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। घटना के बाद पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। नई सरकार के गठन के बाद केंद्रीय एजेंसी से जांच करने का अनुरोध किया था।

सरकार द्वारा जारी अधिसूचना पर सीबीआई ने बेमेतरा जिले में युवक की हत्या के संबंध में 12 आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को फिर से मामला दर्ज किया है। साथ ही सीबीआई ने बेमेतरा जिले के साजा पुलिस थाने में 12 लोगों के खिलाफ दर्ज मामले की जांच हाथ में ले ली है। मामले के अनुसार गांव बीरनपुर के सातवीं-आठवीं कक्षा के बच्चे स्कूल से लौट रहे थे तब एक समुदाय के लड़कों ने उनकी पिटाई कर दी, जिस पर गांव में बैठक हुई। जब भुनेश्वर साहू दोस्तों के साथ दोपहर में उस समुदाय के मोहल्ले में गया जहां छत से पथराव किया, जिससे पीड़ित को सिर में चोटें आई। इसके बाद 12 आरोपियों और अन्य ने कथित तौर पर तेज चाकू और घातक हथियारों से उसकी हत्या कर दी।

# थाईलैंड से लाए गए रवि काना को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा

**नोएडा (उप्र)।** थाईलैंड में पकड़े गए कुख्यात अपराधी रवि काना और उसकी सहयोगी काजल झा को भारत वापस भेजे जाने के बाद नोएडा पुलिस ने शनिवार को अदालत में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाईलैंड से प्रत्यर्पण कर लाए गए रवि काना और काजल को शुक्रवार दोपहर को नोएडा पुलिस ने दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत में ले लिया था। रवि के खिलाफ सामूहिक बलात्कार और गैंगस्टर अधिनियम समेत अन्य मामले दर्ज हैं। गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने रवि और काजल की गिरफ्तारी पर 50- 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग-1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165
**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग-1105 बोल्ड- 1145 डीएमओ- 905

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83250 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74300 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55350-55550 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,150 |
| सोना रवा | 74,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,600 |
| चांदी (999) | 83,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,650 |
| चांदी आभूषण | 82,200 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72600 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71600 |
| सिल्वर (पक्की) | 810 (अनुमानित) |

### महिंद्रा लाइफस्पेस का वित्त वर्ष में मामूली घटकर 98 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** महिंद्रा समूह की रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा विकास इकाई महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष (2023-24) में मामूली घटकर 97.89 लाख रुपये रहा है। 2022-23 में कंपनी का शुद्ध लाभ 101.43 करोड़ रुपये था। शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार, कंपनी की कुल आमदनी बीते वित्त वर्ष में घटकर 279.12 करोड़ रुपये रह गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 659.56 करोड़ रुपये थी। बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ बढ़कर 71.15 करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च, 2023 तिमाही में सिर्फ 55 लाख रुपये था। कंपनी की कुल आमदनी मार्च तिमाही में घटकर 54.60 करोड़ रुपये रह गई, जो मार्च, 2023 तिमाही में 270.26 करोड़ रुपये थी।

# छह देशों को 99,150 टन प्याज निर्यात करने की अनुमति

## घरेलू उपलब्धता और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने पर लगा था प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने बंगलादेश और पश्चिम एशिया के कुछ देशों सहित छह पड़ोसी देशों को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों कम अनुमान के मद्देनजर पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने पर प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि पड़ोसी छह देश बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस



और श्रीलंका को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी गई है। इन देशों को केंद्रीय एजेंसी नेशनल को-ऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्याज का निर्यात कराएगी। साथ ही सरकार ने मध्य-पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 टन सफेद प्याज का निर्यात करने की भी अनुमति दी है।

केंद्रीय एजेंसियां एनसीसीएफ और नफेड स्टोर-योग्य प्याज की खरीद शुरू करने के लिए खरीद, भंडारण और किसानों के पंजीकरण का समर्थन करने के लिए एफपीओ/एफपीसी/पीएसी जैसी एजेंसियों को जोड़ रही हैं। मंत्रालय के मुताबिक एनसीईएल द्वारा निर्यात की जाने वाली प्याज मुख्यतः महाराष्ट्र से आती है जो देश में प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। सरकार ने उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की मूल्य स्थिरीकरण कोष योजना के तहत रबी सीजन में प्याज के बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने का लक्ष्य तय किया है।


# इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माता सुरक्षा हितों को सुनिश्चित करें: आईटी सचिव

**चेन्नई।** इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माताओं को नई परियोजनाएं शुरू करते समय देश के सुरक्षा हितों को सुनिश्चित करना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने शनिवार को कहा कि सरकार इस विषय पर खुलकर बात कर रही है और कंपनियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जा रहा है कि किसी परियोजना को तैयार करते समय देश के सुरक्षा हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए।

कृष्णन ने कहा कि हमने इस बारे में पहले संक्षेप में बात की थी और बताया था कि कैसे साइबर सुरक्षा अधिक से अधिक महत्वपूर्ण होती जा रही है। यह एक ऐसी चीज है जिसके बारे में मैं विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों से कहना चाहूंगा कि हमें हर दिन इस बारे में अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है। वह मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और द सदर्न इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसआईसीसीआई) द्वारा आयोजित 10वें जी रामचंद्रन व्याख्यान में बोल रहे थे। साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण होने के साथ राष्ट्रीय जोखिम भी बड़े हैं। यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण है। सरकार कोशिश कर रही है कि इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माता किसी उत्पाद को डिजाइन करते समय ही देश के सुरक्षा हितों का ध्यान रखें।

# पपीता की बेहतर उपज के लिए पूसा की नई तकनीक

पपीता की लाभकारी उपज के लिए अखिल भारतीय फल अनुसंधान परियोजना, डॉ राजेंद्र प्रसाद सेंट्रल एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, पूसा समस्तीपुर, बिहार के वैज्ञानिकों ने नई तकनीक विकसित की है। इससे आप बेहतर उपज के साथ लाभ कमा सकते हैं। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. एसके सिंह के अनुसार पपीता की फसल को विषाणुजनित बीमारी पपाया रिंग स्पॉट विषाणु रोग से बचाने के लिए 2 प्रतिशत नीम के तेल, जिसमे 0.5 मिली प्रति लीटर स्टीकर मिला कर एक-एक महीने पर छिड़काव आठवें महीने तक करना चाहिए। उच्च क्वालिटी के फल एवं पपीता के पौधों में रोगरोधी गुण पैदावार के लिए यूरिया 4 ग्राम+जिंक सल्फेट 4 ग्राम+बोरान 4 ग्राम/लीटर पानी में घोलकर एक एक महीने पर छिड़काव आठवे महीने तक करना चाहिए।



पपीता का वैज्ञानिक नाम कैरिका पपाया है, जिसका भारत, ब्राजील, इंडोनेशिया, नाइजीरिया और मैक्सिको बड़ा उत्पादक है। पपीते में मुख्यतः तीन प्रकार के पौधे होते हैं, नर पौधे केवल पराग का उत्पादन करते हैं, इस पर फल नहीं लगता है। मादा पौधे एवं उभयलिंगी (हेमैंफ्रोडाइट) पौधे, जिसमें फल होते है। पपीता में परागण हवा एवं कीटों से होता है। उभयलिंगी पौधों में स्व-परागण होता हैं। सभी वाणिज्यिक पपीता की किस्मों में केवल उभयलिंगी पौधे होते हैं। भारत में उगाई जाने वाली किस्म रेड लेडी भी उभयलिंगी है। कुछ किसान सोलो टाइप पपीते की भी खेती कर रहे हैं, जिसमे नर एवं मादा पुष्प अलग अलग पौधों पर होते है। पपीता के लिए आदर्श तापमान 21 से 36 डिग्री सेंटीग्रेट सर्वोत्तम है। पपीता की फसल गर्म मौसम में नमी और ठंडे में शुष्क प्रकृति के साथ अच्छा फूल आता है। इसके लिए मिट्टी का पीएच 6 से 7 के बीच में अच्छा होता हैं। इसकी खेती के लिए पर्याप्त जल निकासी वाली मिट्टी का होना अनिवार्य है, क्योकि यदि खेत में 24 घंटे से ज्यादा पानी रुका तो पपीता को बचाना असंभव है। पपीते के बीजों को पॉलीथिन बैग में अच्छी जड़ वाले मीडिया के साथ भी बोया जा सकता है। प्रतिकूल वातावरण, कीटों और बीमारियों से नर्सरी की रक्षा के लिए सुरक्षात्मक संरचना में (लो कास्ट पाली टनल) उगाने की जरूरत होती है। 30 से 45 दिन के पौधों को मुख्य क्षेत्र में रोपाई कर सकते है।

उचित फलन के लिए संतुलित कार्बन नाइट्रोजन अनुपात होना आवश्यक है। 25-30 किग्रा गोबर की खाद जिसमे बायोफर्टिलाइज़र मिश्रण मिला हो, फसल की वृद्धि और रोग प्रतिरोधक को बढ़ाने में सहायक होते है। पपीता की खेती में प्रति वर्ष 1-2 किग्रा प्रति पौधा नीम केक/जैव उर्वरक/वर्मी कम्पोस्ट में से कोई एक या तीनों का मिश्रण तीन से चार बार प्रयोग करते है, उसी समय से अच्छी उपज प्राप्त होती है। अकार्बनिक उर्वरक यथा नाइट्रोजन-200-250 ग्राम, फास्फोरस-200-250 ग्राम, पोटेशियम 200-250 ग्राम प्रति वर्ष प्रति पौधा में दो दो महीने पर चार बार या तीन तीन महीने पर तीन बार उर्वरकों के प्रयोग से अधिकतम लाभ मिलता है।

(प्रोफेसर डॉ. एसके सिंह)

# आईसीटी विवाद पर फैसला 26 जुलाई तक टालने का डब्ल्यूटीओ से आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारत और चीनी ताइपे आयात शुल्क मामले को सुलझाने में लगे

भारत और चीनी ताइपे ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विवाद निपटान निकाय से 26 जुलाई तक कुछ सूचना और प्रौद्योगिकी उत्पादों पर नई दिल्ली के आयात शुल्क के खिलाफ कोई फैसला नहीं लेने को कहा है क्योंकि दोनों पक्ष मामले को सुलझाने में लगे हुए हैं।

यह मुद्दा 26 अप्रैल को जिनेवा में विवाद निपटान निकाय (डीएसबी) की बैठक के दौरान उठा। जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि बैठक में दोनों देशों ने विवादों के समाधान को सुविधाजनक बनाने में मदद के लिए डीएसबी को 26 जुलाई तक विवाद पैनल की रिपोर्टों पर विचार करने में देरी करने को कहा है। निकाय इस पर सहमत हो गया है। इससे पहले भी डीएसबी ने रिपोर्टों पर विचार करने में देरी के लिए भारत और चीनी ताइपे के तीन पिछले अनुरोधों पर सहमति व्यक्त की थी। डब्ल्यूटीओ के नियमों के अनुसार, आदेश जारी होने के 60 दिनों के भीतर पैनल के फैसले को डीएसबी द्वारा कार्यान्वयन के लिए अपनाना होगा। दोनों देश परस्पर निर्णय को अपनाने में देरी के लिए डीएसबी से अनुरोध कर सकते हैं।

# आईसीआईसीआई बैंक को मार्च तिमाही में 18.5% बढ़कर 11,672 करोड़ का लाभ

मुंबई, एजेंसी

निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) में 18.5 प्रतिशत बढ़कर 11,672 करोड़ रुपये रहा है। बैंक के लाभ में इतनी वृद्धि कम प्रावधानों से हुई। 2022-23 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 9,853 करोड़ रुपये था।

कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एकल आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 17.4 प्रतिशत वृद्धि के साथ 10,708 करोड़ रुपये रहा था, जबकि




मार्च, 2023 तिमाही में यह 9,122 करोड़ रुपये था। कंपनी की मूल शुद्ध ब्याज आमदनी 8.1 प्रतिशत बढ़कर 19,093 करोड़ रुपये रही। इसमें कर्ज में 16.8 प्रतिशत वृद्धि और शुद्ध ब्याज मार्जिन 4.90 प्रतिशत से घटकर 4.40 प्रतिशत रह गया। पूरे पिछले वित्त वर्ष के लिए बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 40,888 करोड़ रहा, जो 2022-23 में 31,896 करोड़ रुपये था। बैंक की गैर-ब्याज आय 15.7 प्रतिशत बढ़कर 5,930 करोड़ हो गई। बैंक का प्रावधान मार्च तिमाही में आधे से ज्यादा घटकर 718 करोड़ रुपये रह गया। भारी प्रतिस्पर्धा के बीच बैंक की जमा में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई। असुरक्षित कर्ज पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चिंता जताने के कुछ महीनों बाद आईसीआईसीआई बैंक के कार्यकारी निदेशक संदीप बत्रा ने कहा कि इसने व्यक्तिगत ऋण वृद्धि को घटाकर 32.5 प्रतिशत कर दिया, जो पहले 37 प्रतिशत था, जबकि क्रेडिट कार्ड बकाया में वृद्धि 35.6 प्रतिशत रही।

# मैकगुर्क की पारी ने दिल्ली को दिलाई जीत

## मुंबई इंडियंस को 10 रनों से हराया, जैक ने खेली 84 रनों की पारी, अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर 15 गेंद में बनाया अर्धशतक

नई दिल्ली, एजेंसी

जैक फ्रेसर मैकगुर्क की 27 गेंद में 84 रन की आतिशी पारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में 10 रन से हराकर प्लेआफ की दौड़ के लिए दावा मजबूत कर लिया।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई दिल्ली ने चार विकेट पर 257 रन बनाए जिसमें मैकगुर्क के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 गेंद में नाबाद 48 रन जड़े । जवाब में पांच बार की चैंपियन मुंबई टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन ही बना सकी। पिछले पांच मैचो में चौथी जीत के बाद दिल्ली अंकतालिका में दस मैचों में दस अंक के साथ पांचवें स्थान पर है जबकि मुंबई इंडियंस नौ मैचों में छह अंक लेकर नौवें स्थान पर है।

दिल्ली को ऑस्ट्रेलिया के 22 वर्ष के बल्लेबाज मैकगुर्क ने बेहतरीन शुरूआत दी और पहले विकेट के लिए अभिषेक पोरेल के साथ 44 गेंद में 114 रन जोड़े। उन्होंने आईपीएल में इस सत्र में सबसे तेज अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए सिर्फ 15 गेंद में पचासा जड़ा। मैकगुर्क 27 गेंद में 11 चौकों और छह छक्कों की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए सिर्फ 25 गेंद में नाबाद 48 रन बनाए जिसमें ल्यूक वुड को 18वें ओवर में जड़े पांच चौके और एक छक्का शामिल था ।






बल्लेबाजी के दौरान ऋषभ पंत से बात करते मैकगुर्क। मुंबई को 10 रनों से हराने के बाद जीत की खुशी मनाते दिल्ली के खिलाड़ी। ● एजेंसी

मुंबई की शुरूआत दिल्ली की तरह आक्रामक नहीं रही। ईशान किशन ने दूसरे ओवर में खलील अहमद को तीन चौके जड़कर हाथ खोलने शुरू किये थे लेकिन चौथे ओवर में ही मुंबई को रोहित शर्मा के विकेट के रूप में करारा झटका लगा । आठ गेंद में आठ रन बनाकर रोहित को खलील ने शाई होप के हाथों लपकवाया । अगले ओवर में सूर्यकुमार यादव ने मुकेश कुमार को दो चौके लगाये लेकिन ईशान (14 गेंद में 20 रन) इसी ओवर में अक्षर पटेल को कैच दे बैठे। खलील के अगले ओवर में छक्का और चौका जड़ने वाले सूर्य अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और 13 गेंद में 26 रन बनाकर लिजाड विलियम्स को कैच देकर लौटे।

मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने जरूर कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये लेकिन जब टीम को उनसे कप्तानी पारी की जरूरत थी, वह क्रीज पर जमने के बाद अपना विकेट गंवा बैठे। इंपैक्ट खिलाड़ी रसिख सलाम ने 13वें ओवर में मुंबई को दोहरे झटके देकर उसकी उम्मीदों पर लगभग पानी फेर दिया। पहले हार्दिक (24 गेंद में 46 रन, चार चौके, तीन छक्के) ने प्वाइंट पर मुकेश को कैच दिया और फिर निहाल वढेरा ने विकेट के पीछे पंत को कैच थमाया। इस समय मुंबई को 43 गेंद में 118 रन की जरूरत थी और उसके पांच विकेट की बाकी थे। तिलक वर्मा ने अकेले किला लड़ाते हुए 32 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। वह आखिरी ओवर में रन आउट हुए। दिल्ली के लिये रसिख ने चार ओवर में 34 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मुकेश को भी तीन और खलील को दो विकेट मिले ।

**114** रन दिल्ली के सलामी बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और अभिषेक पोरेल ने पहले विकेट के लिए बनाए महज 44 गेंद में।

**दिल्ली 257/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक मैकगुर्क का नबी बो चावला | 84 | 27 | 11/6 |
| अभिषेक पोरेल का ईशान बो नबी | 36 | 27 | 3/1 |
| शाई होप का वर्मा बो वुड | 41 | 17 | 0/5 |
| ऋषभ पंत का रोहित बो बुमराह | 29 | 19 | 2/2 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 48 | 25 | 6/2 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 11 | 6 | 0/1 |

गेंदबाजी : वुड 4-0-68-1, बुमराह 4-0-35-1, तुषारा 4-0-56-0, चावला 4-0-36-1, पंड्या 2-0-41-0, नबी 2-0-20-1

**मुंबई 247/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 17

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ईशान किशन का अक्षर बो मुकेश | 20 | 14 | 4/0 |
| रोहित शर्मा का होप बो खलील | 8 | 8 | 1/0 |
| सूर्यकुमार का विलियम्स बो खलील | 26 | 13 | 3/2 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 63 | 32 | 4/4 |
| हार्दिक पंड्या का मुकेश बो सलाम | 46 | 24 | 4/3 |
| नेहान वढ़ेरा का पंत बो सलाम | 4 | 2 | 1/0 |
| टिम डेविड पगबाधा मुकेश | 37 | 17 | 2/3 |
| मोहम्मद नबी का होप बो सलाम | 7 | 4 | 0/1 |
| पीयूष चावला का होप बो मुकेश | 10 | 4 | 1/1 |
| ल्यूक वुड नाबाद | 9 | 3 | 0/1 |

गेंदबाजी : विलियम्स 3-0-34-0, खलील 4-0-45-2, मुकेश 4-0-59-3, कुलदीप 3-0-47-0, अक्षर 2-0-24-0, सलाम 4-0-34-3

## आज का मुकाबला

गुजरात टाइटन्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु — दोपहर 3:30 बजे

चेन्नई सुपर किंग्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद — शाम 7:30 बजे

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 09 | 430 |
| ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल) | 10 | 371 |
| सुनील नारायण (केकेआर) | 08 | 357 |

## खेल डायरी

### सेंथिलकुमार बैच ओपन स्क्वाश के सेमीफाइनल में



नई दिल्ली। राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिलकुमार ने पेरिस में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को हराकर बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीय और विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने शुक्रवार रात 12,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पांचवें वरीय चेक गणराज्य के खिलाड़ी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हरा दिया। अब सेमीफाइनल में उनकी भिड़ंत हांगकांग के एंडीज लिंग से होगी। वहीं अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में एक अन्य पीएसए चैलेंजर टूर टूर्नामेंट एक्सप्रेशन सेंट जेम्स ओपन के क्वार्टरफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय आकांक्षा सालुंखे यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त अलीना बुशमा से 29 मिनट में 7-11, 7-11, 8-11 से हार गईं।

### शीर्ष एथलीटों से कम नहीं भारतीय एथलीट

बेंगलुरु। भारतीय के शीर्ष गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर का मानना है कि तोक्यो ओलंपिक में विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक से भारतीय खिलाड़ियों का विश्वास बढ़ा है और वे खुद को शीर्ष वैश्विक एथलीटों से कम नहीं समझते हैं। दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता तूर ने कहा कि चोपड़ा की उपलब्धि के बाद मानसिकता में आए बदलाव ने भारतीय एथलीटों को विश्वास दिलाया है कि वे पेरिस ओलंपिक में सिर्फ भाग लेने के लिए नहीं बल्कि जीतने के लक्ष्य के साथ जा रहे हैं। तूर ने शनिवार को यहां 'टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु' की पूर्व संध्या पर कहा, तोक्यो ओलंपिक खेलों में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है।



### ओलंपिक क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर माहेश्वरी

नई दिल्ली। भारत की माहेश्वरी चौहान दोहा में शॉटगन निशानेबाजों के लिए आईएसएसएफ ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की स्कीट प्रतियोगिता में शनिवार को 25 के दो शानदार दौर के बाद शीर्ष पर है। शीर्ष छह निशानेबाज रविवार को फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। अभी एक और दौर का क्वालीफिकेशन बाकी है। इस आयोजन से भारतीय निशानेबाजों के पास पेरिस ओलंपिक का दो कोटा हासिल करने का मौका है।

### मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते आर्यन और जितेश

अस्ताना (कजाकिस्तान)। आर्यन (51 किग्रा) और जितेश (54 किग्रा) ने शनिवार को यहां एएसबीसी एशियन अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में अपने मुकाबले जीतकर पहले दिन भारत को जीत से शुरुआत कराई। आर्यन ने दक्षिण कोरिया के जो ह्योन वू को और जितेश ने चीनी ताइपे के चेन यू चेन को 5-0 के समान अंतर से हराया। अन्य मुक्केबाज जतिन (57 किग्रा), सागर जाखड़ (60 किग्रा) और यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) बाद में रिंग में उतरेंगे। जदुमणि सिंह एम (51 किग्रा), आकाश गोरखा (60 किग्रा), अजय कुमार (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) रविवार को अंडर-22 वर्ग में अपना अभियान शुरू करेंगे। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किग्रा) मंगलवार को महिलाओं के अंडर-22 वर्ग में उज्बेकिस्तान की उक्तामोवा निगिना के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। प्रीति ने पहले ही पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की कर ली है।

### आदर्श और मानसी बने ट्रायथलॉन चैंपियन

नई दिल्ली। भारतीय एथलीट आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल (01:02:03) और मानसी मोहिते (01:07.53) शनिवार को नेपाल के पोखारा में एशियाई ट्रायथलॉन में क्रमश: पुरुष और महिला चैंपियन बने। कौशिक विनायक मलंदकर (01:03:26) क्षेत्रीय चैम्पियनशिप में हमवतन सिनिमोल के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वहीं साई लोहिताक्ष केडी (01:07:20) और कृषिव पटेल (01:07:23) दक्षिण एशियाई पुरुष जूनियर वर्ग में शीर्ष दो स्थान हासिल करने में सफल रहे।

### भारतीय स्पिनर नहीं करा रहे स्पिन : मुरलीधरन

चेन्नई। श्रीलंका के दिग्गज गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन का मानना है कि भारत के युवा स्पिनर बड़े शॉट को रोकने की कोशिश में गेंद को स्पिन करने की कला से दूर हो रहे हैं। टेस्ट में 800 विकेट लेने वाले मुरलीधरन इंडियन प्रीमियर लीग टी20 में सनराइजर्स हैदराबाद के रणनीतिक कोच है। मुरलीधरन ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा भारत में समस्या यह है कि अधिकांश स्पिनर गेंद को स्पिन नहीं कर रहे हैं क्योंकि वे थोड़ी तेज गेंदबाजी कर रहे हैं।

# शंघाई में भारतीय तीरंदाजों का जलवा, चार स्वर्ण पदक जीते

शंघाई, एजेंसी

एशियन गेम्स की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम के नेतृत्व में भारतीय तीरंदाजों ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप 2024 में कंपाउंड स्पर्धाओं में दांव पर लगे पांच स्वर्ण पदकों में से चार पदक अपने नाम किए। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति सुरेखा वेन्नम ने फाइनल में जगह बनाई और शूट-ऑफ में 2023 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को हराकर महिला कंपाउंड तीरंदाजी में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। पांच सेटों की समाप्ति के बाद स्कोर 146 की बराबरी पर रहा।



इस स्वर्ण पदक के साथ, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने अक्टूबर में मैक्सिको के त्लाक्सकाला में होने वाले तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

इस बीच, मौजूदा विश्व चैंपियन अदिति गोपीचंद स्वामी क्वार्टर-फाइनल में एंड्रिया बेसेरा से 144-142 से हार गईं। अवनीत कौर क्वार्टर-फाइनल में ज्योति के खिलाफ 143-142 से हार गईं, जबकि परनीत कौर तीसरे दौर में बाहर हो गईं। पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड में, प्रियांश को ऑस्ट्रिया के 2021 विश्व चैंपियन निको वीनर से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जिन्होंने 150 का परफेक्ट स्कोर बनाया, जबकि प्रियांश 147 का स्कोर बनाने में सफल रहे।

# यानिक सिनर और इगा स्वियातेक मैड्रिड ओपन प्री-क्वार्टर में पहुंचे



मैड्रिड। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर और इगा स्वियातेक शनिवार को अपने-अपने मैच जीतकर मैड्रिड मास्टर्स टेनिस के अगले दौर में पहुंचे। महिला एकल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी स्वियातेक ने सोराना क्रिस्टिया को 6-1, 6-1 से हराकर आसानी से अंतिम-16 में अपनी जगह बना ली। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए पोलैंड की यह खिलाड़ी सोमवार को विक्टोरिया अजारेंका या सारा सोरिब्स टोर्मो से भिड़ेंगी। पांचवीं वरीयता प्राप्त मारिया सककारी ने स्लोआने स्टीफंस को 6-1, 6-3 से हराकर अमेरिका की खिलाड़ी की सात मैचों के अजेय क्रम को रोक दिया। पुरुष वर्ग में सिनर ने इटली के हमवतन लोरेंजो सोनेगो को 6-0, 6-3 ये हराया। लोरेंजो के खिलाफ सिनर की यह पांच मैचों में पांचवीं जीत है। ब्राजील के क्वालीफायर थियागो मोंटेइरो ने दूसरे दौर में सातवीं रैंकिंग के खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास को 6-4, 6-4 से हराया। इस मुकाबले से पहले क्ले कोर्ट पर पिछले 11 में से 10 मैच जीतने वाले सितसिपास रैंकिंग में 118वें स्थान पर काबिज मोंटेइरो की चुनौती पार नहीं पा सके।

# लखनऊ ने दिया राजस्थान 196 का लक्ष्य



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट खेलते लखनऊ के कप्तान केएल राहुल। ● एजेंसी

**लखनऊ 196/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक बो बोल्ट | 8 | 3 | 2/0 |
| लोकेश राहुल का बोल्ट बो आवेश | 76 | 48 | 8/2 |
| मार्कस स्टोइनिस बो संदीप | 0 | 4 | 0/0 |
| दीपक हुड्डा का पोवेल बो अश्विन | 50 | 31 | 7/0 |
| निकोल्स पूरन का बोल्ट बो संदीप | 11 | 11 | 1/0 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 18 | 13 | 1/0 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 15 | 11 | 1/0 |

गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-41-1, संदीप 4-0-31-2, आवेश 4-0-42-1, अश्विन 4-0-39-1, चहल 4-0-41-0

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.972 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.276 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |

लखनऊ, एजेंसी

लोकेश राहुल और दीपक हुड्डा की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच 62 गेंद में 115 रन की साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पांच विकेट पर 196 रन बनाए। राहुल ने 48 गेंद में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 76 रन बनाये तो वहीं हुड्डा ने 31 गेंद में सात चौके की मदद से 50 रन बनाए। दोनों ने 11 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम की शानदार वापसी करवाई।

राजस्थान के लिए संदीप शर्मा ने 31 रन पर दो विकेट लिये जबकि ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान और रविचंद्रन अश्विन को एक-एक सफलता मिली। बोल्ट ने शुरुआती दो गेंद में चौके खाने के बाद तीसरी गेंद पर क्विंटन डिकॉक (आठ) की पारी को खत्म किया। संदीप शर्मा ने पिछले मैच के शतकवीर मार्कस स्टोइनिस बोल्ड कर टीम को बड़ी सफलता दिलायी।

शुरुआत में थोड़ी धीमी गति से खेलने वाले राहुल और हुड्डा ने पावर प्ले के बाद बड़े शॉट खेलने शुरू किये। राहुल को हालांकि किस्मत का साथ मिला जब संदीप की गेंद उनके बल्ले में लगने बाद बेहद मामूली अंतर से स्टंप्स से टकराने से बचती हुई छह रनों के लिए चली गयी। एलएसजी ने आठवें ओवर से गति पकड़ी जब राहुल ने आवेश के खिलाफ दो छक्के जड़कर 21 रन बटोरे।

हुड्डा ने 11वें ओवर में गेंदबाजी के लिए दोबारा आये बोल्ट के खिलाफ 18 रन बटोर कर मौजूदा सत्र का अपना पहला पचासा पूरा किया।

अश्विन ने रोवमन पोवेल के हाथों हुड्डा को आउट कर इस शानदार साझेदारी को तोड़ा। अश्विन का यह मौजूदा आईपीएल में सिर्फ दूसरा विकेट है। हुड्डा के आउट होने के बाद राजस्थान के गेंदबाजों ने रनों पर अंकुश लगाना शुरू किया और इसका फायदा संदीप ने खतरनाकर निकोल्स पूरन (11) को आउट कर उठाया। पूरन संदीप की बाउंसर को डीप बैकवर्ड लेग पर बोल्ट के हाथों में खेल गये। राहुल भी इसी अंदाज में आवेश का शिकार बने। आयुष बडोनी (नाबाद 18) कृणाल पंड्या (नाबाद 15) तेजी से रन जुटाने में नाकाम रहे जिससे राजस्थान ने एलएसजी को 200 रन के अंदर रोक दिया।

# हम्पी, हरिका और वैशाली करेंगी फिडे महिला ग्रां प्री में नेतृत्व

नई दिल्ली, एजेंसी

ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी, हरिका द्रोणावल्ली और आर वैशाली की तिकड़ी 2024-2025 फिडे महिला ग्रां प्री सीरीज में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगी। इसमें भाग लेने वाली सभी 14 खिलाड़ियों ने क्वालीफाइंग शर्तों को पूरा करने के बाद महिला ग्रां प्री में अपने स्थान अर्जित किये हैं। शेष छह खिलाड़ियों को प्रत्येक छह टूर्नामेंट के आयोजकों द्वारा नामांकित किया जाएगा।



इस आयोजन में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में क्लासिकल टाइम फॉर्मेट की तीन महिला विश्व चैंपियन तान झांग्ये (2017-2018), एलेक्जेंड्रा कोस्टेनीयुक (2008-2010) और मारिया मुजिकचुक (2015-2016) के साथ पूर्व रैपिड विश्व चैंपियन हम्पी, कैटरीना लैग्नो और अन्ना मुजिकुक भी शामिल हैं। मौजूदा चैंपियन जू वेनजुन ग्रां प्री सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगी। उनकी जगह महिला विश्व रैपिड और महिला विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप 2018 उप विजेता सरसादत खदेमलशरीह को मिली है। वह अप्रैल 2024 फिडे रेटिंग सूची के अनुसार क्वालिफिकेशन हासिल करने की कतार में अगली खिलाड़ी थीं। अक्टूबर 2023 में, फिडे ने महिला ग्रां प्री नियमों में बदलाव की घोषणा की।

**बराबरी की टक्कर** — पिछला मैच जीतने के बाद गुजरात को मात देना चाहेगा बेंगलुरु, लगातार दो मैच में हार चुकी है चेन्नई

# आरसीबी के खिलाफ गुजरात की निगाह सुधार पर

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटन्स को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार की जरूरत है और रविवार को यहां होने वाले मैच में उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मध्यक्रम की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा। गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। अगर उसे चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स से आगे पहुंचना है तो उसे जीत हासिल करनी होगी। इन दोनों टीम के भी आठ अंक हैं।

गुजरात जायंट्स को अपने तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन में सुधार की दरकार है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है। मोहित शर्मा (10 विकेट), उमेश यादव (7 विकेट), संदीप वारियर (5 विकेट) ने काफी रन लुटाए हैं जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे बैकअप तेज गेंदबाज भी ज्यादा आत्मविश्वास से गेंदबाजी नहीं कर पाए हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) और मयंक मार्कंडेय (सनराइजर्स ) का सामना करते हुए शानदार अर्धशतक जड़े। वहीं सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और फाफ डु प्लेसी लगभग हर मैच में रन जुटाने की जिम्मेदारी अच्छी तरह निभा रहे हैं। गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाज भी आरसीबी से प्रेरणा लेना चाहेंगे। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने इस आईपीएल में 300 से अधिक रन बनाए हैं, लेकिन गुजरात टाइटन्स का मध्यक्रम उनकी तरह खेलने में सक्षम नहीं रहा है।




### सनराइजर्स से जीतने को बेताब है सीएसके

चेन्नई। लगातार हार का सामना करने वाली गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है। सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में हारते हुए देखना बहुत ही विरले होता है लेकिन मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं। इसलिए सीएसके अपनी लय में वापसी के लिए बेताब होगी क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ तेज हो जाएगी। सीएसके रविवार को तीसरे नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसने इस सत्र में दो बार आईपीएल के उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है, लेकिन पिछले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान गायकवाड़ और फॉर्म में चल रहे शिवम दुबे के इर्द गिर्द घूमती है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### फिलिस्तीन का समर्थन तेज, एक दर्जन अमेरिकी विवि में प्रदर्शन

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इजराइल विरोधी आंदोलन तेज होते जा रहे हैं। यह प्रदर्शन अब तक अमेरिका की 12 से ज्यादा यूनिवर्सिटी में फैल चुका है। इसमें 543 से ज्यादा छात्रों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लॉस एंजिलिस पुलिस डिपार्टमेंट ने यूनिवर्सिटी ऑफ कैरोलिना में प्रदर्शन कर रहे 93 लोगों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए यूनिवर्सिटी ने अपनी ग्रेजुएशन सेरेमनी को रद्द कर दिया है। इमोरी, ओहियो स्टेट, मिनेसोया और कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी में भी प्रदर्शन जारी हैं

### नगालैंड में व्यापारिक प्रतिष्ठानें अनिश्चितकालीन तक बंद रहेंगी

**कोहिमा।** नगालैंड में भूमिगत समूह की ओर से जबरन वसूली किए जाने के विरोध में व्यापारिक प्रतिष्ठानों का अनिश्चितकालीन बंद शनिवार को शुरू हो गया, जिसके कारण बाजार और निजी कार्यालय बंद रहे। सबसे पहले शुक्रवार को राज्य की वाणिज्यिक राजधानी दीमापुर में व्यापारिक प्रतिष्ठानों का बंद शुरू हुआ था, जिसके बाद 'कन्फेडरेशन ऑफ नगालैंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (सीएनसीसीआई) के आह्वान पर अन्य जिले भी इसमें शामिल हो गए। सीएनसीआई ने कहा कि बैंक, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों को इस बंद के दायरे से बाहर रखा गया है।

### चीन ने पाकिस्तान के लिए निर्मित हैंगर श्रेणी की पनडुब्बी की लांच

**इस्लामाबाद।** चीन ने पाकिस्तान को अत्याधुनिक युद्धपोत उपलब्ध कराने के लिए आठ हैंगर श्रेणी की पनडुब्बियों में से पहली लांच की है। वुचांग शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री ग्रुप (डब्ल्यूएसआइजी) शुआंगलिउ बेस पर शुक्रवार को आयोजित लांच समारोह में पाकिस्तान नौसेना प्रमुख एडमिरल नवीद अशरफ ने भाग लिया। डब्ल्यूएसआइजी द्वारा किया जाना है, जबकि शेष चार का निर्माण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) समझौते के तहत केएस एंड ईडब्ल्यू (कराची शिपयार्ड एंड इंजीनियरिंग वर्क्स) में किया जा रहा है। उन्नत तकनीक से लैस इन पनडुब्बियों को खतरनाक वातावरण में संचालित करने के लिए अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से सुसज्जित किया जाना है।

### रूस ने यूक्रेन के चार ताप विद्युत संयत्र पर किया मिसाइल हमला

**कीव।** रूस ने रात भर यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके के चार ताप विद्युत संयंत्र (टीपीपी) पर मिसाइल हमले किए। कंपनी के अनुसार रूसी हवाई हमलों से टीपीपी में विद्युत उपकरणों को काफी क्षति पहुंची है। ऊर्जा मंत्रालय ने टेलीग्राम पोस्ट में जानकारी दी है कि, रूस ने यूक्रेन के पश्चिमी ल्वीव और इवानो-फ्रैंकिव्स्क क्षेत्रों और सेंट्रल निप्रॉपेट्रोव्स्क क्षेत्र में हमल कर ऊर्जा बुनियादी ढांचे की सुविधाएं को नुकसान पहुंचाया है। कंपनी ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि रूसी हमलों के कारण डीटीईके की 80 प्रतिशत उत्पादन क्षमता खत्म हो गई है।

## लंबे छक्के मारने के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को सैनिक प्रशिक्षण केंद्र भेजा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में फौज को हर मर्ज की दवा माना जाता है। पड़ोसी देश के क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने सुपर लीग के दौरान खिलाड़ियों को लंबे छक्के नहीं मार पाने पर फटकार लगाई। ड्रेसिंग रूम में उन्होंने खिलाड़ियों को कहा, 'मैं आप लोगों की फिटनेस दुरुस्त करूंगा। इसके बाद नकवी ने सुपर लीग खत्म होते ही क्रिकेटरों को काकुल की पाकिस्तान मिलिट्री एकेडमी में 14 दिन की ट्रेनिंग के लिए भेज दिया। ट्रेनिंग में खिलाड़ियों ने पहाड़ों की चढ़ाई और पत्थरों को उठाया। इससे पाकिस्तान के स्टार बैटर मोहम्मद रिजवान, इरफान नियाजी व आजम खान चोटिल हो गए। जिससे रिजवान व इरफान को न्यूजीलैंड सीरीज अधूरी छोड़नी पड़ी। जबकि आजम कोई मैच ही नहीं खेल पाए। इन तीनों के 2 जून से होने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से आयरलैंड व इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज खेलने पर भी सवाल खड़ा हो गया है। ट्रेनिंग में क्रिकेटरों को फिजिकल हर्डल, बर्मा ब्रिज कराई गई। खिलाड़ियों को एक-दूसरे की पीठ पर लादकर दौड़ाया गया। जैसा कि युद्ध में फौजी चोटिल साथी को पीठ पर लादकर ले जाते हैं।



## क्या है ईवीएम... भारत में सबसे पहले कहां हुआ इस्तेमाल, आइए जानें

*लोकसभा और प्रदेश विधानसभा चुनावों में ईवीएम के उपयोग से मतदान से लेकर मतगणना तक चीजें आसान हो गई हैं। इतना ही नहीं, ईवीएम ने चुनाव करवाने का खर्च भी बहुत हद तक कम कर दिया है। हमारे देश में सालोंभर कहीं ना कहीं चुनाव होते ही रहते हैं, इस कारण भी ईवीएम का महत्व काफी बढ़ गया है। अभी हमारे देश में ईवीएम के दूसरे संस्करण का उपयोग हो रहा है जिसकी क्षमता पहले संस्करण के मुकाबले काफी ज्यादा है। आइए जानते हैं ईवीएम के बारे में महत्वपूर्ण सवालों के जवाब...*

### एक मशीन में होती हैं दो इकाइयां

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) वोट रिकॉर्ड करने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है। एक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में दो इकाइयां होती हैं- एक नियंत्रण इकाई और दूसरी मतदान इकाई जो पांच मीटर की केबल से जुड़ी होती है। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी के पास रखा जाता है जबकि वोटिंग यूनिट को वोटिंग कंपार्टमेंट के अंदर रखा जाता है।

### क्या है वीवीपैट



वीवीपैट एक तरह की मशीन होती है, जिसे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के साथ जोड़ा जाता है। इस व्यवस्था के तहत मतदाता द्वारा वोट डालने के तुरंत बाद कागज की एक पर्ची बनती है। इस पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया गया है, उनका नाम और चुनाव चिह्न छपा होता है। यह व्यवस्था इसलिए है ताकि किसी तरह का विवाद होने पर ईवीएम में पड़े वोटों के साथ पर्ची का मिलान किया जा सके। ईवीएम में लगे शीशे के एक स्क्रीन पर यह पर्ची सात सेकेंड तक दिखाई देती है। इसे डिजायन करने का श्रेय भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने को जाता है। जिन्होंने साल 2013 में इसे तैयार किया था।



### ईवीएम में कितने उम्मीदवारों के नाम हो सकते हैं रिकॉर्ड

वर्ष 2006 से 2010 तक एम 2 ईवीएम उपयोग किए जाते थे। उस ईवीएम में नोटा सहित अधिकतम 64 उम्मीदवारों के नाम डाले जा सकते थे। एक बैलेटिंग यूनिट में 16 उम्मीदवारों के नाम डाले जाने की सीमा है। यदि उम्मीदवारों की कुल संख्या 16 से अधिक है, तो एक बैलॉटिंग यूनिट जोड़ दिया जाता था। इस तरह एम 2 ईवीएम में अधिकतम 4 बैलॉटिंग यूनिट जोड़कर ज्यादा से ज्यादा 64 उम्मीदवारों के नाम दर्ज किए जा सकते थे। हालांकि, वर्ष 2013 से एम 3 ईवीएम का उपयोग होने लगा जिसमें चार की जगह अधिकतम 24 बैलॉटिंग यूनिट जोड़े जा सकते हैं। यानी अब 384 उम्मीदवारों तक के नाम दर्ज किए जा सकते हैं।

### इस्तेमाल कब और कहां हुआ था

भारत में ईवीएम का उपयोग पहली बार वर्ष 1982 में केरल के (70) परूर विधानसभा क्षेत्र में किया गया था। निर्वाचन आयोग द्वारा उपयोग की जा रही एक ईवीएम अधिकतम 2,000 वोट रिकॉर्ड कर सकती है।


**क्या है खासियत-** यदि कोई शख्स चुनाव के दौरान वीवीपैट की पर्ची में अपने द्वारा किसी अलग उम्मीदवार का नाम आने की बात करता है, तो चुनाव अधिकारी उस मतादाता से पहले एक हलफनामा भरवाते हैं। इसके तहत मतदाता को बताया जाता है कि सूचना के गलत होने उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने का प्रावधान है।

### सऊदी-चीन की शर्तों के आगे झुकी सत्ता, इमरान की सेना को दो टूक

## पाकिस्तान को गुलाम बनाने वालों से समझौता नहीं... जेल में ही रहूंगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर देश की सेना और सरकार पर निशाना साधा। साथ ही उन अटकलों को दूर कर दिया, जिसमें कहा जा रहा था कि वह मौजूदा हालातों को सुधारने के लिए सत्ताधारियों से बात करने को तैयार हैं। खान ने देश को गुलाम बनाने वालों के साथ समझौता करने से इनकार करते हुए कहा कि वह नौ साल और जेल में रहने के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके साथ कभी कोई समझौता नहीं करेंगे।



पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 28वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जारी एक संदेश में खान ने कहा कि देश पर सबसे खराब तानाशाही थोपी गई है जो अर्थव्यवस्था, सरकारी शासन, लोकतंत्र और न्यायपालिका की बर्बादी का आधार बन रही है। उन्होंने देश को बर्बादी की ओर बढ़ने से रोकने में हर व्यक्ति से अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह मेरा राष्ट्र के लिए संदेश है कि मैं देश की वास्तविक स्वतंत्रतता के लिए कोई भी बलिदान दूंगा, लेकिन कभी भी अपने या अपने देश की स्वतंत्रता से समझौता नहीं करूंगा। गौरतलब है, अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव में सत्ता से हटने के बाद से, 71 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने को कम से कम चार मामलों में दोषी ठहराया गया है।

### जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान से सुलह चाहती है सेना

पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान से अब पाकिस्तानी सेना सुलह चाहती है क्योंकि चीन और सऊदी अरब निवेश के लिए सियासी शांति का माहौल तैयार करने की शर्त रख दी है। हाल में सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद ने पाक यात्रा के दौरान कहा कि देश राजनीतिक तनाव खत्म कर निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाए। पिछले साल चीनी विदेश मंत्री ने भी तत्कालीन पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर से राजनीतिक अनिश्चितता को खत्म करने के लिए कहा था। इसी बीच, पाकिस्तान ने सऊदी अरब को आश्वासन दिया है कि निकट भविष्य में राजनीतिक माहौल में सुधार होगा क्योंकि सेना और इमरान के बीच बातचीत चल रही है। सेना और इमरान के बीच जेल में सीक्रेट मीटिंगों का दौर चल रहा है।

### मई के दंगों की जिम्मेदारी लें इमरान

जेल में मीटिंग के दौरान पाकिस्तानी सेना की तरफ से इमरान से कहा गया कि या तो वह 9 मई के दंगों की जिम्मेदारी लें या कड़ी कार्रवाई का सामना करें। इमरान ने जिम्मेदारी लेने से इनकार करने के साथ-साथ अदियाला जेल में मीडिया से बात करते हुए अपनी पत्नी बुशरा बीबी को कथित तौर पर जहर देने के लिए जनरल असीम मुनीर को जिम्मेदार ठहरा दिया।

### अब्बासी कर रहे हैं मध्यस्थता

इमरान और सेना के बीच सुलह के लिए दो तटस्थ राजनेता और एक से. लेफ्टिनेंट जनरल मध्यस्थता कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक नवाज के करीबी रहे शाहिद खाकन अब्बासी मध्यस्थता कर रहे हैं। मरियम को पीएमएलएन का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाने के बाद अब्बासी ने पार्टी छोड़ दी और आम चुनाव नहीं लड़ा था।



## अमेरिका में भीषण तूफान से इमारतें ढहीं

**ओमाहा (अमेरिका)।** मध्यपश्चिमी अमेरिका में शुक्रवार को भीषण तूफान ने जमकर कहर बरपाया जिससे नेब्रास्का राज्य के ओमाहा में कई इमारतें ढह गई जिसके मलबे में कई लोग दब गए हैं और सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त हो गए। दबे लोगों की तलाशी अभियान चलाया है। तूफान से शुक्रवार रात तक कई लोगों के घायल और अधिक जनमाल का नुकसान हुआ है। प्राधिकारियों ने बताया कि इमारत के मलबे में कई लोग फंस गए लेकिन सभी को बचा लिया गया और उन्हें जानलेवा चोटें नहीं आयी हैं। कई हिस्सों में तूफान की चेतावनी जारी की है।


## आंतरिक कलह के बाद नवाज संभालेंगे पार्टी की कमान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ अगले महीने से सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की कमान फिर से संभालने के लिए तैयार हैं।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोग्य ठहराए जाने के सात साल बाद उन्होंने अपना पद छोड़ा था। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि 11 मई को पार्टी की बैठक में 74 वर्षीय नवाज शरीफ को पीएमएल-एन का अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा। पार्टी में जारी आंतरिक तनाव को देखते हुए नवाज शरीफ को फिर एक बार पार्टी का अध्यक्ष बनाने का फैसला लिया गया। 2017 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री और पार्टी के अध्यक्ष के तौर पर अयोग्य घोषित कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने शरीफ पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को देखते हुए ही यह फैसला सुनाया था। पीएमएल-एन पंजाब के अध्यक्ष राणा सनाउल्लाह ने बताया कि शुक्रवार को पार्टी की बैठक में नवाज शरीफ को फिर से पार्टी का अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया था।



- आयोग्य ठहराए जाने के 7 साल बाद पूर्व पीएम ने छोड़ा था पद

### बर्फ से ढका गांव



**लाहौल :** हिमाचल प्रदेश में पहाड़ों ने एक बार फिर बर्फ की चादर ओढ़ ली है। पिछले कई दिनों से रुक-रुक कर बर्फबारी हो रही है, लेकिन क्रम जारी है। शनिवार को लाहौल स्पीति के कोकसर गांव ने बर्फ की सफेद चादर ओढ ली। जबकि घाटी के शिशु और अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल में अधिक बर्फबारी हुई। ● एजेंसी

## हादसे में 3 भारतीय महिलाओं की मौत

- गुजरात के आणंद जिले की रहने वाली थीं तीनों, घटना की जांच में जुटी अमेरिकी पुलिस

**न्यूयार्क, एजेंसी**

अमेरिका के साउथ कैरोलिना प्रांत में एक सड़क हादसे में तीन भारतीय महिलाओं की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि तेज रफ्तार कार नियंत्रण से बाहर हो गई। कार करीब 20 फीट हवा में उछलकर पेड़ों से टकरा गई। कार ड्राइवर घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दुर्घटना में मरने वाली तीनों महिलाएं गुजरात के आणंद जिले की रहने वाली थीं। उनकी पहचान रेखाबेन पटेल, संगीताबेन पटेल और मनीषाबेन पटेल के रूप में की गई। साउथ कैरोलिना हाईवे पेट्रोल के अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्घटना शुक्रवार दोपहर के समय हुई। तीनों महिलाएं भारतीय थीं, जो एसयूवी से तेज गति से जा रही थीं। एसयूवी इतनी तेज गति से चल रही थी कि चार लेन के ट्रैफिक को पार करके दूसरी ओर चली गई और लगभग 20 फीट ऊंचाई तक उछलकर पेड़ों से टकरा गई।



तीनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जांच चल रही है। हादसे के शिकार लोग जार्जिया में रहते थे। ग्रीनविल काउंटी कोरोनर कार्यालय के मुख्य उप कोरोनर माइक एलिस ने कहा, 'यह बात साफ है कि वे निर्धारित गति सीमा से ऊपर कार चला रहे थे। यह भी स्पष्ट लग रहा है कि इस सड़क दुर्घटना में कोई अन्य कार शामिल नहीं थी।

### पेड़ में फंसी मिली कार

ग्रीनविल काउंटी कोरोनर कार्यालय के मुख्य उप कोरोनर माइक एलिस ने बताया कि कार दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना पर साउथ कैरोलिना हाईवे पेट्रोलिंग, गंट फायर एंड रेस्क्यू और कई ग्रीनविले काउंटी ईएमएस इकाइयों सहित आपातकालीन सेवाएं तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। इस दौरान कार एक पेड़ में फंसी मिली, जो टुकड़ों में टूटी थी। दुर्घटना में बचे एक व्यक्ति को काफी चोटें आई हैं, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जंगली हाथी का आतंक, 2 वनरक्षक समेत 3 को कुचला

**तेजपुर।** असम के सोनितपुर जिले में शनिवार को एक जंगली हाथी के हमले में दो वनरक्षकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पश्चिम तेजपुर प्रभागीय वन अधिकारी निपेन कलिता ने कहा कि जब वनकर्मी इलाके में गश्त कर रहे थे, तब एक जंगली हाथी पास के ढेकियाजुली जंगल से भटककर धीराई माजुली गांव में घुस गया और तीन लोगों को कुचलकर मौके पर ही मार डाला, जबकि वन विभाग के एक अन्य कर्मचारी को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान वनरक्षक कोलेश्वर बोरो और बीरेन रावा और स्थानीय व्यक्ति की पहचान जतिन तांती के रूप में की गई है।

## रूस से भारत आ रहे तेल टैंकर पोत पर हूती विद्रोहियों का हमला

- लाल सागर में जहाज पर दागीं बैलिस्टिक मिसाइलें, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दी जानकारी

**काहिरा/लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

रूस से भारत के लिए निकले एक ब्रिटिश तेल टैंकर जहाज पर लाल सागर में यमन के हूती विद्राहियों ने बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला कर दिया। ईरान समर्थित उग्रवादी संगठन ने शनिवार को इसकी जिम्मेदारी ली। एंड्रोमेडा स्टार तेल टैंकर के मालिक ने जहाज के क्षतिग्रस्त होने की सूचना दी है। उक्त जहाज रूसी व्यापार में शामिल है, जो रूस के प्रिमोर्स्क से भारत के वाडिनार के लिए निकला था। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स हैंडल के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि एक मिसाइल दूसरे जहाज एमवी मैशा के पास गिरी, लेकिन उसे कोई नुकसान नहीं हुआ। बताया कि हूती विद्राहियों ने यमन से लाल सागर में तीन एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलें लॉन्च की थी, जिससे एंड्रोमेडा स्टार को हल्का नुकसान हुआ।

हूती प्रवक्ता याह्या सारेया ने कहा कि पनामा झंडा लगा एंड्रोमेडा स्टार ब्रिटिश स्वामित्व वाला था, लेकिन एलएसईजी डेटा और एंब्रे के अनुसार, शिपिंग डेटा से पता चलता है कि इसे हाल ही में बेचा गया था। इसका वर्तमान मालिक सेशेल्स-पंजीकृत है। जहाज पर हमला इजराइल, यूएस और ब्रिटेन से जुड़े जहाजों को निशाना बनाने के हूती विद्रोहियों के अभियान में रुकावट के बाद हुआ है।

**विज्ञान** नासा के वैज्ञानियों ने की घोषणा, वेधशाला बनाने को लेकर कई वर्षों से चल रही है तैयारी

## चांद पर बनेगी गुरुत्वाकर्षण तरंग वेधशाला

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** चंद्रमा हमारा एक ऐसा उपयोगी स्थान है, जहां से ब्रह्मांडीय अध्ययन पृथ्वी से अधिक कारगर साबित हो सकते हैं। जिसके चलते नासा चांद पर गुरुत्वाकर्षण तरंग वेधशाला स्थापित करने की तैयारी में जुटने लगा है। योजना सफल रही तो चांद पर वेधशालाओं का भविष्य होगा।

पृथ्वी पर खगोलीय अध्ययन की संभावनाएं दिनोंदिन कम होने लगी है। इसकी वजह प्रकाश प्रदूषण है। साथ ही पृथ्वी के भीतर होने वाली भूकंपीय हलचल के कारण गुरुत्वाकर्षण तरंग जैसी शक्तियों को यहां से पकड़ पाना आसान नही है। जिस कारण वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में वेधशालाएं स्थापित करनी पड़ रही है। मगर यह एक बेहद खर्चीली योजना होती है। जिस कारण चांद पर वेधशालाओं को स्थापित करना कुछ कम खर्चीला हो सकता है। चांद की धरती पर वेधशाला बनाने को लेकर वैज्ञानिकों के बीच मनन पिछले कई वर्षों से चल रहा है। इसकी बड़ी वजह मंगल ग्रह का मार्ग आसान करना है। साथ ही मंगल को अंतरिक्ष के सफर का केंद (डिपो) बनाना वैज्ञानिकों की योजना में शामिल है। अब लगता है कि इसकी शुरुआत गुरुत्वाकर्षण तरंग वेधशाला से हो सकती है। इस योजना को लेकर वैज्ञानिक उत्सुक हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रमा से गुरुत्वाकर्षण तरंग को आसानी डिटेक्ट करना, पृथ्वी की तुलना में अधिक आसान हैं। पृथ्वी की तुलना में चंद्रमा ठंडा है, बेहद शांत है और भूकंपीय रूप से शोरमुक्त है और हवा के दबाव से भी दूर है। जिस कारण चांद पर गुरुत्वाकर्षण लहर वेधशाला बनाये जाने की तैयारी चल रही है।



चन्द्रमा

### संभव है जल्द इस योजना को मूर्तरूप दिया जाएगा

महत्वकांक्षी इस योजना को नासा समेत कुछ अन्य देश अमली जामा पहनाएंगे। इस योजना को दृष्टि प्रदान करने वाला अमेरिकी लूनर ग्रेविटेशनल-वेव एंटीना (एलजीडब्ल्यूए) है। गुरुत्वाकर्षण शक्ति से हर कोई वाकिफ है। भविष्य में इस शक्ति का उपयोग मानव जीवन के लिए भी किया जा सकता है। इस संभावना को लेकर गुरुत्वाकर्षण वेब पर अध्ययन किए जा रहे हैं।


## बॉलीवुड हलचल

## फिल्म इंडस्ट्री में चलता है फेवरेटिज्म : परिणीति



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म वास्तविक हो भी सकता है और नहीं भी, लेकिन यहां फेवरेटिज्म जरूर चलता है। परिणीति ने नेपोटिज्म और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि लोग नेपोटिज्म की बात करते हैं लेकिन उन लोगों पर और ज्यादा दबाव होता है जिसका कोई इंडस्ट्री में होता है। उनकी वजह से आपको पहला मौका मिल जाता है लेकिन लोग स्टार का बच्चा सुपरस्टार की बहन कहते हैं। यदि आप काम अच्छा नहीं करेंगे तो दर्शक रिजेक्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि यदि मेरी बहन (प्रियंका चोपड़ा) उस दिन यशराज फिल्म्स में शूटिंग न कर रही होती, जिस दिन मैं वहां मार्केटिंग की नौकरी पाने के लिए गई थी, तो वह मुझे नहीं मिलती। मेरे घर से कोई एक्टर हैं, इसलिए मैं किसी फिल्म के सेट पर जा पाई, लेकिन बहन के स्टार होने से मुझे कोई फायदा नहीं हुआ, नहीं तो मेरी भी फिल्में चलती। दस सालों में मैंने बहुत बुरा वक्त देखा है।

## अक्षय की फिल्म खेल-खेल में 6 सितंबर को होगी रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में 06 सितंबर को रिलीज होगी। मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित ' खेल खेल में'' में अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, एमी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जयसवाल और फरदीन खान की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म 06 सितंबर 2024 को स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा और अजय राय द्वारा निर्मित, खेल खेल में, गुलशन कुमार, टी-सीरीज़ और वाकाऊ फिल्म्स और केकेएम फिल्म प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत है। यह फिल्म 06 सितंबर 2024 को देशभर में रिलीज होगी।